सुप्रभात
रांची, मंगलवार
26.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 163 12



भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा, राष्ट्र से बढ़ कर कुछ नहीं

12



## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति पीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** पूर्व पीएम भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती सोमवार को मनायी गयी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य गणमान्यों उन्हें श्रद्धांजलि दी। नई दिल्ली में अटल समाधि पर समारोह किया गया।

### मिठाई दुकान में गैस रिसाव से दो की मौत

**दुर्गापुर।** थाना अंतर्गत इस्पात नगर के विलियम कैरी स्थित मिठाई की दुकान गोदाम में सो रहे कारीगरों का दम घुटने से दो कारीगरों की मौत हो गयी। कुल आठ कारीगर अचेत पाये गये थे। छह की हालत नाजुक बतायी जा रही है।

### बेकाबू बस पुलिस चौकी में घुसी, तीन की मौत

**अजमेर।** नसीराबाद सदर थाना क्षेत्र में राजगढ़ धाम चौकी के पास करीब साढ़े तीन बजे पार्किंग से निकली प्राइवेट बस के ब्रेक फेल हो गये। इससे बस ढलान पर अनियंत्रित होकर पुलिस चौकी में जा घुसी। वहां बैठे तीन लोगों को कुचल दिया, जिससे तीनों की मौके हो गयी।

### बीजापुर: पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद

**बीजापुर।** गंगालूर थाना क्षेत्र के पालनार एवं चेरपाल के मध्य नक्सलियों ने सुरक्षाबल के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये गये दो आइइडी को जवानों ने बरामद कर नष्ट कर दिया है। बीच सड़क पर पांच-पांच किलो का दो आइइडी बम लगाया था।

### सहायक अध्यापक 28 से घेरेंगे मुख्यमंत्री आवास

**पलामू।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य इकाई के आह्वान पर सोमवार को मवि, सुदना में सहायक अध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में राज्य के सहायक अध्यापक आक्रोशित हैं। 28 से उन्होंने सीएम आवास घेरने की रणनीति पर चर्चा की गयी।

### गिरिडीह : सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**गिरिडीह।** मुफस्सिल थाना इलाके के पास गिरिडीह-डुमरी रोड पर चमरखो मोड़ पर सोमवार दोपहर को बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत गयी। मृतकों में एक का नाम उमेश भुइयां और दूसरा उसका साथी प्रवीण है। दोनों मृतक बोकारो के गोमिया के रहने वाले हैं। उमेश अपने साथी प्रवीण के साथ बाइक से गोमियां से गिरिडीह बहन के घर जा रहा था।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# क्रिसमस पर पीएम ने कहा- ईसा मसीह का संदेश मेरा पथप्रदर्शक

- देश हित में ईसाई समुदाय का योगदान भुलाया नहीं जा सकता

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता ना रहे। उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय के लोगों तक, विशेषकर गरीबों और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है। पीएम ने कहा कि कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था। ये मूल्य उनकी सरकार की विकास यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में काम कर रहे हैं। पीएम मोदी सोमवार को क्रिसमस के मौके पर अपने आधिकारिक आवास पर ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि क्रिसमस के इस अवसर पर मैं देश के क्रिश्चियन समुदाय के लिए एक बात जरूर कहूंगा। देश के लिए आपके योगदान को भारत गर्व से स्वीकार करता है। ईसाई समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। गुजरात के सीएम पद पर रहते हुए मैं ईसाई समुदाय और उनके नेताओं से अक्सर मिलता रहता था।

**इसाई समुदाय गरीबों की सेवा में :** पीएम मोदी ने कहा कि 'गरीब और वंचितों की सेवा के लिए ईसाई समुदाय हमेशा तत्पर रहता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भी पूरे भारत में ईसाई समुदाय के संस्थान बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं। उन्होंने इस संवाद के दौरान ईसाइयों के साथ अपने पुराने और गर्मजोशी भरे संबंधों को याद किया और कहा कि वे गरीबों और वंचितों की सेवा में हमेशा आगे रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

## रांची में क्रिसमस की धूम, गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना



रांची में क्रिसमस को लेकर शहर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय के लोग शामिल रहे। संत मरियम महागिरजाघर में प्रभु यीशु के जन्म काल के समय में ईसाई धर्म गुरुओं के द्वारा ईसाइयत रीति के अनुसार विशेष प्रार्थना धार्मिक अनुष्ठान के साथ जन्मोत्सव मनाया। रांची के तमाम गिरजाघर में भी रविवार देर शाम के बाद सोमवार सुबह में भी विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गयी। इस मौके को खास बनाने के लिए शहर के सभी गिरजाघरों को बेहद ही आकर्षक रूप में विद्युत सज्जा के माध्यम से सजाया गया। इसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशू का जन्मदिन बड़े ही उत्साह के साथ मनाया। एक दूसरे को बधाई दी। पुरुलिया रोड स्थित संत मेरी कैथेड्रल में सोमवार की सुबह छह बजे की आराधना के मुख्य अनुष्ठक फादर अजीत खेस थे। उन्होंने अपने उपदेश में प्रभु यीशु के जन्म निमित ईश्वर की योजना पर प्रकाश डाला।

# झारखंड के 10 समेत पटना जोन के 36 विद्यालयों की मान्यता रद्द

### कई शिकायत के बाद सीबीएसइ ने उठाया यह बड़ा कदम

**एजेंसी**



**पटना।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) की ओर से पटना जोन के 36 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी गयी है। इन 36 स्कूलों में 10 झारखंड के हैं तो वहीं 26 बिहार के हैं। बोर्ड ने लिस्ट को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। मान्यता रद्द करने के साथ ही छात्रों के अभिभावकों को बोर्ड की ओर से आगाह भी किया गया है यहां नामांकन न करायें। सीबीएसइ बोर्ड ने सोमवार को यह जानकारी दी है।

**क्यों रद्द की गयी मान्यता :** सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर इन 36 स्कूलों की मान्यता बोर्ड की ओर से क्यों रद्द की गयी। जानकारी के अनुसार इसके पीछे वजह जो सामने आयी है उसके अनुसार ये सारे स्कूल मोटी रकम वसूलते थे। ऐसे में इन पर कार्रवाई की गयी है। इतना ही नहीं बल्कि ये लोग स्कूलों को गलत तरीके से चलाते थे। नियमों का भी उल्लंघन किया जाता था। शिकायतों के बाद लगातार जांच की जा रही थी। इसके बाद अब बोर्ड ने कार्रवाई की।

**छात्र घबरायें नहीं, परीक्षा होगी :** बताया जाता है कि इन स्कूलों से 2024 में होने वाली 10वीं की बोर्ड की परीक्षा के लिए सात हजार 200 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है, हालांकि उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। बोर्ड ने स्कूलों को इस बार अंतिम बार परीक्षा लेने के लिए कहा है। सीबीएसई के अनुसार जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गयी है ये काफी वर्षों से चल रहे थे। शिकायत करने के बाद भी स्कूल वाले सुनते नहीं हैं। ऐसे में सीबीएसई बोर्ड की ओर से की गई यह कार्रवाई उन स्कूलों के लिए चेतावनी है जो मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं या सुनते नहीं हैं, एक तरह से की गयी यह कार्रवाई अन्य स्कूलों के लिए चेतावनी भी है कि नियमों के उल्लंघन पर उन पर एक्शन जरूर लिया जायेगा।

## दुमका का मसानजोर डैम सैलानियों से होने लगा है गुलजार

**दुमका।** नये वर्ष को लेकर दुमका जिला का पर्यटक स्थल गुलजार होने लगा है। पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ने लगी है। मसानजोर डैम दुमका से करीब 42 किमी दूर में है। दुमका जिला के अलावा पश्चिम बंगाल के काफी अधिक संख्या में पर्यटक मसानजोर डैम पहुंचने लगे हैं। सिर्फ कुछ दिनों में नये साल का आगमन होने वाला। इससे लेकर लोग दिसंबर माह से लेकर नए साल के जनवरी माह तक घूमना पसंद करते हैं। इस दौरान सारे पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ी रहती है। लेकिन दुमका का मसानजोर डैम पर्यटकों के लिए पंसदीदा स्थलों में से एक है। हालांकि इस डैम के अलावा दुमका में कई सारे पिकनिक स्पॉट है। लेकिन मसानजोर डैम इन दिनों पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वन विभाग की ओर से भीड़ को देखते हुए एकोफ्रेंडली कॉटेज का काम चल रहा है और इसका कार्य समाप्त होने के बाद ये सभी कॉटेज सैलानियों को उपलब्ध कराया जायेगा।

### 10 वर्ष में हर झारखंडियों की आकांक्षाओं की पूर्ति होगी : हेमंत सोरेन

# निर्मल दा के सपनों का राज्य बनाने में सफल

- शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती मनायी गयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**एक परिचय :** 25 दिसंबर 1950 को जमशेदपुर के उलियान में जन्मे निर्मल महतो जुझारु नेता थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन में युवाओं को एकजुट करने में अहम भूमिका निभायी। शोषितों के हक में हमेशा आवाज उठाते रहे। झारखंड आंदोलन को गति दिलाने में उन्होंने झामुमो के यूथ विंग के रूप में स्थापित आजसू ने बड़ी भूमिका अदा की। दिसंबर 1980 में वह झामुमो से जुड़े और अपने नेतृत्व क्षमता की वजह से 1984 में पार्टी के अध्यक्ष बन गये। 8 अगस्त 1987 की सुबह जमशेदपुर के चमरिया, बिष्टुपुर स्थित टिस्को गेस्ट हाउस के पास उनकी गोली मारकर हत्या कर कर दी गयी। आज भी लोग कहते हैं कि उनकी हत्या के पीछे राजनीतिक षडयंत्र है।

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को यहां कहा कि झारखंड सरकार शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने में सफल हो चुकी है। झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से मैं निर्मल दा के सपनों को साकार कर पा रहा हूं। आने वाले 10 वर्षों में हर झारखंडियों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हो चुकी होगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए निर्मल दा के आदर्श हमेशा जीवंत रहेंगे। उनकी सोच को और आगे बढ़ायेंगे। सीएम श्री सोरेन सोमवार को शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने पुराना जेल चौक स्थित शहीद निर्मल महतो चौक पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। (शेष पेज 11 पर)

# राज्य के सभी जेलों का औचक निरीक्षण

### जांच प्रतिवेदन शीघ्र जेल आइजी को सौंपा जायेगा

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची।** झारखंड के रांची, धनबाद, पलामू, साहिबगंज समेत तामाम जेलों को संबंधित जिलों के डीसी-एसपी ने सोमवार को औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेलों में कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। अस्पताल का निरीक्षण कर कैदियों को उपलब्ध करायी जा रही चिकित्सा-व्यवस्था की जानकारी ली। कैदियों का बयान दर्ज किया गया। इस संबंध में जिला स्तर से विस्तृत जांच प्रतिवेदन जेल आइजी को उपलब्ध कराया जायेगा।

रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जांच टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार का औचक निरीक्षण किया गया। जेल के अंदर प्रत्येक वार्ड और सेल की जांच कर कैदियों की चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान करीब 200 कैदियों का बयान दर्ज किया गया। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने जेल में कैदियों के लिए खाने की व्यवस्था की भी जानकारी ली। कैदियों को उपलब्ध कराये जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए बने खाद्य सामग्री और कच्चे खाद्य सामग्री का सैंपल कलेक्ट किया गया, खाद्य सामग्री का स्टॉक पंजी का भी मिलाया गया। (शेष पेज 11 पर)

# अयोध्या में लहरायेगा हजारीबाग में बना ध्वज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। अयोध्या में जो ध्वजारोहण होना है वह झंडा हजारीबाग में बन रहा है। झंडा बनाने में 115 मीटर कपड़ा लगा है। इसमें एक मूर्ति बजरंगबली की 6 फीट और दूसरी 4 फीट की मूर्ति भगवान श्री राम लक्ष्मण और बजरंगबली की है।

बहुत जल्द ही उस ध्वज को अयोध्या लेकर यहां से राम भक्त निकलेंगे। बड़ी बाजार के वीर वस्त्रालय में झंडा का निर्माण कराया जा रहा है। वीर वस्त्रालय पिछले 50 सालों से झंडा बनाने का व्यवसाय कर रहा है। तीन पीढ़ी के लोग इसमें लगे हुए हैं। 40 फीट लंबा, 42 फीट चौड़ा झंडा बनाने का ऑर्डर नवल किशोर खंडेलवाल ने दिया है। वे खुद झंडा लेकर अयोध्या जाने वाले हैं। नवल किशोर खंडेलवाल बताते हैं कि जब बाबरी मस्जिद ढहाने के लिए कार सेवक निकले थे तो रास्ते में ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। आज राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है और भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने जी रही है। ऐसे में खुशी का ठिकाना नहीं है।

# पारा शिक्षक समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार, जेल

### बैठक में बन रही थी अपराध की योजना, कई फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** एक गुप्ता सूचना पर लातेहार पुलिस ने छापामारी कर सदर थाना क्षेत्र के कोने गांव से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादियों में एरिया कमांडर सूरज कुमार लोहरा उर्फ सर्वनाश, अनिल लोहरा और कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु जी है। कई उग्रवादी भागने में सफल रहे। गिरफ्तार कमलेश्वर सिंह पारा शिक्षक भी है। तीनों लातेहार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि उन्हें एक गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत तीनों कोने गांव में जमे हुए हैं। वे लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। श्री अंजन ने बताया गिरफ्तार उग्रवादियों में एक कमलेश्वर सिंह पारा शिक्षक भी है। इनकी गिरफ्तारी नरेशगढ़ गांव से रविवार की देर रात छापेमारी कर हुई है।

**पारा शिक्षक देता था शरण :** एसपी ने बताया कि सूरज कुमार लोहरा लेवी के लिए धमकी देने का काम करता है। वहीं पारा टीचर कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु जी उग्रवादियों को शरण देने का काम करता है। कहीं आने-जाने के लिए उग्रवादियों को गाड़ी भी मुहैया कराने का काम करता है। अनिल लोहरा संगठन से बाहर रहकर लेवी का पैसा इकट्ठा करता है। (शेष पेज 11 पर)

# अब कानून बने भारतीय न्याय संहिता बिल

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी मंजूरी, नोटिफिकेशन शीघ्र

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के तीनों बिलों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही तीनों विधेयक कानून बन गये। सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय जल्द नोटिफिकेशन जारी कर सकता है। अंग्रेजों के शासन काल से चले आ रहे करीब 150 वर्ष पुराने कानूनों में मोदी सरकार ने बड़े बदलाव किये हैं। इंडियन पीनल कोड (आइपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता बिल 2023, सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 को संसद ने मंजूरी दे दी थी। इन बिलों को पेश करने के दौरान अमित शाह ने कहा था कि इन महत्वपूर्ण विधेयकों पर विचार करने का उद्देश्य आपराधिक कानूनों में सुधार करना है।

**3 साल के भीतर देना होगा फैसला :** सबसे बड़ा बदलाव ये है कि अब ट्रायल कोर्ट को हर फैसला अधिकतम 3 साल के भीतर देना होगा। देश में 5 करोड़ केस पेंडिंग हैं। इनमें से 4.44 करोड़ मामले ट्रायल कोर्ट में हैं। इसी तरह जिला अदालतों में जजों के 25,042 पदों में से 5,850 पद खाली हैं।

**भड़काऊ भाषण पर सजा :** भड़काऊ भाषण और हेट स्पीच को अपराध के दायरे में लाया गया है। अगर कोई इंसान ऐसे भाषण देता है तो उसे तीन साल की सुनायी जायेगी। इसके साथ जुमार्ना भी लगेगा। अगर भाषण किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ होता है तो 5 साल की सजा का प्रावधान है।

**गैंगरेप में दोषी को उम्रकैद :** नये बिल के तहत गैंगरेप के दोषियों को 20 की सजा या आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा सकती है। अगर दोषी 18 साल से कम उम्र की बच्ची के साथ ऐसा करता है तो उसे मृत्युदंड देने का प्रावधान है। (शेष पेज 11 पर)

### जदयू-राजद के विलय पर भड़के नीतिश, गठबंधन से खफा नहीं

# आजकल सब अंड-बंड बोलते रहता है

**एजेंसी**



**पटना।** दिल्ली बैठक में खड़गे का नाम आगे कर दिये जाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुमार ने साफ कर दिया है कि वह इंडिया गठबंधन से नाराज नहीं हैं। उन्हें किसी भी पद को लेकर कभी कोई इच्छा नहीं रही है। इसके साथ ही उन्होंने जदयू में टूट और राजद में विलय की अटकलों को बकवास करार दिया। जदयू के राजद में में विलय वाली खबर और सुशील मोदी के बयान पर नीतीश कुमार ने कहा कि आजकल सब अंड बंड बोलते रहता है। हमको नहीं कुछ चाहिए। उन्होंने कहा कि देख रहे बिहार में कितनी बहाली हो रही है। कौन क्या बोलता है, हम ध्यान नहीं देते हैं।

**जदयू में टूट की बात बकवास :** वहीं पत्रकारों ने जब पूछा कि क्या सच में आपकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड में टूट होने वाली है? इस सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि बेकार की बात है। मेरी पार्टी पूरी तरह से एकजुट है और आने वाले चुनाव को लेकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भला मेरी पार्टी को कौन तोड़ सकता है। हमलोग पूरी तरह से एकजुट हैं।

**इंडी गठबंधन एकजुट :** जब से दिल्ली में इंडी गठबंधन की चौथी बैठक हुई है, तब से सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार नाराज हैं। वह बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में भी मौजूद नहीं थे। अब खुद उन्होंने पटना में स्थिति स्पष्ट की और कहा कि नाराजगी की बात गलत है। (शेष पेज 11 पर)

**अटलजी ने ही मुझे सीएम बनाया था :** पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती समारोह में सीएम नीतीश ने कहा कि अटल जी से हमलोग का बहुत संबंध था। वहहमको बहुत मानते थे। हमको चीफ मिनिस्टर बनाने में उनका योगदान था। हमलोग का उनसे लगाव था। नीतीश कुमार ने एक बार फिर 'अटल प्रेम' को उजागर किया है। केंद्र में अटलजी ने मुझे तीन विभाग की जिम्मेदारी दी थी। उनके प्रति सदैव मेरे मन में आदर का भाव रहेगा। अटल जी इतना अच्छा काम करते थे कि सभी खुश रहते थे। हम आजीवन उनका सम्मान करेंगे।

# सीसीएल सीकेएस ने सीएमपीएफ घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की

## सांसद को सौंपा मांग पत्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीएमएस से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ (सीसीएल सीकेएस) ने सीएमपीएफ में हुए घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की। इसके लिए सोमवार को रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ को मांग पत्र सौंपा है। सीएमपीएफ में हो रही गड़बड़ी को दूर करने के लिए कई सुझाव भी दिए गये। संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह ने सौंपे मांग पत्र में कहा है कि कोयला कर्मियों की मेहनत की कमाई 1.5 लाख करोड़ रुपये का भविष्य निधि और पेंशन फंड धनबाद स्थित सीएमपीएफ संगठन द्वारा प्रबंधित किया जाता है। आयुक्त इसके मुखिया हैं। न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष भारत सरकार कोयला मंत्रालय के सचिव हैं। दुर्भाग्य से सीएमपीएफ संगठन का मुख्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। वर्ष 2015-18 के दौरान दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में 1,390.25 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। फंड मैनेजरों ने संगठन को रेटिंग में गिरावट के बारे में सूचित किया था, लेकिन सीएमपीएफओ के अधिकारियों ने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के शीघ्र मोचन के लिए समय पर उचित कदम नहीं उठाए। इससे 727.67 करोड़ रुपये का नुकसान संगठन को हुआ।

सीएजी ने भी वार्षिक खातों की रिपोर्ट में गंभीर आपत्तियों और टिप्पणियां की है। वर्ष 2011-14 के दौरान इन्फ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज में 102.43 करोड़ रुपये और रिलायंस कैपिटल में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया गया था। हालांकि कंपनियों के परिसमापन में जाने से पहले सीएमपीएफ अधिकारियों द्वारा राशि वापस लेने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। इससे संगठन को भारी नुकसान होने की आशंका है। उपरोक्त विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाकर कोयला कर्मियों के पेंशन/पीएफ फंड को बचाने में सहयोग करें।

सांसद संजय सेठ को ज्ञापन के दौरान सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह, मुख्यालय कार्यकारी अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, मुख्यालय कोषाध्यक्ष मनोज सहाय, मुख्यालय कार्यसमिति सदस्य किरण कुमारी के अलावा संगठन के अन्य सदस्य शामिल थे।

## 62 हजार पारा शिक्षकों ने 28 से सीएम आवास घेरने की दी है धमकी

# राज्य के चौदह हजार टेट सफल सहायक अध्यापक आज घेरेंगे मुख्यमंत्री आवास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के करीब 14 हजार टेट सफल सहायक अध्यापक आज 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। वहीं, राज्य के 62 हजार पारा शिक्षक 28 दिसंबर से अनिश्चितकाल के लिए सीएम आवास का घेराव करेंगे। टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रमोद कुमार ने बताया कि समिति के सदस्य राजभवन के समीप 124 दिनों से धरना सह प्रदर्शन कर रहे हैं परंतु सरकार उनकी एक नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बनाने में हमारा अहम योगदान रहा है। सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन बीते



2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर में पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे। फिलहाल झारखंड के सतापक्ष में शामिल तीनो पार्टियों के मंत्री, विधायकों ने हमारी एक मांग वेतनमान के लिए समर्थन दिया है। इसलिए हमलोग इंतजार कर रहे हैं कि सरकार वेतनमान की घोषणा करेगी। उन्होंने राज्य के सभी जिलों के टेट पास शिक्षकों से अपील है कि 26 दिसंबर को 100% उपस्थिति राजधानी रांची में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि 26 दिसम्बर को मुख्यमंत्री आवास घेराव का नेतृत्व दशरथ ठाकुर, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मंडल, झरीलाल महतो, संजय मेहता, सीमांत घोषाल, मीना कुमारी, मनोज शर्मा, महेश मेहता, मिथलेश यादव, नफीस अंसारी, मुख्तार अंसारी, विपुल दुबे, सज्जाद अंसारी, रंजनीकांत पाण्डे और सरफराज अहमद मुख्य रूप से करेंगे।

### एक मांग वेतनमान को लेकर सीएम आवास घेर रहे हैं पारा टीचर



सरकार का कार्यकाल खत्म होते देख राज्य के पारा शिक्षक भी अब उग्र होते जा रहे हैं। सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा (पारा शिक्षक) के ऋषिकेष पाठक का कहना है कि मुख्यमंत्री, राज्य के शिक्षा मंत्री भी हैं, लेकिन उन्होंने उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखायी। पारा शिक्षकों की एक ही मांग है, वेतनमान। वेतमान देने की बात राज्य के तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो ने दिया था। वह उस ओर बढ़ भी रहे थे, लेकिन उनकी असामयिक मौत के कारण उनके वेतनमान पर विराम लग गया। इधर इस मुद्दे को लेकर पारा शिक्षकों ने कई बार सीएम से मिलने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। न ही वेतमान मिला। अब घेराव के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर ने अटल जी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें याद किया। इस अवसर पर उन्होंने राज भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अटल बिहारी वाजपेई इतिहास पुरुष : संजय सेठ

रांची। भाजपा डोरंडा मंडल द्वारा आज अटल बिहारी वाजपेई के 100 वे जयंती पर कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्हें निसंदेह बापू और नेहरू जैसे उन महापुरुषों की श्रेणी में रखा जा सकता है। इनका पूरा जीवन एक मिसाल है। इनके व्यक्तित्व और विचारों से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में उतरना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वह गीतायनए सितायन और रामायण के प्रतीक थे।

इस कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष पप्पू वर्मा, सरदार अशोक सिंह, बीके विजय, संजय पोद्दार, पियूष विजय, मुकेश गुप्ता, रोहित शारदा, शंभू गुप्ता, रोहित ठाकुर,अनिल प्रधान, रेखा देवी, नम्रता सोनी, अनिल विजय ,जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आज सभी जिलों में राष्ट्रीय वीर बाल दिवस

**साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह की शहादत को भाजपा करेगी नमन**

**पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह में कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस घोषित किया गया है। यह भारत के सिख गुरुओं की महान बलिदान परंपरा का दिन है। दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत इसी दिन हुई थी। भाजपा इस दिवस को जिला और मंडल स्तर मनायेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक गुरविंदर सिंह सेठी ने दी। श्री सेठी ने बताया कि वीर बाल दिवस लोगों को देश के सम्मान की रक्षा के लिये दस सिख गुरुओं के महान योगदान और सिख परंपरा के बलिदान का स्मरण करायेगा। उन्होंने बताया कि सिख परंपरा में शहीदी सप्ताह का बड़ा महत्व है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में मंडल स्तर पर पार्टी द्वारा संगोष्ठी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि साहेबजादों बाबा जोरावर सिंह फतेह सिंह, अजीत सिंह और जुझार सिंह के बलिदान से संबंधित डिजिटल प्रदर्शनी एवं लघु फिल्म जिलों में दिखाई जायेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी गिरिडीह गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में 11 बजे पूर्वाह्न शामिल होंगे।

### राज्यपाल से मिले आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एवं फादर अजित खेस ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने दोनों को क्रिसमस की बधाई दी।

## सिंचाई विभाग के आइबी पर जामताड़ा एसी का कब्जा, मरम्मत के लिए भी नहीं कर रहे खाली

### काम कराने गये सहायक अभियंता का जब्त किया हेलमेट

**सुधीर**

**रांची।** जामताड़ा के अपर समाहर्ता (एसी) सुरेंद्र कुमार ने सिंचाई विभाग के आईबी पर कब्जा कर लिया है। वह आईबी को मरम्मत के लिए भी खाली नहीं कर रहे हैं। नतीजा उनकी मरम्मत नहीं हो पा रही है। सिंचाई विभाग के आईबी को खाली करने को लेकर जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने भी डीसी जामताड़ा को पत्र लिखा था। सिंचाई उपनिवेश जामताड़ा में स्थित निरीक्षण भवन को मरम्मत के लिए खाली करने को कहा था। बावजूद अपर समाहर्ता सुरेंद्र कुमार ने आईबी को खाली नहीं किया। उल्टा वहां काम करने गए सहायक अभियंता टुप लाल कुमार वर्मा का हेलमेट जब्त कर लिया।

**कार्यपालक अभियंता ने अपर समाहर्ता से हेलमेट वापस करने के लिए लिखा पत्र:** सिंचाई प्रमंडल जामताड़ा के कार्यपालक अभियंता ने अपर समाहर्ता को पत्र लिखकर सहायक अभियंता के जब्त हेलमेट को वापस करने का अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा है कि यह कृत निंदनीय है। उन्होंने हेलमेट को शीघ्र वापस करने को कहा है।

**क्या है मामला :** जामताड़ा में जिला बनने के बाद से ही सिंचाई विभाग के आईबी पर अधिकारियों का कब्जा रहा है। परंतु अब इसमें सुरेंद्र कुमार (एसी) रह रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिले में एसी के लिए नाया आवास बनाया गया है परंतु वह वहां नहीं जाना चाहते हैं।

**क्या कहते हैं एसी :** इस संबंध में जब दैनिक खबर मंत्र की ओर से सुरेंद्र कुमार से 9661804262 पर बात करने की कोशिश की गई, तो पहले तो उन्होंने आईबी पर कब्जा करने की बात को स्वीकारी। परंतु बाद में कहा कि वह इस मामले में कोई कमेंट नहीं देंगे, कहा ऑफिस आकर बात करिये।

## नये साल में मुफ्त राशन पर संकट

**रांची।** नए साल में इस बार गरीबों को राशन नहीं मिल सकेगा। इससे गरीबों को काफी परेशानी हो सकती है। यह बातें सोमवार को डोरंडा के शिशु सदन स्कूल परिसर में फेयर प्राइस शाप लीडर्स एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक में जिला अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार पीडीएस दुकानदारों के बकाया कमिशन देने में आनाकानी कर रही है। दुकानदारों को कमिशन का पैसा नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। कई बार कमिशन समेत अन्य मांगों को लेकर बैठक हो चुकी है, इसके बाद भी पीडीएस दुकानदारों की मांग पूरी नहीं हो सकी है। इससे पीडीएस दुकानदारों में सरकार के प्रति नाराजगी है। प्रदेश महामंत्री सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि पांच लाख 38 हजार पीडीएस दुकानदारों का जो 81 करोड़ लाभुकों को अनाज वितरण करते हैं, उनको नजरअंदाज करने से आम आदमी को परेशानी होगी।

# देवघर एम्स ओपीडी में अब रोज 3000 मरीजों का होगा इलाज

### इमरजेंसी सेवा होगी शुरू, ओपीडी को नये भवन में शिफ्ट करने का प्रस्ताव

### 80 फीसदी स्थानीय को दी जायेगी नौकरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देवघर एम्स की स्टैंडिंग फाइनांस कमेटी की इमरजेंसी सेवा जल्द शुरू कर उसे 24 घंटे संचालित करने का निर्णय लिया गया है। स्थानीय आउटसोर्सिंग कंपनियों से भी सेवा लेने में प्राथमिकता दी जायेगी। इसमें 80 फीसदी स्थानीय युवाओं को नौकरी दी जायेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि ओपीडी को नये भवन में शिफ्ट कर अलग-अलग विभाग के डॉक्टरों का इलाज शुरू होगा। इससे प्रति दिन तीन हजार मरीजों को ओपीडी में देखा जा सकेगा। इस दौरान हंसडीहा में निर्मित अस्पताल में एम्स प्रबंधन द्वारा संताल परगना के आदिवासियों में पाये जाने वाली बीमारियों का इलाज करने के लिए रिसर्च शुरू करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एम्स प्रबंधन की टीम हंसडीहा के अस्पताल में शिफ्ट करेगी। बैठक में एम्स के वित्तीय लेखा-जोखा की भी समीक्षा की गयी। ऑनलाइन बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांशु पंत व गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे भी जुड़े थे। इनके अलावा एम्स के प्रेसिडेंट एनके अरोड़ा, एम्स के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय सहित अन्य सदस्य थे।

### ऑफलाइन भुगतान की सुविधा की मांग

एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके रिश्तेदारों ने चिकित्सकों से परामर्श और अन्य जांच सुविधाओं को लेकर ऑनलाइन माध्यमों से पेमेंट में परेशानी होने का जिक्र किया है। लोगों ने बताया कि एम्स देवघर में किसी भी जांच के लिए ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा है। ऐसे में डिजिटल माध्यम से पेमेंट करना नहीं जानने वालों को परेशानी हो रही है। कई लोगों के मोबाइल के जरिये ऑनलाइन पेमेंट करने की जानकारी नहीं होने और एटीएम सुविधा नहीं होने के कारण परेशानी होती है। इसके कारण कई लोग बिना इलाज कराये घर वापस लौट जाते हैं। लोगों ने देवघर डीसी व एम्स प्रबंधन से ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाइन भुगतान की भी व्यवस्था कराने की मांग की है।

# अफसरों, ठेकेदारों की मिलीभगत से पेयजल योजनाओं के टेंडर में हो रहा खेल : चंदप्रकाश

**सांसद ने अभियंता प्रमुख के विरुद्ध मुख्य सचिव और विभागीय सचिव से की शिकायत, दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का किया अनुरोध**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लाखों का न्यारा वारा कर टेंडर आवंटन का खेल चल रहा है। इस खेल में अभियंता प्रमुख की भूमिका अहम है। यही नहीं टेंडर मैनेज करने के खेल में एक योजना का बार-बार टेंडर हो रहा है। उन्होंने कहा है कि यह मामला क्षेत्र भ्रमण के दौरान आया है और इस की जांच मंत्रिमंडल निगरानी विभाग की तकनीक परीक्षण कोषांग से कराकर दोषी पदाधिकारियों व संवेदकों के खिलाफ सख्त अनुशासनिक, प्रशासनिक व आपराधिक कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि डुमरी प्रखंड में बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र का मेसर्स तपेश्वर सिंह को गिरिडीह-।। प्रमंडल के अंतर्गत डुमरी प्रखंड में विभागीय अभियंता प्रमुख व निविदा समिति के अन्य सदस्यों ने करोड़ों का न्यारावारा कर नियम विरुद्ध तरीके से ससारखों जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) और बेढ़ा सुइयाडीह जलापूर्ति योजना ( प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) का टेंडर आवंटन किया गया है। इसी प्रकार खूंटी प्रमंडल में सुंदरी पोंडा नगर ग्राम जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 35 करोड़) के टेंडर आवंटन में नियमों की घोर अनदेखी की गयी है। इसके साथ ही रांची पूर्वी, रांची पश्चिम व अन्य प्रमंडल के अंतर्गत भी दर्जनों टेंडरों का आवंटन बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र व जरूरी दस्तावेज के बिना ही अभियंता प्रमुख व अन्य सदस्यों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर टेंडर कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा प्रखंड के अरकोसा में बीयर निर्माण को लेकर टेंडर निकाला गया। इस टेंडर में फर्जी कायार्नुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में मामलों की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करें।

## आरपीएफ में डीआइजी संतोष दुबे को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद के तत्कालीन सीनियर कमांडेंट आरपीएफ संतोष कुमार दुबे को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विभागीय कार्यवाही पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा संतोष को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट देने के निर्णय पर झारखंड हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। संतोष दुबे वर्तमान में डीआईजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित है। दरअसल, संतोष कुमार दुबे चक्रधरपुर, धनबाद और रांची डिवीजन में पदस्थापित रहे थे। इस दौरान उन पर 1.48 करोड़ रुपये आय से अधिक संपत्ति का मामला सीबीआई ने दानापुर में 10 जुलाई 2013 को केस दर्ज किया था। इसके बाद आरपीएफ नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया। संतोष की अधिकांश पोस्टिंग झारखंड में हुई थी। इसी दौरान उनपर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा था। संतोष कुमार दुबे द्वारा आय से अधिक संपत्ति अर्जित किए जाने का चेक पीरियड 1998 से 2013 तक सीबीआई ने रखा है। मामले में सीबीआई ने 28 जून 2022 को संतोष और उनकी आइपीएस पत्नी प्रिया दुबे एवं अन्य खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इसके बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पटना ने 22 जुलाई 2022 को मामले में संज्ञान लिया था। 31 जनवरी 2023 को आरपीएफ, नई दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की थी।

# 2029-30 तक के लिए कोयला उत्पादन का टारगेट किया सेट



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2029- 30 तक के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। इसके तहत 2029-30 तक 1522.04 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन का टारगेट सेट किया गया है। कोल इंडिया के समक्ष 1120 मिलियन टन का लक्ष्य होगा।

### 2023-24 से 2029-30 तक निर्धारित लक्ष्य (एमटी में)

| | |
|---|---|
| वर्षवार आंकड़े कोल इंडिया | वर्षवार आंकड़े कैप्टिव एवं अन्य |
| 2023- 24 : 780.00 | 2023- 24 : 162.14 |
| 2024- 25 : 850.00 | 2024- 25 : 181.60 |
| 2025- 26 : 1000.00 | 2025- 26 : 203.39 |
| 2026- 27 : 1030.00 | 2026- 27 : 227.80 |
| 2027- 28 : 1055.00 | 2027- 28 : 255.14 |
| 2028- 29 : 1090.00 | 2028- 29 : 285.75 |
| 2029- 30 : 1120.00 | 2029- 30 : 320.04 |
| वर्षवार आंकड़े एससीसीएल | कुल वर्षवार आंकड़े |
| 2023- 24 : 70.00 | 2023- 24 : 1012.14 |
| 2024- 25 : 72.50 | 2024- 25 : 1104.10 |
| 2025- 26 : 75.00 | 2025- 26 : 1278.39 |
| 2026- 27 : 79.00 | 2026- 27 : 1336.80 |
| 2027- 28 : 80.00 | 2027- 28 : 1390.14 |
| 2028- 29 : 82.00 | 2028- 29 : 1457.75 |
| 2029- 30 : 82.00 | 2029- 30 : 1522.04 |

## होटवार जेल अधीक्षक ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से किया इनकार

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट ने धनबाद जेल का प्रभार लेने से इनकार कर दिया है। बेसरा निशांत रॉबर्ट को धनबाद मंडल कारा का अधीक्षक बनाये जाने की अधिसूचना जारी हुई थी लेकिन बेसरा निशांत रॉबर्ट धनबाद जेल का प्रभार लेने में असमर्थता जतायी है। बताया कि धनबाद जेल संवेदनशील है। उन्हें विभागीय कार्यों के केस के सिलसिले में कई बार हाईकोर्ट का रुख भी करना पड़ता है। रांची से धनबाद की दूरी के कारण उन्हें परेशानी होगी।

**बाबूलाल ने की थी होटवार जेल के अधीक्षक की तारीफ :** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने होटवार जेल के अधीक्षक बेसरा निशांत रॉबर्ट की सराहना की थी। बाबूलाल ने सीएम हेमंत सोरेन को बेसरा निशांत रॉबर्ट को सख्ती से अपनी ड्यूटी निभाने और कानून सम्मत बढ़िया काम करने को लेकर प्रोत्साहित करने की अपील की थी।

# डी-लिस्टिंग महारैली का जवाब देगा झारखंड जनाधिकार मंच चार फरवरी को आदिवासी एकता महारैली का होगा आयोजन

**धर्म बदलने वाले को आदिवासी का दर्जा नहीं देने की मांग पर छिड़ा घमासान, जवाब में बंधु तिर्की ने कसी कमर**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में डी-लिस्टिंग महारैली का जवाब देने के लिए पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने 4 फरवरी 2024 को झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले आदिवासी एकता महारैली का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

ज्ञात हो कि 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान जनजाति सुरक्षा मंच की ओर से डिलिस्टिंग रैली का आयोजन किया गया था। रैली में मंच की ओर से लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष समेत अन्य आदिवासी नेताओं ने मांग की थी कि जिन लोगों ने अपनी मर्जी से आदिवासी रीति-रिवाज और परंपरा छोड़ दी है, उन्हें आदिवासियों को प्राप्त लाभ नहीं मिलना चाहिए। एससी के साथ जो प्रावधान है, वहीं एसटी के साथ भी लागू होना चाहिए। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने झारखंड जनाधिकार मंच के बैनर तले 4 फरवरी 2024 को मोरहाबादी में आदिवासी एकता महारैली करने की घोषणा की है। बंधु तिर्की ने कहा है कि इस महारैली में न केवल आदिवासियों के मुद्दे पर गहन विमर्श करते हुए आदिवासियों को वास्ताविक जमीनी स्थिति से परिचित कराया जायेगा बल्कि आवश्यकता होने पर तीव्र आंदोलन का भी फैसला लिया जायेगा।

### डी-लिस्टिंग रैली में आदिवासियों को बरगलाया गया

बंधु तिर्की ने कहा कि यह चुनावी साल है। अबतक केवल अपने मतलब के लिये आदिवासियों को माध्यम बनाकर स्वार्थी तत्वों ने अपना उल्लू सीधा किया है। इस बार आदिवासियों को वैसे स्वार्थी और समाज विरोधी तत्वों का हथियार और आहार नहीं बनने देंगे। आदिवासियों को बरगलाने की साजिश चल रही है। स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी आदिवासियों की स्थिति दयनीय है। वे जटिल समस्याओं से जूझते हुए भोजन, वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के लिये तो संघर्ष कर रहे हैं अपनी जमीन से भी हाथ धोते जा रहे हैं।

### बाहरी लोगों के लिए झारखंड बना चारगाह

बंधु तिर्की का कहना है कि जिन लोगों का झारखण्ड की जमीन से भावनात्मक जुड़ाव नहीं है उनमें से अधिकांश लोग बाहर से आये हैं और उन्होंने झारखंड को चारागाह समझ लिया है। वैसे ही तत्वों द्वारा विशेष रूप से आदिवासियों को उनकी जमीन से उखाड़-उजाड़ा जा रहा है। नतीजा यह कि आदिवासी, पलायन और विस्थापन के लिए विवश हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार एक-एक कर आदिवासियों के अधिकारों को खत्म कर रही है।

### झारखंड को नहीं मिल रहा पांचवी अनुसूची का लाभ

कांग्रेस नेता का कहना है कि पांचवी अनुसूची का लाभ भी झारखंड को नहीं मिल पा रहा है। वन अधिकार कानून के कारण आदिवासियों के अधिकार सीमित हो गये हैं। उन आदिवासियों को अपने जंगल से हटाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आदिवासियों से अपील की है कि वह अपने बीच किसी भी प्रकार के भेदभाव का उन्मूलन करने और अपनी विचारधारा को बचाने के लिये आदिवासियत और आदिवासी संस्कृति के साथ एकजुट हो जायें। अब देखना है कि यह विवाद और कौन से रुप लेता है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ईसाई धर्मगुरु से मिले, क्रिसमस पर्व की दी बधाई

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने ईसाई धर्म गुरु बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिलकर उन्हें एवं सभी ईसाई धर्मावलंबियों को क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईसा मसीह ने मानव जाति के बीच आपसी प्रेम एवं सद्भाव का संदेश दिया। ईसा मसीह का यह संदेश आज के समय में भी काफी सार्थक है। उन्होंने कहा कि मानव जाति के कल्याण के लिए आपसी प्रेम और भाईचारा से बड़ा कोई मंत्र नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्तों एवं मूल्यों पर आधारित सदैव राष्ट्र के विकास में हर एक व्यक्ति एवं समाज की भागीदारी के महत्व को समझती है।

बिशप टोप्पो ने भी मानवता के कल्याण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण के लिए तथा सर्वधर्म सम्भाव की विचारधारा को सामने रखते हुए बेहतर समाज के निर्माण के लिए ईश्वर से विशेष दुआ एवं प्रार्थना की अपनी प्रतिबद्धता दुहराई।

इस अवसर पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, अमुल्य नीरज खलखो व सतीश पॉल मुंजनी ने भी क्रिसमस की बधाई दी।

# उत्साह से मना प्रभु यीशु का जन्मदिन





**रांची।** राजधानी रांची में इसाई धर्मावलंबियों ने क्रिसमस का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया। लोगों ने प्रभु यीशु के सामने कैंडल जलाकर प्रार्थना की और जश्न मनाया। मसीही समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस त्योहार की बधाई दी। वहीं अभिभावकों ने छोटे बच्चों को उपहार दिए। मोहल्लों में उल्लास का रंग देखने को मिला। मोहल्लों की सड़कों को सजाया गया था। घरों सहित मोहल्ले में विद्युत सजावट की गयी। क्रिसमस पर्व पर गिफ्ट गैलरी में सांता क्लाज की ड्रेस और टोपी की खासी डिमांड रही।

**चर्च में हुआ आराधना** : पुरुलिया रोड स्थित संत मेरी कैथेड्रल में सोमवार की सुबह छह बजे की आराधना के मुख्य अनुष्ठक फादर अजीत खेस थे। उन्होंने अपने उपदेश में प्रभु यीशु के जन्म निमित ईश्वर की योजना पर प्रकाश डाला। बहु बाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में सुबह सवा छह बजे प्रार्थना हुई, जबकि दिन के 10: 45 बजे की आराधना में रेव्ह वी कुजूर मुख्य अनुष्ठक थे।

जीइएल चर्च में सुबह 6:30 बजे की आराधना का संचान रेव्ह ममता बिलुंग ने किया रेव्ह प्रमोद लकड़ा ने उपदेश दिया।

# चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने आर्च बिशप को दी क्रिसमस की बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो से मिलकर क्रिसमस पर्व की बधाई दी। मौके पर चैंबर अध्यक्ष ने राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों के सुख समृद्धि की कामना के साथ ही राज्य के विकास के लिए प्रार्थना की। आर्च बिशप ने सभी चैंबर सदस्यों को क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व हम सभी को आपसी सौहार्द तथा एक दूसरे के लिए समर्पण का परिचय देता है। प्रतिनिधिमंडल ने जीइएल चर्च के बिशप सृमंत संदीप तिर्की से भी मुलाकात कर राज्य की खुशहाली के साथ ही क्रिसमस और आनेवाले नये साल की बधाई देते हुए राज्य के व्यापार व उद्योग जगत के विकास की कामना की। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और सदस्य संदीप नागपाल के अलावा चर्च के असीम मिंज और महिमा गोल्डेन उपस्थित थीं।

# अभी कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने का अनुमान

## 28 दिसंबर को छा सकते हैं बादल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य वासियों को आने वाले कुछ दिनों तक ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है। 27 दिसंबर तक राज्य में ठंड का असर थोड़ा कम रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 27 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिलेगी। विभाग की मानें तो 28 दिसंबर से फिर से राज्य में आंशिक बादल छा सकते हैं। हालांकि इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना कम है। विभाग की मानें तो 27 दिसंबर तक राज्य में आसमान साफ रहेगा। दिन के समय धूप रहने से लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, सुबह और शाम के समय कोहरा का असर देखा जायेगा। हालांकि सुबह और शाम के समय लोगों को कनकनी का असर होगा। 28 दिंसबर तक राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान की बात करें तो 12 डिग्री तक रहने की संभावना है। वहीं, अधिकतम तापमान 25 डिग्री तक रहने की संभावना है।

रांची की बात करें तो 27 दिसंबर तक राजधानी का तापमान साफ रहेगा। सुबह शाम कोहरे के बाद दिन में धूप निकलेगी। वहीं, 28 दिसंबर को राजधानी समेत आस पास के हिस्से में बादल छाये रहने की संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि इसके पहले धूप के कारण लोगों को राहत मिलेगी। इस दौरान राजधानी का अधिकतम न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक रहने की संभावना है।

# ट्रेन में नशाखुरानी करते बंगाल के चार लोग गिरफ्तार

**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में नशा खुरानी करने वाले गिरोह के चार लोगों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार सभी लोग बंगाल के हैं। आरपीएफ ने इन चार लोगों को नशा खुरानी का कार्य करते हुए ट्रेन में गिरफ्तार किया। इसके पहले भी नवंबर और दिसंबर में चार यात्रियों को इन चारों ने नशा खिलाकर ट्रेन में लूट कर निकल गए थे।

**आरपीएफ ने बताया, रहें सावधान** : अगर आप ट्रेन में सफर करते हैं या सफर करने की योजना बना रहे हैं तो आपको ऐसे गिरोह से सतर्क रहना पड़ेगा। जहर खुरानी करने वाले या इस तरह के गैंग अक्सर खाने-पीने की चीजों में नशीली दवा मिलाकर देते हैं। इसलिए ट्रेन में किसी अंजान व्यक्ति द्वारा कुछ भी दिया जाता है तो उसे न खाएं। गिरोह के लोग अक्सर होटल और मंदिर के पास होते हैं।

## आरोपी दंपती समेत आधा दर्जन लोग गिरफ्तार

# मासूम को बेच रांची के होटल में दलाल कर रहे थे विश्राम, पुलिस ने धर दबोचा

## मंदिर के पास से चुराया था बच्चे को 2.95 लाख में बेचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग जिले के लोह सिंघना थाना के पास स्थित मंदिर के समीप से चार साल के बच्चे को बेचने के आरोप में पुलिस महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है। हजारीबाग की टीम ने रविवार की देर रात रांची के स्टेशन रोड स्थित मीरा होटल में छापेमारी कर आरोपी दंपत्ति को गिरफ्तार किया और उनकी निशानदेही पर कोडरमा से बच्चे को बरामद कर लिया गया।

गौरतलब हो कि पुलिस को सूचना मिली थी लोह सिंघना थाना क्षेत्र स्थित ओकनी साई मंदिर के पास से बच्चा चोरी कर कोडरमा में दंपती को 2.95 लाख में बेचने का मामला सामने आया था। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में हजारीबाग जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र स्थित रामनगर रोड निवासी करीना देवी, नूतन देवी, रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र के न्यू पुंदाग निवासी दंपती ज्योती रानी, पति कन्हैया कुमार पासवान, कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी निवासी दंपती गीता देवी, पति रोहित रविदास का नाम शामिल है। आरोपी के पास से पुलिस घटना में प्रयुक्त आधा दर्जन मोबाइल ओर चोरी के दौरान उपयोग किया गया सीसीटीवी में दिख रहा चादर जब्त किया है।

मामले की अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध करीना देवी को गिरफ्तार किया गया। करीना देवी ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया कि ये ज्योति रानी, कन्हैया कुमार पासवन, नुतन देवी ने मिलकर बच्चे को चुराकर कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास के पास 2.95 लाख रुपये में बेचा है। जो अभी छत्तीसगढ़ गये हुए हैं वे रांची रेलवे स्टेशन आने वाले हैं। सूचना पर रांची रेलवे स्टेशन के आसपास होटलों में छापामारी किया गया, छापमारी के क्रम में होटल मीरा में ज्योती रानी ओर उसके पति कन्हैया कुमार पासवान ठहरे हुए पाये गये। जिसे पुलिस गिरफ्तार कर लिया। गुमशुदा बच्चे के संबंध में पूछने पर दंपती ने बताया कि ये लोग नुतन ओर करीना के सहयोग से 2.95 लाख रूपया में कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास के पास बेच दिया गया है। इसके निशानदेही पर पुलिस की टीम कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रपुरी मुहल्ला में छापामारी कर गुमशुदा बच्चा पप्लु कुमार (उम्र 4) को सकुशल बरामद किया गया।

# अक्षत आमंत्रण पत्र वितरण के लिए समारोह आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्री राम मंदिर अयोध्या से अभिमंत्रित अक्षत आमंत्रण पत्र घर-घर वितरित करने के लिये सोमवार को समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन डोरंडा बाजार स्थित श्री शिव महावीर मंदिर प्रांगण में हुआ। मौके पर छह बस्तियों के संयोजक नियुक्त कर सामग्री दी गई। इससे 22 जनवरी को होने वाले मंदिर के उद्घाटन में सभी मंदिरों में एक साथ आरती की सलाह दी गयी। ऐजी कॉलोनी बस्ती, कुसई बस्सी, 56 सेट बस्ती, भवानीपुर बस्ती, अरविंद नगर बस्ती एवं निवारणपुर के राम भक्त सम्मिलित थे। इस कार्यक्रम में सांसद संजय सेठ थे। कार्यक्रम के संयोजक रोहित शारदा, सुभाषित चटर्जी ने सभी बस्तियों के संयोजक बनाकर घर-घर सामाग्री वितरण करने एवं निकटतम मंदिर में 22 जनवरी को उपस्थित होकर पूजा अर्चना करने के लिये जागरुक किया। कार्यक्रम में दीपक पांडे, लखन विजय, धर्मराज, नम्रता सोनी, विनय ठाकुर, संजेश मोहन टकुर, बीके विजय, सरदार अशोक सिंह, जयनारायण विजय, स्निग्ध रंजन, सुनील विजय, रोहित ठाकुर, राकेश पाल, शंभू गुप्ता, मुकेश गुप्ता, कमल किशोर झा, संजय पोद्दार आदि उपस्थित थे।

# सुशासन और विकसित भारत के प्रणेता अटल बिहारी वाजपेयी : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा ने सोमवार को बूथ स्तर तक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने बूथों पर अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। सभी 27 सांगठनिक जिलों एवं 513 मंडलों में अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी और काव्यांजलि का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य, फल, कंबल का वितरण भी किया गया।

धनबाद महानगर भाजपा की ओर से आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल जी अपने ध्येय और विचारों के प्रति सदैव अटल रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने विकसित और स्वाभिमानी भारत का सपना देखा। इसके लिये उन्होंने सुशासन पर बल दिया। इसका सीधा संबंध अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच है। उन्होंने सुशासन से अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से शहर और गांव की दूरियां घटाई। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने जीटी रोड सहित देश के प्रमुख राजमार्गों का पुनरुद्धार किया। सर्व शिक्षा अभियान ने बुनियादी शिक्षा में संसाधनों की कमी दूर की। उन्होंने कहा कि अटल जी ने केवल अलग राज्य ही नही बनाया बल्कि जनजाति समाज के तीव्र विकास के लिये अलग मंत्रालय बनाया। संथाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया। दुनिया को आश्वस्त किया भारत का परमाणु परीक्षण आत्म रक्षार्थ है। भारत इसका पहला उपयोग नहीं करेगा। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध में दुश्मन देश को नाकों चने चबवाने वाले अटल बिहारी वाजपेई ने राष्ट्रीय सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार अटल जी के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी अजातशत्रु रहे। विरोधी भी उनका सम्मान करते थे। भाजपा मुख्यालय में अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्रभक्त विराट व्यक्तित्व का नाम है अटल बिहारी वाजपेई। विधानसभा परिसर स्थित अटल जी की प्रतिमा पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता एवं अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

पार्टी मुख्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सूर्यमणि सिंह, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, दीपक बंका, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक, परमा सिंह, प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रतुल शाहदेव, राजश्री जयंती, गुरविंदर सिंह सेठी, संदीप वर्मा, राहुल अवस्थी, उषा पांडेय, अरुण झा, अजय राय, बबन गुप्ता, सीताराम रवि, निशि जायसवाल, आरती कुजूर, सीमा सिंह, जयश्री इंदवार आदि थे।

# झारखंड के 18 आइपीएस की प्रोन्नति शीघ्र संभव

## 2010 बैच के आइपीएस बनेंगे डीआइजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 18 आइपीएस अफसरों को शीघ्र प्रोन्नति मिल सकती है। नये साल के पहले सप्ताह तक आइपीएस अफसरों की प्रोन्नति सूची जारी हो जाने की संभावना है। कुछ आइपीएस अफसरों की प्रोन्नति होने के कारण धनबाद, हजारीबाग, साहिबगंज जिले को नये एसपी मिलेंगे। क्योंकि, इन जिलों के एसपी की डीआइजी के पद पर प्रोन्नति मिलेगी। बड़ी संख्या में आइपीएस अफसरों की डीआइजी रैंक में प्रोन्नति होने के कारण कई अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, सीबीआइ में तैनात अनूप टी मैथ्यू और बीपीआरएनडी में पोस्टेड क्रांति कुमार गड़देसी को प्रोफार्मा प्रोन्नति मिलेगी। इसके अलावा, डीआइजी ए. विजयलक्ष्मी, एसीबी डीआइजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, दुमका डीआइजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, स्पेशल ब्रांच के डीआइजी माइकल राज एस और हजारीबाग के डीआइजी नरेंद्र कुमार सिंह को आइजी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार को भी डीआइजी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। 2010 बैच के एसपी रैंक के अधिकारियों को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति दी जायेगी। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात पी मुरूगन को प्रोफार्मा प्रोन्नति मिलेगी। सीआइडी एसपी कार्तिक एस, एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा, जैप 1 कमांडेंट वाईएस रमेश, हजारीबाग एसपी मनोज रतन चोथे, सीआइडी एसपी संध्या रानी मेहता, स्पेशल ब्रांच एसपी कुसुम पुनिया, जैप 4 कमांडेंट अश्विनी कुमार सिन्हा, शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल, साहिबगंज एसपी नौशाद आलम और जैप 10 कमांडेंट धनंजय कुमार सिंह डीआइजी रैंक में प्रोन्नत किये जायेंगे।

## जयंती पर याद किये गये शहीद निर्मल महतो, अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय

# निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : सुदेश कुमार महतो

## झारखंड उदय में अटल जी का योगदान याद रखा जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी निर्मल महतो के विचारों और सपनों का संगठन है। उनके आंदोलन में दिए गए योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य के प्रति उनकी परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान देने वाले शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनकी शहादत ने इस आंदोलन को बल दिया। झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी।

उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शहीद निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर जेल चौक स्थित निर्मल महतो की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही।

मौके पर उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर कहा कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को एक नई ऊंचाई और एक नया मुकाम दिया। झारखंड उदय में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने देश में एक श्रेष्ठ राजनेता के तौर पर खुद को स्थापित किया था। इस दौरान सुदेश महतो ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि मदन मोहन मालवीय जी की शिक्षा एवं समाज के हित में किए गए कार्यों को हमेशा स्मरण में रखा जाएगा।

**आजसू पार्टी ने राज्यभर में मनाई शहीद निर्मल महतो की जयंती** : आजसू के संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आजसू पार्टी द्वारा गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विस क्षेत्रों और जिलों में सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्मल महतो की सोच को जन जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

**शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का हुआ अनावरण** : शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर आज जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखण्ड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने किया।

# एसआरइ फंड के तहत झारखंड पुलिस को ₹107 करोड़ आवंटित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एसआरई (सिक्योरिटी रिलेटेड एक्सपेंडिचर) फंड के तहत झारखंड पुलिस को 107 करोड़ रूपया आवंटित किया गया है। इसे लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 को लेकर केंद्र द्वारा एसआरई फंड के लिए 124.92 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। जिसके विरुद्ध गृह विभाग की ओर से झारखंड को 107 करोड़ रूपया आवंटित किया गया है। गौरतलब है कि एसआरई फंड उग्रवाद से गंभीर रूप से प्रभावित राज्यों को दी जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करके अपने पुलिस बलों को पूरी तरह से आधुनिक बनाने और आधुनिक उपकरणों से लैस करने के लिए सहायता प्रदान करती है।

## एसआरइ फंड से ये होगा कार्य



उग्रवादी हिंसा में मारे गए नागरिकों/सुरक्षाबल के परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान।
सरेंडर करने वाले नक्सलियों को मुआवजा भुगतान।
फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन का निर्माण।
**सिविक एक्शन प्रोग्राम** :
उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए सड़क का निर्माण।
नक्सलरोधी अभियानों के लिए हेलीकॉप्टर मुहैया कराना।
चार पहिया और दो पहिया वाहन के लिए फंड।
पुलिस पिकेट बनाने के लिए फंड उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती।

## झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिले

झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।

## आज का राशिफल 26-12-2023

**मेष** : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

**वृष** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

**कर्क** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

**सिंह** : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

**तुला** : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

**मकर** : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

**कुंभ** : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

**मीन** : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

# ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर का वार्षिक महोत्सव पूरे धूमधाम से मना





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर के वार्षिक महोत्सव के मौके पर श्री विष्णु सहस्त्रनाम का अनुष्ठान सोमवार को पूरे धूमधाम से किया गया। इस मौके पर श्री विष्णु के 1008 नामों को सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने जाप किया। मंदिर को पीले फूलों से और महाप्रभु जगन्नाथ को पीले चमकीले श्रृंगार युक्त वस्त्र पहनाया गया। पूरा मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे रोशनी से सजाया गया है, जो दूर से ही भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। सुबह से ही मंदिर में हजारों भक्तों की भीड़ और महाप्रभु जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा। भक्तों में काफी उत्साह के साथ अनुष्ठान में भाग लिये। इस पूरे अनुष्ठान विधि को जगन्नाथपुर मंदिर के पुजारी श्रीराम महंती, कौस्तुब्धर मिश्रा ने मंत्र उच्चारण कर संपन्न कराया। समारोह की शुरूआत सुबह 8:00 बजे गणपति हवन होने के बाद श्री विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ कराया गया। इसके बाद मंगल आरती, विष्णु अष्टम का पाठ कर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लगभग 12000 भक्तों ने महाभोग (गंज भोग) जिसमें खिचड़ी,सब्जी और खीर का भोग वितरित किया गया। पूरे अनुष्ठान जगन्नाथपुर मंदिर के प्रथम सेवक सेवाईत ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अपने देख रेख में संपन्न कराया। इस पूरे कार्यक्रम में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के सचिव मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष अशोक नरसरिया, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, राजीव रंजन मिश्रा सदस्य एवं ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव प्रथम सेवक की उपस्थिति में यह कार्यक्रम को संपन्न कराया गया।

## ब्रिजफोर्ड स्कूल में जुटे पूर्ववर्ती छात्रों ने पुराने दिनों को याद कर की मस्ती



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना में सोमवार को कुछ सालों से बिछड़े मित्र मिले। मौका था एलुमनाई समेलन का। इसमें इस स्कूल से पढ़े भूतपूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राज अस्पातल में कार्यरत डॉक्टर शुभम शेखर के अलावा, अंकित, आशीष, विक्रांत पांडेय, सास्वत, अनंत अन्य छात्रों ने हिस्सा लिया। सभी भूतपूर्व छात्र अपने शिक्षकों से मिले और पुराने दिनों को याद किया। कार्यक्रम में एलुमनाई छात्रों ने वर्त्तमान छात्रों के साथ हिस्सा लिया। डांस और संगीत के साथ खूब मस्ती की। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रों को करियर संबंधी सलाह दी और और मार्गदर्शन भी किया। उन्हें बताया कि कैसे अभी की गई मेहनत उन्हें एक सुनहरे भविष्य में मददगार होती है।

## आर्य समाज का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सोमवार को आर्य समाज में आयोजित त्रिदिवसीय 129 वें वार्षिकोत्सव का सफलता पूर्वक समापन हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ से हुई। इसके वैदिक विद्वान आचार्य योगेश शास्त्री एवं आचार्य कौटिल्य थे।दोनों आचार्यों के संयुक्त वेदोच्चारण से यजमान राजेन्द्र आर्य सपत्नीक किये। संजय गोयल सपत्नीक, अजय आर्य सपत्नीक, संजय पोद्दार सपत्नीक ने यज्ञ कुण्ड में सभी के कल्याण के लिए आहुतियां प्रदान की। वरेण्यं आर्य ने गीता के चौथे अध्याय का पाठ किया। आर्ष कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणीयों ने ऋषि दयानन्द की गाथा गई। आचार्य योगेश शास्त्री ने संस्कार विषय पर उपदेश करते हुये कहा कि संस्कार विहीन मनुष्य चलती-फिरती लाश के समान होता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए। सत्यप्रकाश आर्य ने भजन ऋषि की निशानी है, ये आर्य समाज गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आर्य समाज के मन्त्री अजय आर्य एवं कोषाध्यक्ष संजय पोद्दार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। शान्ति पाठ श्री अशोक पाठक जी ने किया।इस अवसर पर वरुण बिहारी, पूर्णचन्द्र आर्य, सुनील गुप्ता, डॉ प्रद्युमन शास्त्री, विमलेंद्र शास्त्री, डॉ परम हंस प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड मिथिला मंच के तत्वावधान में इस वर्ष भी अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । 64 बार रक्तदान कर चुके समाज सेवी मृत्युंजय झा एवं आनंद झा नंदू ने शुरू में रक्तदान किया। इस अवसर पर सेवा सदन बल्ड बैंक की शिखा प्रिया की टीम ने अपना सहयोग दिया। रक्तदाता के रूप मधुप झा, आनंद कुमार झा, पंकज कुमार झा, गगन मिश्रा, सुजीत झा, प्रवीण कुमार झा, किशोर झा के संग अनेको रक्तदाता रहे। सेवा सदन बल्ड बैंक के द्वारा झारखंड मिथिला मंच रांची को उपहार स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।

## खबर एक नजर में

### मो रफी जैसे फनकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता : किशोर मंत्री



**रांची।** महान पार्श्व गायक मो. रफी के जन्मदिन पर मेरी आवाज- मेरी पहचान एवं फेडरेशन झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से चैंबर भवन में एक शाम मो रफी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि मो रफी जैसे फनकार को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कलाकार देवेश खान ने भी दिग्गज गायक मो. रफी को याद का भावुक हो गये। मौके पर सारे कलोकारों, पदधारियों एवं शामिल लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर जुटे संगीत प्रेमियों ने मो रफी के गाये गानों को सुर ताल के साथ समा बांध दिया। मो. रफी के दमदार गाने-दुनिया के रखवाले, खोया खोया चांद, जाने बहार, एहसान तेरा होगा मुझ पर, तूने पुकारा, ये चांद सा रौशन चेहरा, आ मेरे सोना रे, तूने मुझे देखा, लिखे जो खत तुझे, बहारो फूल बरसाओ, आदि गानों पर संगीत प्रेमियों ने अपनी उम्दा प्रस्तुति के साथ एक शाम मो रफी के नाम इस अनोखे अंदाज में किया, जो देखते ही बन रहे थे। मौके पर आनंद जालान, सिंगर कुमार गहलोत, किशन अग्रवाल, आफताब आलम, विवेक पासवान, कविता होरो, स्वपना चटर्जी, भावना, मो रिजवान, मो हैदर, बुलंद अख्तर, सुशीला लकड़ा, वीएन लकड़ा आदि शामिल थे।

### हटिया-एर्नाकुलम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**रांची।** रेल मंत्रालय की ओर से हटिया-एर्नाकुलम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन का आदेश जारी किया गया है। इस संबंध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी की गई है। जिसमे बताया गया है कि ट्रेन संख्या 06132 हटिया एर्नाकुलम अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का परिचालन 26 दिसंबर को हटिया से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का हटिया प्रस्थान मंगलवार 11:30 बजे एवं एर्नाकुलम आगमन गुरुवार 06:30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआर के 02 कोच एवं सामान्य श्रेणी के 21 कोच कुल 23 कोच होंगे।

### अटल जयंती पर पहाड़ी मंदिर परिसर में कंबल वितरण

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वीं जयंती पर पहाड़ी मंदिर प्रांगण में जरूरमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। श्री जायसवाल ने कहा कि अटल जी ओजस्वी वक्ता, जनकवि व अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित करने वाले भारतीय राजनीतिज्ञ के शिखर पुरुष थे। झारखंड राज्य स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की देन है। वाजपेई जी एक ऐसे नेता थे, जिन्हें हर राजनीतिक दल स्वीकार करते थे। अटल बिहारी वाजपेई एक कुशल प्रशासक और एक सफल राजनेता थे। उनके कार्यकाल को भारत के राजनीतिक में कभी भी नहीं भूलाया जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज कुमार जायसवाल, संजीव चौधरी, उदय चौधरी, अविनाश जयसवाल, रवि प्रजापति, तरुण जायसवाल, प्रदीप ठाकुर,अभिनव यादव, पीयूष गुप्ता, सागर वर्मा, अंकित कुमार, मंगल पांडेय, आशीष मिश्रा, किशन महतो, सुमित वर्मा ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## अटल जयंती पर कवि गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन

**रांची।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सोमवार सुबह से शुरू हुआ कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा अपने-अपने ढंग से अटल जी को याद किया जाता रहा। सरकारी राजनीतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा वाजपेयी जी को याद किया गया। इस मौके पर राजधानी रांची के डोरंडा में सामाजिक संगठन मां शारदे मंच की ओर से कवि गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के जरिए अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि कवियों के द्वारा दी गई। कवि गोष्ठी में मुजफ्फरपुर से आए संजय पंकज, हरियाणा के प्रीतम नायक, नई दिल्ली की पावनी कुमारी, जमशेदपुर के शैलेंद्र पांडे शैल, रांची की रेणु त्रिवेदी मिश्रा, प्रज्ञा कांत पाठक और नीतू सिन्हा ने कविता पाठ कर खुब तालियां बटोरी।

**अटल सम्मान से लोगों को किया गया सम्मानित** : इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में समाज के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। अटल समाज सेवा सम्मान के लिए महेंद्र अरोड़ा, राजेंद्र कुमार गांधी, रश्मि रानी, किरण सिंह और भुवन किशोर झा को सम्मानित किया गया। वहीं अटल शिक्षा रत्न सम्मान बीआईटी मेसरा के असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज कुमार सिंह, संत जेवियर कॉलेज रांची के हिंदी विभागाध्यक्ष जयप्रकाश पांडे और राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मैक्लुस्कीगंज के प्राचार्य नेहा प्रसाद को प्रदान किया गया। अटल कला रत्न सम्मान सुदीक्षा चौधरी और वीणा श्री को दिया गया, वहीं अटल गो सेवा सम्मान सुक्रिता मिश्रा और विद्यासागर पांडे को दिया गया। इस मौके पर रक्तदान कर मरीजों का जीवन रक्षा करने वाले रक्तवीरों को अटल रक्तवीर सम्मान और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को अटल सेवा सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

## जुगाड़ फाउंडेशन ने स्लम एरिया में बच्चों संग मनाया क्रिसमस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जुगाड़ फाउंडेशन की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सलम एरिया के बच्चों संग क्रिसमस की खुशियां बांटी गई। इस मौके पर बरियातू सलम एरिया पुलिस थाना के पीछे बच्चों के साथ फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रभु यीशु के जन्म पर्व पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया। क्रिसमस गीत गाये गये और पेंटिंग का आयोजन किया गया। क्रिसमस केक काटे गए और बच्चों को उपहार के रूप में चॉकलेट, टॉफी, गुब्बारे, कॉपी-पेन दिए गये। सांता टोपी पहन बच्चे फूले नहीं समा रहे थे।

फाउंडेशन की डायरेक्टर चंचला देवी शालिनी, स्वस्तिका, रंजन, अंकित, स्वप्निल, विशाल, सोनू रिया आदि मुख्य रूप से इस मौके पर उपस्थित थे।

फाउंडेशन की ओर से हर साल दिवाली, नव वर्ष, बाल दिवस, शिक्षक दिवस, आदि पर सलम एरिया में इस तरह का आयोजन किया जाता है।

## सीएमपीडीआइ में मनी भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जन्म जयंती



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीएचयू पूर्व छात्र समागम, रांची चेप्टर के तत्वावधान में सीएमपीडीआई के स्वर्णरेखा हॉल में समाज सुधारक एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जन्म जयंती सोमवार को मनायी गयी। मुख्य अतिथि सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार (पूर्व छात्र 1986 बैच, माइनिंग) ने पंडित मदन मोहन मालवीय की तसवीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवन कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीएमपीडीआई के पूर्व निदेशक (तकनीकी) एवं वरीय सलाहकार (पूर्व छात्र 1985 बैच, माइनिंग) एके राणा उपस्थित थे। मौके पर पूर्व छात्रों ने महामना जी को पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके द्वारा कुलगीत का गायन भी किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय जी महान शिक्षाविद्, बेहतरीन वक्ता, कर्मयोगी एवं कानुनविद् थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुप्रथाओं के उन्मूलन तथा जाति भेदभाव को समाप्त करने में बड़ी भूमिका निभायी। सामाजिक समरसता के पैरोकार थे। विशिष्ट अतिथि श्री राणा ने कार्यक्रम की निरंतरता बनाये रखने की अपील किया और उपस्थित जनों से मालवीय जी के बीएचयू के स्थापना के दौरान किए गए संघर्ष को साझा किया। इस अवसर पर ऋषभ प्रभात, अनुभव सिन्हा, प्रियांकर उपाध्याय, हरीश बाबू, राकेश मोहन रॉय, आफताब आलम आदि पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित थे। मंच का संचालन पूर्व छात्र विवेकानंद गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व छात्र विवेक त्रिपाठी ने किया।

## डीएवी गांधीनगर ने रोटी बैंक के माध्यम से 400 जरूरतमंदों को कराया भोजन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** तुलसी पूजन दिवस पर कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल ने रिलेशनस के साथ मिलकर 25 दिसंबर को बरियातू के रिम्स स्थित रोटी बैंक में 400 जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा, रिलेशन के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रोटी बैंक के संचालक विजय पाठक एवं गंगा यात्री पीयूष पाठक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी लोगों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही असली सेवा है।

हमें हमेशा मानव सेवा के लिए तैयार रहने की जरूरत है। तभी हम और हमारा विकसित होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमोद सहाय, निराकार आचार्या, एके सिंह, बीके सिन्हा, गोविंद झा, पुष्प झा, कृष्णा प्रसाद आदि शिक्षक उपस्थित थे। साथ ही एनएसएस के स्वंसेवक शुभम चौधरी, मनीष कुमार, जय श्रीवास्तव, गोविंद कुमार आदि कई युवाओं ने भोजन वितरण कार्यक्रम में सहयोग किया। यह जानकारी स्कूल के प्रमोद सहाय ने दी।

स्पीड न्यूज

### सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवक घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अर्न्तगत रांची पुरुलिया सडक पर सोमवार की शाम सड़क दूर्घटना में बाईक सवार दो युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । दोनो को एक पुलिस के अधिकारी अपनी गाडी में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोन्दली पोखर पहुंचाया जहां से दोनों की गम्भीर हालत को देखते हुए तत्काल बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया । इनका नाम फिरोज मुन्डा पिता दशवा मुन्डा तथा मंगल मुन्डा पिता लूघुवा मुन्हा बूढी बेडा गाव के रहने वाले बताए गए हैं ।

### किसान उवि पिठोरिया में शिक्षक संघ की बैठक कल

**ठाकुरगांव।** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक 27 दिसंबर को किसान उच्च विद्यालय पिठोरिया में आयोजित की गई है। मौके पर संघ का पुनर्गठन किया जायेगा साथ ही छात्रों व शिक्षा कर्मियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया जाएगा। उक्त जानकारी संघ के प्रदेश महासचिव प्रदुमन पांडेय ने दी है।

### हेसल टोल प्लाजा का निर्माण नियम विरुद्ध



**अनगड़ा।** पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के फी रूल 2008 के अनुसारए किसी भी हाईवे पर दो टोल प्लाजा के बीच का अंतर 60 किलोमीटर होना ही चाहिए लेकिन एनएच 33 पर इसका उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले से ही बुंडू के एदलहातू और रांची रामगढ़ मार्ग के चुटुपालू घाटी से पहले पुंदाग में टॉल प्लाजा सक्रिय हैं। जिनकी दूरी 60 किमी भी नहीं है। इसके बावजूद इन दोनों के बीच हेसल रिंग रोड में टोल प्लाजा का निर्माण करना गलत है। उन्होंने कहा कि हेसल टोल प्लाजा को हटाने की मांग करेंगे।

### खेत से वृद्ध महिला का शव बरामद

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना की पुलिस ने सोमवार की शाम पांच बजे थाना क्षेत्र के पिपरा टोली गांव के समीप एक खेत से एक वृद्ध महिला का शव बरामद किया है ।शव सड़ा .गला अवस्था में पाया गया। महिला की पहचान रजरप्पा थाना अंतर्गत बोंगा सोरी गांव की खुरवा देवी ;65द्ध पति मनुवा प्रजापति के रूप में की गई है। सूचना मिलते ही परिजनों ने सिकिदिरी पहुंच कर शव की पहचान की। परिजनों ने बताया कि खुरवा देवी एक माह पूर्व अपने घर से लड़ाई .झगड़ा कर गुस्से में निकल गई थी। खोज .बीन करने पर उसका का कहीं पता नहीं चल पाया। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम चरवाहों ने देखा था। पंसस महेश गंझू की सूचना पर सिकिदिरी थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया ।पुलिस ने घटनास्थल से एक थैला भी बरामद किया है। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया।

### भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल

**राहे।** ओपी क्षेत्र के दोकाद पंचायत के गोमदा पहाड़टोली गांव में सोमवार रात 8 बजे भालू ने एक व्यक्ति को हमला कर घायल कर दिया है। गांव के 29 वर्षीय शम्भूनाथ उराँव काम कर के वापस घर लौट रहा था। अचानक से झाड़ी से एक भालू निकल कर हमला कर दिया। घायल व्यक्ति ने आवाज देकर लोगों को बुलाया ।आवाज सुन कर गांव के घासीराम उराँव दुर्योधन उराँवएविजय उराँव बंशी धर महतो नरेश महतो घटनास्थल पहुँच कर व्यक्ति को भालू से बचाया ।घटना की सूचना पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो ओर पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष महतो तत्काल घटनास्थल पहुँच कर एम्बुलेंस की व्यवस्था कर इलाज के लिए घायल को रिम्स भेजा। व्यक्ति के पैर को भालू ने नोंच खाया है। घटना की सूचना वन विभाग को दिया गया और इलाज की व्यवस्था करने की मांग किया गया है।

# जिसकी जितनी संख्या उसको उतना मिले आरक्षण

## ●आरटीसी बीएड कॉलेज सभागार में कुरमी विकास परिषद का 49वां सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आरटीसी बीएड कॉलेज सभागार में सोमवार को कुरमी विकास परिषद का 49वां वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी की अध्यक्षता में हुई। इस सम्मेलन में रांची सहित विभिन्न जिला से पहुंचे समाज के लोगों ने समाज की मजबूती व संगठित रखने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने दहेज प्रथा को एक सामाजिक बुराई बताया और कहा कि आज बेटी की शादी के लिए लोग अपनी जमीन बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने समाज से दहेज प्रथा को हटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाना है तो बेटी की शिक्षा अनिवार्य करें। अपने बच्चों को संस्कार दें। चरित्र निर्माण से ही सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर बेटी शिक्षित होगी तो वह पूरे समाज को ही शिक्षित कर देगी। इससे संस्कार में भी बदलाव होगा और समाज का विकास होगा। उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए समाज को संगठित होकर संघर्ष करने को कहा। वहीं पद्मश्री छुटनी देवी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश, उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज के सचिव संतोष महतो व डॉ पारसनाथ महतो सहित कई लोगों ने संबोधित किया और सरकार से जाति जनगणना कराने और जिसकी जितनी जाति उतनी आरक्षण देने की मांग की।



आरटीसी बीएड कॉलेज सभागार में सम्मेलन में अतिथियों के साथ समाज के लोग।

**इन्होंने रखीं अपनी बातें**

आरटीसी बूटी के निदेशक डॉ रुद्रनारायण महतो, केवीएम केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, झारखंड कुरमी महासभा के महाधिव कारीनाथ महतो, अखिल भारतीय कुरमी महासभा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कश्यप, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, झारखंड कुरमी विकास परिषद केंद्रीय सदस्य सुरेश प्रसाद, राजकुमार महतो, केंद्रीय सचिव सुनील कुमार महतो, ब्रजकिशोर गांधी, राजेंद्र महतो, सोनालाल महतो, कैलास महतो, डॉ धनेष्वर, चिंतामनी महतो, आनंदराम महतो, शशिकला देवी, पार्वती महतो, मीना देवी, उर्मिला देवी, सुष्मा देवी, विनीता मेहता, संजय पटेल, पनेश्वर महतो ने भी समाज के विकास के लिए अपनी बातें रखीं। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। कहा कि अगले वर्ष महासम्मेलन का 50 वर्ष होने पर समाज की एक स्मारिका निकाली जाएगी। मौके पर रांची सहित विभिन्न जिला से पहुंचे समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### हुंदुर में रईसका डूबा जतरा का आयोजन

**पिठोरिया ।** सोमवार को कांके प्रखंड के हुन्दुर में रईसका डूबा जतरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरना समिति धुर्वा रांची के अध्यक्ष मेघा उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि जतरा मेला के आयोजन से आपसी सद्भाव बढ़ता है। कई स्थानों से पारंपरिक भेष भूषा के साथ खोढहा उपस्थित हुए। इसके अलावे महिलाओं का पारंपरिक नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। जतरा में रईसका डूबा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उनकी जीवनी को दर्शाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप उरांव मुनेश्वर मुंडा सोमा उरांव गुरु चरण मुंडा बालेश्वर पाहन दिलीप उरांव विक्रम उरांव विनोद उरांव मुखिया श्रीमती रजनी देवी सतीश उरांव रघु पाहन सतीश करमाली शामिल हैं।

## नये साल 2024 के सेलिब्रेशन की तैयारी में युवाओं की बन रही टोली

### रिसोर्ट का किया जा रहा है चयन

शेख मुजिबुल

**रातू।** नया साल 2024 का आगाज 31 दिसंबर की रात 12 बजे होगी। लोग नये वर्ष को शानदार तरीके से सेलिब्रेट करने की तैयारी में जुट गये हैं। युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वह अभी से ही इसके सेलिब्रेशन की मूड में हैं। पिकनिक के लिये टोली बनायी जा रही है। इसमें अधिकांश स्कूल व कॉलेज के छात्र और छात्राएं हैं। रिसोर्ट के चयन किये जा रहे हैं। अगले दो से तीन दिनों में इसे अंतिम रूप देकर संसाधन जुटाये जाने की उम्मीद है। ऐसे तो लोग अपने घरों में भी नये साल का आनंद उठा सकते हैं। यह कई मायने में बेहत्तर है। जोखिम भी नहीं है। इस अंग्रेजी त्योहार में मटन और चिकन महंगे होने की संभावना है। इधर बड़ा दिन खत्म होते ही सभी के बीच नववर्ष की उमंग छाने लगी है।

**ये हैं रमणीय स्थल**

टैगोर हिल, राजकीय संग्रहालय होटवार, पहाड़ी मंदिर, नक्षत्र वन, दशम फॉल, जोन्हा फॉल, पतरातू घाटी, हुंडरू फॉल, बिरसा ज्युलाजिकल पार्क, पंचघाघ, जगरनाथ मंदिर, रांची झील, कांके डैम, रॉक गार्डन, सूर्य मंदिर व तिरु फॉल को पिकनिक स्थल के तौर पर चयन की चर्चा है। युवाओं का पसंदीदा फन कैशल पार्क भी है। यहां आने–जाने में परेशानी कम है और खर्च भी कम पड़ेंगे। पार्क में राइडिंग की व्यवस्था है। कैंटीन में परिवार के साथ लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया जा सकता है।

### पिपरवार में मनी अटलजी की जयंती

**पिपरवार।** कल्याणपुर में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनको याद किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रमुख रीना कुमारी ने करीब 40 गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि अटल जी भारत की राजनीति के अजात शत्रु थेण उन्होंने भारत की राजनीतिक अस्थिरता को उभारने के साथ देश के अंदर राजनीति में शुचिता और पारदर्शिता का एक आदर्श प्रतिमान रखा था। इस प्रमुख रीना कुमारीए माधुरी देवीएअरुण उरांवए गणेश राणाएललिता कुमारीएसीमा देवीएजॉनी भगतएचंचल देवीएनुपुर देवीए सुचिता भगतए रेणु देवीए उषा देवीएसरिता देवीए अंतराज उरांवएअंश उरांवए सहित कई लोग मौजूद थे।

## गरीबों की सेवा कर मनायी गयी अटलजी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आदर्श उच्च विद्यालय में पांचा में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा द्वारा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। वहीं गरीब वृद्धों के बिच कंबल वितरण किया गया। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने भजपा को गरीब गुरुवा की पाार्टी बताया और गरीबों की विकास के बारे में सोचती है। कहा आज अंचल में बिना पैसा लिए कोई काम नही होता है। भाजपा के रघुवर सरकार के दौरान जिस बालू 10-15 हजार में मिलती थी। हेमंत की सरकार में 40-50 हजार देना पड़ रहा है। किसान मोर्चा के प्रदेष उपध्याक्ष ने भी अंचल कार्यालय में फैली भ्रटाचार का जिक्र किया और कहा कांग्रेस व जेएमएम केवल अपना जेब भरने का काम कर रही है। मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, मानकी राजेंद्र शाही, बनमाली महतो, अलखनाथ महतो, विक्रांत तिवारी, राजधाम साहू, शशि मेहता, अजय साहू, नवीन साहू कैलाश पाहन, अनिरुद्ध साहू, विक्की साहू, ओमप्रकाश साहू नीलमोहन पाहन, राजेंद्र चैधरी, अषेष्वर लाल गुप्ता, धनंजय महतो, बालक महतो, दीपक मुंडा, सुनील महतो, सरोज महतो सुखलाल महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थें।



वृद्ध व गरीबों के साथ भाजपा कार्यकर्ता गण।

### रामभवन में मनी वाजपेयी जी की जयंती

**ओरमांझी।** झारखंड नागरिक विकास परिषद द्वारा सोमवार को रामभवन ओरमांझी में भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित कर उनके तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने अटहलबिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाष डाला और कहा सभी राजनीति पार्टी के कार्यकर्ता व नेताओं को उनके मार्ग में चलने की जरूरत है। मौके पर मुख्य रूप से समाज सेवी रणधीर चैधरी, धनीलाल महतो, मनोज महतो, रामरतन महतो जालेष्वर महतो, योगेश महतो, रेणु चैधरी, शांति कुमारी, अनिल कुमार महतो, उलाश महतो संजय कुमार महतो, नवीन महतो आदि उपस्थित थें।

## इटकी के सीएनआई चर्च में विशेष आराधना सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी के मुख्य सीएनआई चर्च में क्रिसमस के मौके पर सोमवार को विशेष अराधना सभा का आयोजन किया गया। मौके पर चर्च के पादरी रेवण एन कंडुलना ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस शांति और प्रेम का संदेश देता है। मानवता की सेवा और मनुष्यों से प्रेम करना ही मसीहियों की पहचान है। येशू मसीह के आदर्शों को अपना कर ही खिस्त जीवन की अवधारणा को पूर्ण किया जा सकता है। यही उपदेश ईसा मसीह ने समस्त मानव जाति को दिया है। उन्होंने लोगों को ईसा मसीह के उपदेशों का अनुश्रण कर येशू खिस्त के सच्चे अनुयायी बनने का अह्वान किया। इसके पूर्व विशेष आराधना सभा मे सैकड़ों मसीहियों ने भाग लिया। इसके बाद लोगों ने एक दुसरे को क्रिसमस की बधाई देते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। चर्च परिसर में इटकी बुद्धिजीवी मंच द्वारा आयोजित स्वागत सेवा शिविर व मिलन समारोह में एक दूसरे को त्यौहार की बधाइयां दी गयी। मौके पर सहायक पादरी जे तिर्की प्रभात केरकेट्टा विजय बेक बिनोद कुमार सिन्हा अमित बेक देवेंद्र महतो प्रीतम खलखो आसरेन कच्छप निशित केरकेट्टा बोनी कच्छप अनूप टोप्पो रवि कुजूर व उज्जवल बेक सहित अन्य मौजूद थे। इधर रानीखटंगा महुआ टोली मकुन्दा सियार टोली कूर्गी सहित अन्य गांवों के चर्चों में भी विशेष प्रार्थना की गयी और येशु मसीह का जन्मोत्सव मनाया गया।



## बुंडू : मजदूर सेवा संगठन ने छात्रों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** मजदूर सेवा संगठन बुंडू के तत्वाधान पर सोमवार को बुंडू स्थित अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के मैदान में आयोजित एक समारोह में अनुमंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2023 चयनित मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस प्रतियोगिता में बुंडू अनुमंडल क्षेत्र से संत जेवियर उच्च विद्यालयबुंडू में आयोजित परीक्षा में करीब 14 00 छात्र छात्राओं ने भाग लिए थे। परीक्षा तीन ग्रुप ए ग्रुप में क्लास 7 एवं 8 बी ग्रुप में नवी दसवीं सी ग्रुप में 11ए12के विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था परीक्षा के बाद तीनों ग्रुप को पुरस्कार दिया गया।तीनों ग्रुप के विजेता विद्यार्थी को प्रथम को कंप्यूटर एद्वितीय को साइकिल अबाउट तृतीया को स्मार्ट वॉच दिया गया। पुरस्कार वितरण अतिथि न्यायाधीश कृष्णा लोहाराए सहायक निदेशक स्वर्ण रेखा परियोजना झारखंड के दिनेश रंजन ए और अनुमंडल पदाधिकारी जगन्नाथपुर मुकेश मछुवा के हाथों से उत्कृष्ट विजेता छात्र.छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।समारोह में झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य डॉ राधा रमन साहू को शिक्षा के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

**एक नजर में**

### श्री बजरंग बली मंदिर बूटी की समिति का विस्तार



**रांची।** श्री श्री बजरंगबली मंदिर समिति बूटी मंदिर परिसर में वार्षिकोत्सव मनाने को लेकर एक बैठक हुई। इसमें कमेटी का विस्तार किया गया। कमेटी में सचिव– शिव गोविंद प्रसाद, रामकिशोर ओहदार, उप सचिव ललकु महतो। अध्यक्ष– बाल कृष्णा महतो, नरेश महतो उपाध्यक्ष– लगन लाल महतो, काशी महतो एवं संयोजक रामेश्वर प्रसाद को नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम किशोर महतो, कार्यकारी उपाध्यक्ष अजय कुमार महतो, अनय कुमार ओझा, सहसचिव अनिल कुमार श्रीवास्तव, संगठन सचिव अजीत महतो, कपील महतो एवं लिखेश्वर ओहदार तथा कोषाध्यक्ष अनूप कुमार महतो, सह कोषाध्यक्ष विजय महतो को नियुक्त किया गया है। मौके पर भवसागर ओहदार, अजय कुमार ओझा, मोहनलाल महतो, रंजीत कुमार भगत, फुलेश्वर महतो, जयनाथ महतो, रमेश महतो आदि मौजूद थे।

### नावाडीह क्षेत्र के बुरुडीह सतिया में चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास

**राहे।** प्रखंड के नावाडीह पंचायत के बुरुडीह सतिया में देर शाम विधायक सुदेश महतो ने चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। लघु सिंचाई प्रमंडल खूंटी के द्वारा चेक डैम निर्माण कराया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि हर घर में पेयजल के बाद हर खेत में सिंचाई का पानी पहुँचाया जायेगा। किसान के लिये खेत तक बिजली और पानी पहुँचाने की व्यवस्था किया जा रहा है। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थए रंग बहादुर महतोएम्युकभूषण महतो एवीरेन मुंडाए संजीव लोहाराए प्रमोद सिंहएमनोरंजन भोक्ताएवीरेंद्र महतोए मीरा महतोएसहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### कपड़ा बैंक ने किया कपड़ा और कंबल वितरण



**बेड़ो।** बेड़ो कपड़ा बैंक की टीम के द्वारा सोमवार को कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में परयागो बस्ती में वहां के समाजसेवी बेरनाबेत बेक के सहयोग से जरूरमंदों के बीच में 300 कपड़ों एवं कंबल का वितरण किया गया। वितरण में लोगों के बीच ठंड कपड़े में स्वेटरए जैकेटए कंबलए शॉलए साड़ीए जीन्सए पैंटए सर्टए कुर्ती इत्यादि का वितरण किया गया। जहां मौके पर कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने कहा कि ठंड में लोगों को ठंड से बचने के लिए कपड़े की अधिक आवश्यकता होती है। कपड़ा बैंक लगातार जरूरतमंदों के बीच कपड़े का वितरण कर रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया की जिन लोगों के पास अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में दे सकते हैं जिससे अधिक से अधिक लोगों को कपड़ा वितरण किया जा सके।

### मकर संक्रांति मेला 14 को, कमेटी का गठन

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के खीराबेड़ा में 14 जनवरी को लगने वाले मकर संक्रांति सह टुसू मेला को लेकर सोमवार को महेश महली की अध्यक्षता मोरशेरवा टांड़ में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। मेला का सफल आयोजन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से त्रिवेणी वेदिया को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं सचिव किशोर महली, कोषाध्यक्ष सुनिल वेदिया, महामंत्री दिनेश महतो, उपाध्यक्ष अनिल महतो (अप्पू), उपसचिव सुलेन्द्र बेदिया, उप कोषाध्यक्ष फुलेन्द्र कुमार, मंत्री कुलदीप महतो, उप महामंत्री महेश बेदिया, संरक्षक महेश महली आदि को बनाया गया है।

## पिपरवार मंडल के शक्ति केंद्रों पर मनी अटल जी की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पिपरवार मंडल के हर शक्ति केंद्रों पर अटल बिहारी वाजपेई जयंती श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्भारत रत्नश अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दूसरे को मिठाई खिलाकर उनकी जन्म जयंती मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा पिछले साढ़े नौ सालों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकासए सुरक्षा और सुशासन के जो नये कीर्तिमान स्थापित किये हैंएउसकी आधारशिला अटल जी ने अपने शासनकाल में ही रख दी थी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्राए कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतोए ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतीए महामंत्री राधा देवीए रीना देवीए अजय रजक रीमा देवीए जगदीश भोगताएजीतेन्द्र कुमार सिहएराम लाल महतोएपुजा देवी बांटी सिंहएअजय शर्मा सक्रिय सदस्य शिव शंकर भोगताएसहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बेड़ो में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में सोमवार को एकल अभियान संच समिति के द्वारा तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तुलसी पूजन दिवस कार्यक्रम के दौरान महादानी मंदिर के पुजारी अशोक पंडा ने विधिवत रूप से तुलसी की पूजा अर्चना की। वही तुलसी पूजन दिवस पर एकल अभियान बेड़ो संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस घर के आंगन में तुलसी रहे उस घर में सभी लोग निरोग रहते हैं और सुख समृद्धि की कमी नहीं होती है। अतः सभी कोई अपने घर में तुलसी का पौधा लगाए। कार्यक्रम को आदिवासी विकास मंच के जगरनाथ भगतए संघ के रंजीत खत्री मुकेश कुमार राय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में एकल अभियान बेड़ो संच के सभी आचार्यों एवं बच्चों ने भाग लिया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।



**जरूरतमंदों को मिला कंबल**

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के गरीबों के बीच सांसद प्रतिनिधी धनंजय कुमार रॉय कंबल का वितरण किया। मौके पर बेड़ो भाजपा के पुर्व बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारीए मंडल महामंत्री बली सिंह उपस्थित थे।

## छिपी प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रहा आजसू : देवशरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रतिभाएं गांवों में छिपी हुयी लेकिन गरीबी और सही मार्ग दर्शन नही मिलने के चलते उन्हें आगे बढने का मौका नही मिला है। आजसू पार्टी उन्हे आगे बढाने का काम कर रही है जिसका उदाहरण दिल्ली विधान सभा क्षेत्र है। उक्त बातें आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने कही वे सोमवार को आजसू पार्टी के द्वारा नावागढ़ में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के फाईनल मैच के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। फाईनल मैच कुचु पंचायत और नवागढ़ पंचायत के बीच खेला गया जिसमें नवागढ़ गढ़टोली की टीम प्लेंटी शॉटूऑउट में 3.2 से विजय रही । इस टूनार्मेंट में कूल 12 पुरूष टीम और दो बालिका टीम ने हिस्सा लिया । सभी टीमों को आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव के सौजन्य से जर्सी और फुटबॉल देकर सम्मानित किया गया । विजेता और उपविजेता टीमों को नगद राशि भी देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में विशिष्ट अतिथि.बुद्धिजीवी मंच के जिला अध्यक्ष मुकुंद मेहता जी विशेष रूप से उपस्थित थे। साथ हीं मौके पर झारखंड आंदोलनकरी जलनाथ चौधरी नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया पंचायत प्रभारी ऋषि हजाम गीता देवी लखिन्द्र बेदिया जगदीश भोगता पहलू बेदिय गुदु बेदिया अक्षय भोगता अजय उराँव बिरसा मुंडा बीरेंद्र मुंडा लखिन्द्र भोगता गणेश बेदिया प्रवीण हजाम धनेश्वर बेदिया एतवा बेदिया इत्यादि मौजूद थे।



### अनगड़ा में निर्मल महतो की मनी जयंती

**अनगड़ा ।** प्रखण्ड क्षेत्र अर्न्तगत गोंदली पोखर चौक पर सोमवार को विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने शहीद निर्मल महतो जयन्ति के मौके पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवशर पर आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो के नेतृत्व में झारखण्ड आंदोलन के अग्रणी नेता वीर शहीद निर्मल महतो की 73 वीं जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई स वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद निर्मल महतो के झारखंड के निर्माण में किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनका जो सपना था आज भी अधूरा है उनके अधूरे सपनो को पूरा करना हीं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी । मौके पर केंद्रीय सदस्य उमेश महतोए महिला केंद्रीय सचिव फूलकुमारी देवीए जिला सचिव अजीत महतो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतोए वरिष्ठ आजसू पार्टी जगरनाथ महतोए लक्ष्मण महतोए कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम साहूए उपाध्यक्ष किशुन महतोए ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय महतोए सह सचिव विष्णु महतो संजय महतो आदि उपस्थित थे।

# असुरक्षित बेटियां

गुमला, दुमका पाकुड़ से लेकर हाथरस, होशियारपुर से लेकर बल्लभगढ़ तक बेटियों के साथ क्रूरता की हदें पार करती घटनाओं ने पूरे देश को सोचने पर विवश किया है। झारखंड में बेटियों के साथ होने वाली किसी भी हैवानियत की जांच अब एसपी करेंगे। दुर्भाग्य से एसी घटना सबसे ज्यादा रांची के आसपास से ही आती है। बेटियों के साथ यौन हिंसा की घटनाओं का अंतहीन सिलसिला जारी है। सोमवार को हरियाणा के बल्लभगढ़ में बी.कॉम. अंतिम वर्ष की छात्रा के अपहरण की असफल कोशिश के बाद दिनदहाड़े हुई हत्या कानून व्यवस्था के प्रति अपराधियों के बेखौफ होने को दशार्ती है। छात्रा के अपहरण की कोशिश दो वर्ष पूर्व भी हुई थी। यदि इस मामले में सख्त कार्रवाई होती तो शायद छात्रा आज जिंदा होती। शासन-प्रशासन का संवैधानिक दायित्व बनता है कि व्यक्ति विशेष के जीवन पर आने वाले किसी भी खतरे से उसकी रक्षा की जाये। खासकर लड़कियों की शिक्षण संस्थाओं के बाहर तो सुरक्षा इंतजाम ऐसे होने चाहिए कि बेटियां सिरफिरे आशिकों से अपनी रक्षा करने में सक्षम हो सकें। हाल ही में आये एक सर्वेक्षण में इस बात का खुलासा हुआ था कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। अभिभावक अब बेटियों के परिवार में आने का स्वागत कर रहे हैं और बिना किसी भेदभाव के उनका बेहतर ढंग से भरणपोषण कर रहे हैं। लेकिन बेटियों के प्रति लगातार बढ़ रहे अपराधों से उनका उत्साह कम हो सकता है। इन आशंकाओं को दूर करना शासन-प्रशासन का दायित्व बनता है। बेटियों के खिलाफ होने वाली हिंसा को रोकने के लिये पुलिस-प्रशासन को संवेदनशील व जवाबदेह बनाने की जरूरत है। वहीं समाज को भी मंथन करना होगा कि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट होने से कैसे बचाया जाये।

# अमेरिकी नजरिया

अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए बने अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ ने बाइडेन सरकार से अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत भारत को 'विशेष चिंता वाला देश' घोषित करने का आह्वान किया है। यह आयोग 2020 से लगातार ऐसी ही मांग उठाते आया है। इस साल फिर आयोग ने कहा है कि भारत व्यवस्थित तरीके से लोगों की धार्मिक आजादी और आस्था को निशाना बना रहा है। इसलिए भारत को विशेष चिंता का देश नामित किया जाए। खास बात यह है कि इस बार भारत के लिए यह नकारात्मक टिप्पणी विदेशों में धार्मिक अल्पसंख्यकों को कथित रूप से निशाना बनाने का हवाला देते हुए की गई है। कुछ समय पूर्व कनाडा में खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और उसके बाद अमेरिका में इसी तरह गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश को आयोग ने चिंताजनक बताया है। हालांकि इन दोनों मामलों पर भारत की प्रतिक्रिया को लेकर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा है कि जरूरी नहीं कि दोनों मुद्दे एक जैसे हों। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां हम जो करते हैं जिम्मेदारी से करते हैं। अच्छी बात है कि भारत सरकार कहीं तो ये स्वीकार कर रही है कि वो जो करती है जिम्मेदारी से करती है। वर्ना पिछले कुछ सालों में तो यही दिख रहा है कि बड़े-बड़े फैसले बिना किसी जिम्मेदारी के लिए जा रहे हैं। नोटबंदी और लॉकडाउन जैसे फैसले इसकी मिसाल हैं, जिनमें लाखों लोग प्रभावित हो गए और फिर भी कहीं किसी की जिम्मेदारी नहीं तय हुई। अब विदेश मंत्री को इस बात का जवाब भी दे देना चाहिए कि आखिर क्यों अमेरिकी आयोग लगातार तीसरे साल भारत की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंताजनक टिप्पणी कर रहा है। इससे देश की छवि धूमिल हो रही है।

# मोदी सरकार में अद्वितीय विकास के पथ पर नारी शक्ति




**महिलाओं** के जीवन के हर क्षेत्र में हो रहे सर्वांगीण विकास को समझने की कोशिश करते हैं। मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के क्षेत्र में किए जा रहे प्रमुख उपलब्धियां पर एक नजर डालते हैं ,जिसमें मिशन शक्ति,उज्ज्वला योजना, सामाजिक सशक्तिकरण , सुकन्या समृद्धि, कुपोषण से संघर्ष, वित्तीय सशक्तिकरण, स्टैंडअप इंडिया महिला, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ,स्त्री शक्ति और नारी शक्ति वंदन अधिनियम आदि है ।सर्वप्रथम महिला सशक्तिकरण के लिए लिंग अंतर को कम करने के उद्देश्य से भारत के जेंडर बजट को 2023 और20 24 के केंद्रीय बजट में 2.23 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

महिला विकास व कल्याण के लिए 2022 में मिशन शक्ति लांच किया गया ।इसमें महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ‎विज्ञान ज्योति ‎में दो केटेगरी पहला वाइजर (विज्ञान और इंजीनियर अनुसंधान में महिलाओं की भागीदारी) और दूसरा क्यूरी (कंसोलिडेशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च फॉर इनोवेशन एंड एक्सीलेंस) दोनों में 30, 4 5 1 पंजीकरण किया गया ।मिशन शक्ति में सामर्थ उप योजना के तहत ‎शक्ति सदन‎ में 441 इकाई के लिए 266 करोड रुपए का बजट लाया गया ।तथा वर्किंग वूमेन हॉस्टल की 1,025 इकाई खोला गया ।प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 2,630 करोड रुपए का बजट लाया गया, जिसमें 3.31 करोड़ लाभार्थी को लाभ मिला ।राष्ट्रीय क्रेच (शिशु गृह)में 83,672 लाभार्थी को लाभ मिला।

मिशन शक्ति लांच के तहत संबल उप योजना में वन स्टॉप सेंटर चलाया जा रहा है, जिससे 2015 से 2023 में 6,99,405 महिला लाभार्थी को लाभ मिला है। महिला हेल्पलाइन के माध्यम से 65.95 लाख महिलाओं को सहायता दी गई है।

जन्म लिंगानुपात की स्थिति प्रति 1000 लड़कों पर यूपीए के समय 900 लड़कियां थी, वहीं एनडीए के समय प्रति 1000 पर 934 लड़कियां हैं।(0-06 के आयु वर्ग में )इस तरह से देखा जाए तो राष्ट्र निर्माण में महिलाएं बराबर की भागीदार बन रही है ।महिलाओं के लिए पूरे देश भर में चौतरफा सुरक्षित वातावरण तैयार हो रहा है। मातृशक्ति सशक्त हो रही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने ‎स्वच्छ ईंधन ,बेहतर जीवन की परिकल्पना के साथ पीएम उज्जवला योजना की शुरूआत की गई। धुंआ मुक्त घर सुनिश्चित करने हेतु 2016 में पीएम उज्जवला योजना की शुरूआत हुई ।इसके तहत 5 करोड़ बीपीएल परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देने का लक्ष्य प्राप्त किया गया ।जहां 2014 के अप्रैल में 14.52 करोड़ घरेलू ग्राहक थे ,वहीं 2023 अप्रैल में 30.53 करोड़ ग्राहक की बढ़ोतरी हुई ।और इसमें 7,680 करोड़ रूपया परिव्यय किया गया ।इसमें कुल 11,18,70,119 एलपीजी एलपीजी गैस कनेक्शन वितरित किया गया।



- सुनीता सिंह

> रक्षा सेवा में स्त्री शक्ति की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया ।जहां पुलिस बलों में 33 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को आरक्षण दिया गया,वहीं 2022 में 28 प्रतिशत महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन में जगह मिली ।सभी 33 सैनिक स्कूल में लड़कियों के नामांकन का प्रावधान को लाया गया ,जिसमें 838 लड़कियां पंजीकृत हुई। एन .सी.सी में महिला कैडेट के पंजीकरण में जहां 2014 में 25 .4प्रतिशत था वही 2019 में 33.72प्रतिशत हुआ,जिसे बड़ा

महिलाओं का सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत मूलभूत सुविधाओं से युक्त पक्का मकान उपलब्ध कराया गया, जिसमें 69% लाभार्थी महिलाएं हैं ।जिसका लक्ष्य 2,92,5 8,957 का लक्ष्य लिया गया ।जिसमें 2,26,16,32 1के लक्ष्य को प्राप्त किया गया। महिलाओं के जीवन में बदलाव के लिए जल जीवन मिशन के तहत महिलाओं को सशक्त करने हेतु परिवारों को नल जल कनेक्शन वाले घर प्रदान किया गया । जिसमें 8,93,20,313 परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किया गया। स्वच्छ भारत मिशन खुले में शौच का उन्मूलन के लिए और महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए 11.9 करोड़ व्यक्तिगत शौचालय निर्मित किया गया ।इसमें लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी 97% का निर्माण किया गया। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए 3.10 करोड़ खाता खोले गए। इसमें 3.50,08,208 का पंजीकरण हुआ और उसने 1,75,007.65 करोड़ की राशि बचत खाता में डाली गई।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 6 साल से कम उम्र के बच्चों के कुपोषण की समस्या को दूर करने हेतु पोषण अभियान का शुभारंभ किया, जिसमें पोषण ट्रैकर के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को तथा छह साल तक के बच्चों को समयबद्ध सुविधाएं प्रदान की गई तथा कुपोषण की समस्या से बचाया गया ।इसके लिए 25,449 करोड़ का बजट लाया गया ,जिससे 10.02 करोड़ लाभार्थी को लाभ मिला। महिला उद्यमी को प्रोत्साहन देने के लिए स्टैंड अप इंडिया लाया गया ,जो उद्यमिता ,वित्तीय समावेशन और कौशल विकास को प्रोत्साहित करता है ।इसमें 10 लाख से एक करोड़ के बैंक ऋण की सुविधा का प्रावधान है। इसके तहत कुल आवेदन 2,06,479 आवेदन प्राप्त हुए हैं,जिसमें 1,85,802 आवेदन स्वीकृत हुए हैं और इससे 81% महिलाएं लाभार्थी को लाभ हुआ है।

छोटी विक्रेताओ को सशक्त करने के लिए प्रधानमंत्री स्व निधि योजना लाई गई ।इसके लिए गैर-कॉरपोरेट ,गैर -फॉर्म लघु /सूक्ष्म उद्योग को 10 लाख तक के कौलैटरल मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए ढटट शुरू की गई थी ।ढटट के शुरू होने के बाद से 20.43 लाख करोड़ मूल्य की 37.76 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत हुए। ढटट के अंतर्गत 70% के लगभग ऋण महिला उद्यमियों को जारी की गई। इसमें 68% से अधिक खाताधारक महिलाएं हैं,जो आंकड़े में 27.7करोड़ लाभार्थी महिलाएं हैं।

रक्षा सेवा में स्त्री शक्ति की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया ।जहां पुलिस बलों में 33% पदों पर महिलाओं को आरक्षण दिया गया,वहीं 2022 में 28% महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन में जगह मिली । सभी 33 सैनिक स्कूल में लड़कियों के नामांकन का प्रावधान को लाया गया ,जिसमें 838 लड़कियां पंजीकृत हुई। एन .सी.सी में महिला कैडेट के पंजीकरण में जहां 2014 में 25 .4% था वही 2019 में 33.72% हुआ,जिसे बड़ा बदलाव के रूप में देखा जा सकता है।

मोदी सरकार द्वारा मुस्लिम महिलाओं के हित में बड़ा कदम उठाते हुए तीन तलाक को खत्म करने का कानूनी पहल किया गया ,जिसका मुस्लिम समाज में एक व्यापक असर देखने को मिल रहा है।

## खास बात

### क्यों टूट रहें है परिवार

**प्रशांत झा**

**आज** सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूंढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि/लेखकों/गायकों/नायक/नायिकाओं/शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए. खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवयित्री प्रियंका सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव ! प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव !!

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। संयुक्त परिवार प्रणाली या एक विस्तारित परिवार भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण विशेषता रही है, जब तक कि शहरीकरण और पश्चिमी प्रभाव के मिश्रण ने उस संस्था को झटका देना शुरू नहीं किया। परिवार एक बुनियादी और महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था है जिसकी व्यक्तिगत और साथ ही सामूहिक नैतिकता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। परिवार सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों का पोषण और संरक्षण करता है।

यह कानून का पालन करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहन देकर समाज को स्थिरता प्रदान करता है। यह व्यक्ति में सामूहिक चेतना के निर्माण में मदद करता है। परिवार प्रणाली एक एकल, शक्तिशाली किस्में है जो सदियों से है, और विविधता के साथ समृद्ध, सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करती है समाजीकरण में यह भावनात्मक संबंध का प्रमुख स्त्रोत है, समाजीकरण और नैतिकता को आकार देने के तरीके से सही और गलत की भावना उत्पन्न करता है। बच्चों को उनके माता-पिता, उनके साथियों और उनके समाज के सामाजिक सम्मेलनों के अनुसार नैतिक निर्णय लेने के रूप में देखा जाता है।

# चंचल मन

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**मन** की माया बड़ी विचित्र है। इसके बड़े ही अलग नियम हैं। इसके खेल निराले हैं। यह इंसान को तरह तरह से भ्रमित करता है। उनमें से इसका एक नियम यह है कि जो भी चिज इसे मिल जाए उसे यह भूलने लगता है। लेकिन यह उसे जरूर याद करता है जो इससे दूर होती है और हर पल उसी के लिए रोता रहता है। मन कभी भी वर्तमान में नहीं रहता। यह सदैव या तो अतीत में जाता है या भविष्य की योजना बनाता है ताकि सत्ता की चाबी इसके हाथ रहे। मन इंसान को इतना व्यस्त रखता है कि वो स्वांस के बारे में चिंतन ही नहीं करने देता इसलिए हृदय में विराजमान परमानंद से दूरी रहती है। आज यदि एक इंसान के पास उसकी मेहनत और नेक कमाई का इतना पर्याप्त है कि वह अपना व परिवार के सदस्यों की जरूरत के लिए काफी है लेकिन तब भी यह मन उस इंसान को शांत नहीं रहने देता और भविष्य में ले जाकर कहना शुरू कर देता है कि और चाहिए। इस प्रकार इंसान सारा जीवन भागदौड़ करके मन के सपने पूरा करने का प्रयत्न करता है और जब सब कुछ ऐशो आराम के संसाधनों के साथ महल बंगला तैयार होता है तब वह ठीक ढंग से उसमें रहने भी नहीं पाता कि यह स्वांस उसका साथ छोड़ देता है। इसलिए सच्चे गुरु से जितना दूरी रहे उतना ही अच्छा है क्योंकि मन दूरी में सदैव दिलचस्पी लेता है। अगर आपने अभ्यास से अपने मन को नहीं साधा हो और ऐसी गुरु कृपा हो जाए कि सच्चे गुरु के बहुत नजदीक रहने का सौभाग्य मिल जाए।

## कार्टून वर्ल्ड

अमानवीय कृत्य



## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** सरकार विकास की राजनीति करे, विरोध की नहीं। तथ्यों पर आधारित बातें करे, अर्द्धसत्य पर नहीं।

आमदनी राज्य की कम हुई है तो केंद्र की भी। दुःख भी तो बांटना होगा?

**– महेश पोद्दार, सांसद**

**झारखंड** की पूर्ववर्ती सरकार ने यंहा के निवासियों को नौकरी के नाम पर ठगने का किया है, पर अब यंहा का बेटा मुख्यमंत्री बना है आपकी नौकरी बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी जाना होगा तो मैं जाऊंगा।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**विकास** और सुशासन के मूल में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास है। दलित-पीड़ित-शोषित-वंचित, नौजवान और महिलाएं सबका विकास हो। कोई न पीछे रहे, न ही किसी से भेदभाव हो।

**–नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# काशी हिंदू विवि के संस्थापक मदन मोहन मालवीय

**प्रो. जंग बहादुर पांडेय**

## व्यक्तित्व

**महान** देशभक्त और काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय का जन्म 25 दिसंबर 1861को भारत की पवित्र नगरी प्रयागराज में हुआ था। इनके पूर्वज आजीविका के लिए मालवा से यहां आए थे। इनके पिता पंडित ब्रजनाथ मालवीय कथावाचक थे और उनका प्रयागराज में बड़ा सम्मान था। परिवार बड़ा होने के कारण मालवीय जी अपने एक सहपाठी के घर जाकर पढ़ा करते थे ।सार्वजनिक कार्यों में प्रारंभ से ही उनकी रूचि थी। अंग्रेजी विद्यालयों की भारतीय संस्कृति विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए उन्होंने छात्र जीवन में वाग्वर्धिनी सभा की स्थापना की। '

'होनहार बिरवान के होत चिकने पात ' के साक्षात विग्रह थे पंडित मदन मोहन मालवीय। 18 84 ई. में बी.ए.पास करने के बाद उन्होंने वकालत पास की। वे आगे और पढ़ना चाहते थे, परंतु घर की आर्थिक स्थिति के कारण उन्हें 40 प्रति मासिक की अध्यापिकी की नौकरी स्वीकार करनी पड़ी। राजनीति की ओर मालवीय जी का आरंभ से ही आकर्षण था।1886 में कोलकाता कांग्रेस में उन्होंने ऐसा ओजस्वी भाषण दिया कि देशभर में उनकी ख्याति फैल गई। कालाकांकर के देशभक्त राजा श्री रामपाल सिंह के अनुरोध पर मालवीय जी 2 वर्ष तक उनके पत्र 'हिंदुस्तान' के संपादक रहे। उसके बाद इलाहाबाद लौटकर कुछ अन्य पत्रों से उनका संबंध रहा। फिर उन्होंने 1907 ई. में 'अभ्युदय' साप्ताहिक का प्रकाशन प्रारम्भ किया। 1891 ई.में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे और शीघ्र ही कुशल वकील के रूप में प्रसिद्ध हो गए ।चौरी -चौरा कांड में फांसी की सजा पाए 170 व्यक्तियों में से 150 को छुड़ा लेना उनकी प्रतिभा का ही फल था ।मालवीय जी शिक्षा के महत्व को समझते थे । पंडित मदन मोहन मालवीय ने अपने ज्ञान रूपी सपने को साकार करने के लिए 4 फरवरी 1916 को वसंत पंचमी के दिन काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। इसके लिए देश भर में घूम-घूम कर मालवीय जी ने धन संग्रह किया। हिंदू धर्म के सनातन विधि विधान में अडिग आस्था रखने वाले मालवीय जी की दृष्टि संकुचित नहीं थी। एक बार विश्वविद्यालय के हरिजन छात्रों द्वारा अपने बर्तन ना साफ करने की शिकायत लेकर जब भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और तत्कालीन बीएचयू के छात्र जग जीवन राम उनके पास पहुंचे और आवेश में कहा कि हमारे बर्तन कौन साफ करेगा ?

तो मालवीय जी ने शालीनता से उत्तर दिया- मैं साफ करूंगा । जगजीवन राम उनके पैरों पर गिर पड़े और क्षमा याचना की। उन्होंने सप्रमाण हिन्दी का पक्ष प्रस्तुत करके 18 98 में कचहरियों में हिंदी का प्रवेश कराया था। हिंदी साहित्य सम्मेलन के प्रथम अधिवेशन( वाराणसी 1910 )के अध्यक्ष वे ही थे।

जीवन भर वे कांग्रेस से सदस्य रहे । 1909 के लाहौर और 1918 के दिल्ली के कांग्रेस अधिवेशन की इन्होंने अध्यक्षता की। होम रूल लीग के समर्थन में और रोलेट एक्ट के विरोध में भी इन्होंने पूरा भाग लिया। 1931 एवं 1933 में भी मालवीय जी कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, परंतु पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए थे ।इलाहाबाद का हिंदू छात्रावास, ऋषि कुल हरिद्वार, सेवा समिति गोरक्षण समिति आदि अनेक संस्थाओं को स्थापित करने का श्रेय भी मालवीय जी को है। 1903 से 1919 तक केंद्रीय असेंबली के सदस्य के रूप में इन्होंने देश की सेवा की। वे हिंदी में 'मकरंद' उपनाम से कविताएं भी किया करते थे ।

# 138 वर्ष की कांग्रेस करेगी डोनेट फोर देश कार्यक्रम

**एफ एन निलेष**

## सामयिक

**लोकसभा** चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था।

देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की जरूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकताओं के बल पर ही, लेकिन देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।

'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये 'तिलक स्वराज फंड' से अभिप्रेरित बतलाई गई है।

कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है।

सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं।

## लेटर टू एडिटर

### दीर्घकालीन नुकसान

निश्चय ही हालिया विधानसभा चुनावों के परिणामों ने सभी को चौंकाया है। ठीक चुनाव से पहले नया शब्द गारंटी आया तो नेताओं ने जमकर खेल खेला। कह सकते हैं कि आज राजनेता गारंटी के रूप में अप्रत्यक्ष भ्रष्टाचार द्वारा लोगों के वोटों को अपने पाले में डालने का प्रयास कर रहे हैं। इससे चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**– श्रीनिवास सिंह, रांची**

### सक्षम बनाने की गारंटी

**सभी** सियासी दलों ने यह मान लिया है कि मुफ्त की सरकारी सुविधाएं वोट दिलाती हैं। तभी तो सभी राजनीतिक दल, चुनाव आयोग, कानून, राजकोषीय सीमाओं और नैतिक मूल्यों को ठेंगे पर रखकर रेवड़ी राजनीति का खेल खुलकर खेल रहे हैं। मतदाताओं ने भी इस रवैये को अपना खुला समर्थन दे दिया है। निश्चित ही यह चिंतन का विषय है।

**– ईश्वर चन्द गर्ग, कैथल**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त

**बड़कागांव।** थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की द्वारा अवैध बालू खनन एवं ढुलाई के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया इस दौरान श्री तिर्की ने बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जप्त किया ।थाना प्रभारी ने बताया कि सभी ट्रैक्टरों को बड़कागांव चौक से पकड़ा गया। चार गाड़ी चोरका गांव का एवं एक गाड़ी महुदी गांव का है। सभी जप्त ट्रैक्टर के विरुद्ध बड़कागांव अंचलाधिकारी को कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया गया है।

### प्रेम सद्भाव व आशा का प्रतीक है क्रिसमस पर्व : अंबा प्रसाद

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्षेत्र वासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। विधायक ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के महटिकरा स्थित चर्च पहुंच कर विशेष प्रार्थना में शामिल हुई। विधायक ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार प्रेम सद्भाव व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह दिन भगवान यीशु मसीह के जन्म की खुशी में मनाए जाने वाला पर्व है जिन्होंने संपूर्ण विश्व को शांति प्यार व दया का संदेश देकर एकता की राह दिखाने का कार्य किया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर भाजपाइयों ने किया नमन

**बड़कागांव।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में भाजपा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता व महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण बादम में मनाई गई। जहां उपस्थित कार्यकताओं ने बारी बारी से श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की चित्र पर पुष्प अर्पित नमन कर 99वीं जयंती मनाई। मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि वाजपेई जी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में हुआ था।

### कौलेश्वर गंझू बने आजसू के केंद्रीय सचिव

**बड़कागांव।** प्रखंड के आँगो पंचायत के उरेज निवासी पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि कौलेश्वर गंझू को पार्टी में निष्ठा पूर्वक कर्तव्य निभाने को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव में मनोनयन किया गया है ।आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने पत्र निर्गत करते हुए कहा है कि आप अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए प्रखंड के आम जनों की समस्या का समाधान करने का काम के साथ-साथ आजसू पार्टी की मजबूती के लिए काम करते रहेंगे।

### दारू प्रेस क्लब का वन भोज आयोजित

**दारू।** दारू प्रेस क्लब के पत्रकारों ने सोमवार को धरधरवा कारीझरना सिवाने नदी में वन भोज का आयोजन किया जिसमें सभी पत्रकारों ने इसका लुप्त उठाया। वन भोज कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ पत्रकारिता को लेकर चर्चा की गई जिसमें दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष बसंत नारायण ने कहा की हम सभी पत्रकार समाज का एक दर्पण है समाज में फैली कुरीतियों का उजागर करना हमारा कर्तव्य है अपनी स्वच्छ पत्रकारिता पर किसी भी प्रकार की आंच न आने दे। वही सचिव महेश कुमार ने प्रखंड और अंचल में हों रहें भ्रष्टाचार को उजागर करने की बात कही। कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा ने इस परिचर्चा में कहा कि एक पत्रकार हमेशा समाज हित के बारे में सोचता है, लेकिन वन भोज के बहाने हम सभी पत्रकार एक साथ मिल पाए है।

### चरही बस्ती के एक व्यक्ति की महाराष्ट्र के नासिक में मौत

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही बस्ती निवासी स्व .चैता भुइयां के 40 वर्षीय पुत्र भूषण भुइयां की मौत महाराष्ट्र के नासिक जाने के क्रम में ट्रेन में ही हो गई ।रेलवे विभाग के अधिकारियों ने इसकी जानकारी नासिक पुलिस को दिया ।पुलिस ने सूचना पाकर शव को अपने कब्जे में किया ।इसकी जानकारी पुलिस ने मृतक के परिजनों को दिया ।सुचना पाकर परिजन सोमवार को शव लेने के लिए नासिक रवाना हो गए हैं ।बताया जाता है कि मृतक भूषण भुइयां काम करने के लिये शनिवार शाम को नासिक जा रहा था ।नासिक पहुंचने के बाद उसकी मौत बैठे-बैठे ट्रेन में ही हो गई ।मृतक भूषण काम की तलाश में नासिक जा रहा था ।ये मजदूरी के का म करता था ।और इसी से अपने परिवार का भरने पोषण करता था।

### प्रेस क्लब बरही में पत्रकारों की बैठक

**बरही।** प्रखंड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन में प्रेस क्लब बरही ने बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अनुज यादव व संचालन सचिव अनुज सिंह ने किया। बैठक के माध्यम से मौजूद पत्रकारों ने स्वच्छ, निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वतंत्र पत्रकारिता के कई मूलभूत सिद्धांतों पर मंथन किया ।जिसमे सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव भी पारित करते हुए प्रेस क्लब बरही के लिए कार्यालय की जरूरत को महसूस करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों से वार्ता करना, प्रेस क्लब बरही के लिए कोष वृद्धि करना एवं आगामी नव वर्ष में प्रेस क्लब बरही के बैनर तले एक भव्य कवि सम्मेलन करना शामिल है।

### पूर्व विधायक मनोज यादव ने मनाया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन



**बरही।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा कार्यकताओं के साथ बरही चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया ।भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की मौजूदगी में संचालन जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि श्रद्धेय बाजपेयी जी इस देश में सुचिता और सुशासन के महानायक थे। उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए स्वर्ण चतुर्भुज योजना के माध्यम से देश में राजमार्गों का जाल बिछाया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि कवि हृदय अटल बड़ी से बड़ी बात को भी बहुत सहजता से कह देते थे। उन्होंने वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में भारत ने पोखरण परीक्षण कर दुनिया को अपनी शक्ति का एहसास करवाया था ।साथ ही विपक्ष का नेता रहते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## ओकनी से गुम हुआ चार बर्षीय बच्चा आठ दिन बाद कोडरमा से बरामद

# बेचने और खरीदने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

### दो लाख 95 हजार में हुआ था सौदा

**खबर मंत्र संवाददाता**



जानकारी देती पुलिस

हजारीबाग। हजारीबाग एसआईटी ने आठ दिन बाद ओकनी से गुम हुए चार बर्षीय पप्लू कुमार को कोडरमा से सकुशल बरामद कर लिया है। इस मामले में बच्चे को बेचने वाले और खरीदने वाले छह लोग गिरफ्तार कर जेल लिया गया हैं। इसमें दो पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। यह जानकारी सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोहसिंधना थाना क्षेत्र अन्तर्गत ओकनी साई मंदिर के पास से 18 दिसंबर को एक बच्चे की गुमशुदगी की सुचना पुलिस को मिली थी। पहले परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोज बीन की। जब गुमशुदा बच्चा के संबंध में कुछ भी पता नहीं चला तो बच्चों के माता-पिता के शिकायत पर लोहसिंघना थाना मे काण्ड संख्या 272/23 दर्ज किया गया। मामले के अनुसंधान के क्रम में घटना स्थल के आगे लगे सीसीटीबी फुटेज खंगाले गए। जिसमे करीना देवी को बच्चा ले जाते हुए पहचान किया गया। पुलिस ने पहले छापामारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। फिर कड़ाई से पूछताछ की गई तो करीना देवी ने बताया ज्योति रानी कन्हैया कुमार पासवन और नुतन देवी ने मिलकर बच्चे को चुरा कर कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास के पास दो लाख पन्चानवे हजार रूपया में बेचा है। उसने यह भी बताया कि ज्योती रानी एंव कन्हैया कुमार पासवान अभी छतीसगढ गये हैं। वे रांची रेलवे स्टेशन आने वाले हैं। इस सुचना के आधार पर रांची रेलवे स्टेशन के आस पास होटलों में छापामारी किया गया ।छापमारी के क्रम में मिरा होटल में ज्योती रानी एंव कन्हैया कुमार पासवान ठहरे हुए पाये गये। जहाँ छापामारी करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गुमशुदा बच्चे के संबंध में पुछने पर दोनो पति-पत्नी बताया गया कि ये लोग नुतन एंव करीना के सहयोग से दो लाख पन्चानवे हजार रूपया में कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास के पास बेच दिया गया है। इसके आधार पर छापामारी दल ने इन संलिप्त व्यक्तियों को लेकर इन्द्रपुरी मुहल्ला तिलैया, थाना तिलैया, जिला कोडरमा में छापामारी किया। जहाँ से गुमशुदा बच्चा पप्लु कुमार उम्र चार वर्ष पिता अभिषेक कुमार गुप्ता साकिन ओकनी साई मंदिर, थाना लोहसिंघना, जिला हजारीबाग को सकुशल बरामद कर वापस लाया गया। उसके बाद सीडब्ल्यूसी को जानकारी देते माता-पिता के पास पप्लू को सौंप दिया गया।

### ऐसे घटना को दिया अंजाम

बच्चे को खरीदने वाले गीता देवी पति रोहित रविदास दंपति की दुर्घटना में मौत हो गई थी। इस कारण वह हर हाल में लड़का चाहते थे। मामले में पकड़े गए ज्योति रानी और कन्हैया कुमार ने इसी मौके का फायदा उठाते हुए बताया कि वह ऐसे एनजीओ से जुड़ा हैं। जो बच्चे को दत्तक ग्रहण कराता है। एनजीओ की ओर से बॉन्ड पेपर भी दिया जाता है। इसके बाद गीता देवी और रोहित रविदास उसके झासे में आ गए। तीन लाख की जगह 2,95,000 रुपए में सौदा तय हुआ। एडवांस के रूप में 1,70,000 रुपए दिए गए। फिर ज्योति रानी और कन्हैया कुमार ने इसके लिए नूतन देवी से संपर्क किया। जो उसे मोहल्ले में रहती थी। फिर उसके घर आने जाने वाली बहन करीना देवी को बच्चे की रैकी के लिए लगाया गया। उसने बबलू कुमार का फोटो भेज कर दो महीना पहले गीता देवी और रोहित रविदास के पास भेज दिया था। 18 दिसंबर को नूतन दीप्ति ने बच्चा को चादर से अगवा किया। फिर उसे ज्योति रानी और कन्हैया कुमार के पास पहुंचा दिया। इसके बाद दोनों उस बच्च को कोडरमा ले जाकर बेच दिया और बकाया 1,35,000 लेकर छत्तीसगढ़ चले गए ।पप्लू कुमार के गुम होने के बाद साइबर अपराधी इस मौके का फायदा उठाने का प्रयास कर रहे थे। पिता के पास लगातार फोन आ रहा था कि बच्चा उनके पास है। उसकी सकुशल वापसी के लिए बड़ी रकम देनी होगी। पुलिस को जब यह जानकारी मिली, तब पुलिस ने उक्त नंबर को ट्रेस करना शुरू कर दिया। इस क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि वे फोन साइबर अपराधी के है।

# दया व करूणा के सागर हैं यीशु : फादर मनोज

## कैथोलिक आश्रम में क्रिसमस की धूम, सजाई गई चरणी, गीत-संगीत में झुमते रहें ईसाई धर्मावलंबी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रभु यीशु का संदेश पढ़ते मुख्य पुरोहित फादर मनोज रोशन कुजूर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस त्योहार में भुरकुंडा, गिद्दी, रिवर साइड, केके कोलियरी, सयाल, सौंदा, सीसीएल सौंदा, पोड़ा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से ईसाई समुदाय के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। क्रिसमस को ले रविवार की मध्य रात्रि 12 बजे प्रभु यीशु की जन्मोत्सव में ईसाई धर्म के लोग झूम उठें। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम स्थित चर्च में क्रिसमस के अवसर पर प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही प्रार्थना सभा हुई। इस बीच पूजा अनुष्ठान में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर वेदी श्रृंगार किया गया एवं प्रभु यीशु के लिए गीत गाया गया। प्रभु यीशु के जन्म होते ही मसीही परिवार के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही रातभर गीत-संगीत में नृत्य कर क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, मुख्य पुरोहित फादर मनोज रोशन कुजूर, फादर राजेश किस्पोट्टा, सहयोगी फादर बरनाबस, फादर सेबरेन लकड़ा, फादर जेवियर खलखो, बोकारो के फादर रोशन कुजूर, फादर जेवियर खलखो खीस्त जयंती समारोह में मुख्य रूप से शामिल हुए। इन्होंने वेदी पूजन किया और प्रभु यीशु को गोद में लेकर चरनी में रखा। साथ ही प्रभु यीशु के संदेश को पढ़की इसकी राहों पर चलने की बात कही। मौके पर फादर मनोज रोशन कुजूर ने कहा की प्रभु यीशु दया व करूणा के सागर हैं। प्रभु यीशु खीस्त का जन्म दुनिया को भाईचारगी, एकता, खुशहाली का संदेश देता है। प्रभु यीशु खीस्त सभी के लिये मुक्तिदाता बन अवतार लिये हैं। वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़ा दिन यीशु मसीह के जन्म उत्सव सारे जगत के लिए प्यार, आनंद, शांति, ज्योति और भाईचारगी का त्यौहार है। क्रिसमस ना सिर्फ ईसाइयों का बल्कि सारे जगत के लिए ईश्वर का मनुष्य रूप अवतार है। उन्होंने कहा की पापियों एवं दुनिया को प्रलोभन से बचाने के लिए प्रभु यीशु मनुष्य रूप धारण किए और परिवार में जन्म लेकर परिवारिक जीवन को पवित्र किया।

वेदी श्रृंगार, होली क्रॉस की धर्म बहनों ने किया। साथ ही चर्च परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया था, और आकर्षक चरणी बनाई गई थी। कोरेल गीत में अमन कुजूर, आशीष कुजूर, अनीश लकड़ा, रजत खलखो, प्रमोद कुजूर, खुशबू एक्का, नम्रता तिग्गा, जूली लकड़ा शामिल थीं। आश्रम चर्च को आकर्षक रूप से सजाया गया था। साथ ही वेदी श्रृंगार भी किया गया था। इधर सौंदा डी गिरजा घर व रिभर साईड बीटीटीआई में भी क्रिसमस का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

### प्रभु यीशु खीस्त का जन्म भाईचारगी, एकता-संदेश देता है: अंबा प्रसाद

मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि प्रभु यीशु ने दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाया है। वे दया और करूणा के सागर हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्यों के उद्धार के लिए ही प्रभु यीशु का जन्म हुआ है। प्रभु येसु मनुष्य के रूप में अवरित हुए हैं ताकि लोगों को जीवन व मुक्ति मिल सके। विधायक ने कहा की प्रभु यीशु खीस्त का जन्म भाईचारगी, एकता-खुशहाली का संदेश देता है।

# वाजपेयी जी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व : भौमिक



जयंती के मौके पर मौजूद भाजपाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में की मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपाईयों ने स्व. वाजपेयी जी के तस्वीर पर माल्यापण एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद केक काट गया। साथ ही सबों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण चंद्र भौमिक ने कहा की अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में वाजपेयी जी ने विश्व को भारत की शक्ति बतलाने का कार्य किया। और भारत ने परमाणु परीक्षण कर विश्व को अपना लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि यह स्वर्णिम काल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कार्यकाल था। श्री भौमिक ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग चलने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालन महामंत्री महेन्द्र सिंह ने किया।

# अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर हरिहरपुर बीचा पथ का निविदा जारी : कृष्णा सिंह

### 10 करोड़ 10 लाख 56 हजार की लागत से बनेगी सड़क, ग्रामीणों में हर्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने सोमवार को प्रेस बयान जारी बताया की बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण के तहत एसएच-2 बेती मोड़ से सुथरपुर (रांची सिमाना) भाया हरिहरपुर एवं बिचा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य लंबाई 14.800 किमी. का निविदा 20 दिसंबर 2023 को जारी किया गया।

निविदा भरने की अंतिम तिथि 11 जनवरी 2024 को है। उन्होंने बताया की विधायक अंबा प्रसाद को बीचा एवं हरिहरपुर पंचायत के सैंकड़ों ग्रामीणों ने आवेदन देकर आग्रह किया था कि इस पथ का निर्माण होना आवश्यक है। इस पर विधायक अंबा प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को अनुशंसा की और जल्द से जल्द इस कार्य कराने का आग्रह किया था। जिसका परिणाम है कि अब इस पथ के निर्माण होगा। उन्होंने कहा की इस पथ का निर्माण होने से हजारो ग्रामीण लाभान्वित होंगे। श्री सिंह ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद क्षेत्र के विकास के प्रति तत्पर रहती हैं।

आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। पूरे बड़कागांव विधानसभा में दर्जनों पथों का सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस पथ की निविदा जारी होने पर बिचा एवं हरिहरपुर पंचायत के ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद के प्रति आभार जताया है।

# प्रतिभा का डंका बजा रहे हैं केवि के छात्र : एडीजीपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में मौजूद केवि के पूर्व विद्यार्थी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल में शिक्षा का अलख जगाने वाले केंद्रीय विद्यालय रिभर साईड भुरकुंडा में रविवार को गोल्डन जुबिली एलुमनी मीट (पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का मिलन समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल की सेवानिवृत शिक्षिका सतीश प्रभा सहजरा और शिक्षक आर प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी रिश्ते और प्रगाढ़ होते हैं। साथ ही पुरानी यादों को संजोने का अवसर मिलता है। इस दौरान प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। समारोह में शामिल 1980 से 2002 बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने 43 वर्ष की यादों को साझा करते हुए इसे यादगार बना दिया। विद्यार्थियों का स्वागत छात्र राजू ने किया। समारोह में पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, संगीत और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया। वहीं स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र भोपाल कैडर के एडीजीपी जयदीप प्रसाद ने एलुमनी मीट के सुनहरे सफरनामे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा का इतिहास गौरवशाली रहा है। उन्होंने कहा की यहां के विद्यार्थी आज देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए केंवि का नाम रौशन कर रहे हैं। जयदीप प्रसाद ने स्कूल की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इसे फिर से स्थापित करने की दिशा में सभी पूर्ववर्ती विद्यार्थी साथ मिलकर काम करेंगे। वहीं समारोह के कॉर्डिनेटर संजय खंडेलवाल ने कहा कि गोल्डेन जुबिली मीट के बाद का सफर भी जारी रहेगा। इसके लिए उन्होंने सभी विद्यार्थियों से एक मंच पर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मीट को लेकर पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का उत्साह काबिल-ए-तारिफ है। इस कारवां को डॉयमंड जुबिली से भी आगे ले जाया जाएगा। वहीं रांची रिम्स के एसओडी डॉ प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि एलुमनी का गोल्डेन जुबिली मीट, मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने समारोह में शिरकत करने वालों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से सबों में नये ऊर्जा का संचार हुआ है।

## एक नजर में

### अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय सयाल में हुई। इसकी अध्यक्षता गुरुदयाल ठाकुर ने की। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई। वहीं यूनियन के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा को आजसू पार्टी का केंद्रीय सचिव बनने पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में संघ के लोगों ने उन्हें बुके देकर बधाई दी। साथ ही बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी ने सतीश सिन्हा को केंद्रीय सचिव बनाने के लिए आजसू के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व आजसू महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के प्रति आभार जताया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि सतीश सिन्हा के आजसू का केन्द्रीय सचिव बनने से कोयलांचल के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र में संगठन और भी मजबूत होगी। बधाई देने वालों में मुन्ना श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, शिवनंदन दास, एसएस डे, बिनोद कुमार, शंकर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, रंधीर कुमार साव, गुरुदयाल ठाकुर, शंकर कुमार, कमल सिंह, संतोष ठाकुर, विकास सिन्हा, कमलेश कुमार, इन्द्रदेव राम, धरमेंद्र मिश्रा, अनिल राम, अजित सिन्हा, राधिका सिंह, बालेश्वर करमाली, सन्नी कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

### भाजपाइयों के प्रेरणा स्रोत हैं वाजपेई जी : अमरेश

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्मजयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा नेता अमरेश सिंह ने स्व. वाजपेयी जी के तस्वीर पर माल्यापण एवं पुष्प अर्पित कर की। मौके पर अमरेश सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग चलने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि अटल जी के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायत्वि है। उनके आदर्शों का आत्मसात कर देश, राज्य व क्षेत्र के विकास में सबों को अपना योगदान देना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि वाजपेयी जी भारत के एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय राजनेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निस्वार्थ सामाजिक कार्यकर्ता, प्रखर वक्ता, साहित्यकार, कवि, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। भारत की राजनीति में राजनैतिक मूल्यों आदर्शों को उचित स्थान देकर भाजपा के उदार चेहरे के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। आज भी उनके द्वारा स्थापित नैतिक मूल्यों को अपना आदर्श बना कर भारतीय जनता पार्टी अपना कार्य कर रही है। वाजपेई जी करोड़ों भाजपाइयों के प्रेरणा स्रोत हैं।

### झामुमो प्रखंड कमेटी ने मनायी स्व. निर्मल महतो की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी ने सोमवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में स्व. निर्मल महतो की जन्मजयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। कहा गया कि अलग झारखंड राज्य के महानायक शहीद निर्मल महतो थे। उन्होंने अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणीय भूमिका निभाई थी। वे जीवन भर गरीबों के संघर्ष करते रहें। उनके आदर्शों का आत्मसात कर हमसबों को बताए मार्ग पर चलना होगा। मौके पर पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया ने स्व. निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा की स्व. निर्मल महतो के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। मौके पर जिला संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, जिला उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, हजारीबाग जिला सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश राउत, संजय वर्मा, जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार, बिरेंद्र यादव, अलीमाम अंसारी, सत्यनारायण यादव, सीताराम बेदिया, राकेश महतो, शशि चौहान सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में मनायी गयी अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती

**कुजू।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वी जयंती को लेकर कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में भाजपा कार्यकताओं ने सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड महामंत्री अशोक कुमार व संचालन रतन प्रसाद साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रवासी उमेश प्रसाद शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बाद में सभी लोगों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताये मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह प्रखंड मंत्री डिंपज प्रजापति, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि साहू, अखिलेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, मिथिलेश मेहता, अनिल अग्रवाल, सुखदेव सोनी, वीरेंद्र सिंह, अशोक सिन्हां, श्रवण सिंह दशरथ प्रसाद केसरी, प्रकाश केशरी, वीरेंद्र करमाली, श्रवण कुमार, सूरज महतो आदि मौजूद थे।

### अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

**रामगढ़।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में सोमवार को हथमारा स्तिथ भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में अपराह्न 1 बजे जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। तदोपरांत जिला के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय उपस्थित थे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि - जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के शून्य से शिखर तक के राजनीति सफर की गाथा के बारे में बताते हुए उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण पहलू से परिचित कराया।

# 2023 में चुनौतियों के बीच लगातार बढ़ता गया मेक इन इंडिया



सुरजीत दास गुप्ता

सुनील वाच्छानी यह बताने में बिल्कुल भी नहीं हिचकते कि उनका क्या अरमान है। डिक्सन टेक्नोलॉजिज के कार्यकारी चेयरमैन का लक्ष्य कंपनी को अगले पांच साल में फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन, जैबिल और फ्लेक्स जैसी बड़ी कंपनियों के टक्कर की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा (ईएमएस) कंपनी बनाना है, जो शीर्ष 10 वैश्विक कंपनियों में गिनी जाए। अगले 10 साल में वह शीर्ष 5 में पहुंचना चाहते हैं। पिछले साल कंपनी 21वें पायदान पर थी।

वाच्छानी इसके लिए सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का सहारा ले रहे हैं। डिक्सन 14 प्रमुख पीएलआई योजनाओं में से 5 में किसी न किसी तरीके से जुड़ी है। इनमें मोबाइल डिवाइस, दूरसंचार उपकरण एवं एलईडी और रेफ्रिजरेटर के कलपुर्जे शामिल हैं। हाल में वह आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 के लिए भी पात्र हो चुकी है। वाच्छानी ने कहा, ह्यफिलहाल हमारा करीब 40 फीसदी राजस्व पीएलआई श्रे?णियों से आता है।ह्ल

वाच्छानी ने 2023 में श्याओमी, इंटेल, मोटोरोला और जियो जैसी अग्रणी वैश्विक कंपनियों से कई ठेके हासिल किए। हाल में डिक्सन ने चीन की प्रमुख कंपनी लेनोवो के साथ करार किया है। वाचानी पीएलआई योजना के प्रचार के सबसे बड़े उदारहण बन गए हैं. जो बताते हैं कि यह योजना किस तरह भारत में विनिर्माण की तस्वीर बदल सकती है। मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अ?भियान की बुनियाद कहलाने वाली इस योजना के लिए यह साल मिलाजुला रहा।

इस योजना का प्रदर्शन मोबाइल डिवाइस (ऐपल व सैमसंग के कारण), इलेक्ट्रॉनिक्स, खाद्य प्रसंस्करण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में शानदार रहा मगर आईटी उत्पाद, पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन बैटरी, स्पे?शिएलिटी स्टील और कपड़ा जैसे क्षेत्रों में उसे संघर्ष करना पड़ा। किंतु चुनौतियां बनी हुई हैं। वितरण एवं निवेश की रफ्तार सुस्त पड़ चुकी है। सरकार का ध्यान भी निर्यात को बढ़ावा देने के बजाय आयात का विकल्प तैयार करने पर आ गया है, जिससे मामला पेचीदा हो गया है।

2020 में शुरू पीएलआई योजना के तहत आरंभ में 1.97 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था मगर मार्च 2023 तक महज 2,874 करोड़ रुपये जारी किए गए। वित्त वर्ष 2023 के लिए 4,821 करोड़ रुपये के संशो?धित बजट अनुमान से यह काफी कम रहा। उम्मीद थी कि योजना के चौथे साल यानी वित्त वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा वितरण होगा मगर वै?श्विक महामारी के कारण कई योजनाएं शुरू ही नहीं हो सकीं या उन्हें आगे बढ़ा दिया गया। चालू वित्त वर्ष में 13,000 करोड़ रुपये के वितरण का अनुमान था।

पात्र कंपनियां रफ्तार नहीं बढ़ाएंगी तो वहां तक पहुंचना आसान नहीं होगा। अक्टूबर 2023 में सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वितरण को मंजूरी दी थी। विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनियां सुस्त रहीं तो अगले वित्त वर्ष तक 20 फीसदी रकम ही बांटी जा सकेगी। 80 फीसदी से अधिक आवंटन मोबाइल, फार्मा और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए है, जो पहले ही वृद्धि कर रहे हैं।

कपड़ा, उन्नत रासायनिक बैटरी, स्पे?शिएलिटी स्टील जैसे क्षेत्रों के लिए आवंटन कम है। उदाहरण के लिए वित्त वर्ष 2024 में पीएलआई के लिए कुल आवंटन 8,083 करोड़ रुपये है जिसमें 99 फीसदी रकम 10 क्षेत्रों के लिए है। सबसे अ?धिक यानी करीब 55 फीसदी रकम मोबाइल डिवाइस एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए है।

कपड़ा क्षेत्र के लिए आवंटन 5 करोड़ रुपये है और उन्नत रसायनिक बैटरी के लिए केवल 1 करोड़ रुपये रखे गए हैं क्योंकि मार्च 2024 से पहले इसका कारखाना लगने की उम्मीद नहीं है।

स्पेशिएलिटी स्टील क्षेत्र के फिलहाल कोई आवंटन नहीं हुआ है क्योंकि 27 कंपनियों के साथ समझौते पर दस्तखत ही मार्च 2023 में किए गए हैं। चालू वित्त वर्ष में वाहन क्षेत्र के लिए 605 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ था, लेकिन अब तक एक पाई भी जारी नहीं की गई है।

पीएलआई के तहत कुल पूंजीगत व्यय में एसीसी बैटरीज और स्पेशिएलिटी स्टील को 34 फीसदी योगदान करना है मगर कुल प्रोत्साहन में उनका हिस्सा महज 14 फीसदी है। कई स्टील कंपनियां उत्पाद सूची में विस्तार होने तक बड़ा निवेश नहीं करने से हिचकती आई हैं।

हालांकि निवेश में मोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल और खाद्य प्रसंस्करण को महज 8.9 फीसदी योगदान करना है मगर प्रोत्साहन की 30 फीसदी रकम उन्हीं के हिस्से आनी है। ऐसे में इन क्षेत्रों की रफ्तार तेज होती दिख रही है।

सरकारी अधिकारियों को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 से 2026 के बीच वितरण तेज हो सकता है। उनका कहना है कि स्पेशिएलिटी स्टील, वाहन और उन्नत रसायनिक बैटरी जैसे क्षेत्रों में काफी निवेश पूरा होने वाला है। उनका आकलन है कि वित्त वर्ष 2023 में पीएलआई योजना के जरिये वास्तविक निवेश 62,500 करोड़ रुपये है जो 14 क्षेत्रों के कुल निवेश लक्ष्य का 17 फीसदी है। इसलिए काफी कुछ करना अभी बाकी है। देखने वाली बात यह है कि अगले तीन साल में क्रिसिल का अनुमानित 181,400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त पूंजीगत व्यय कहां तक संभव हो पाता है। यह पीएलआई योजना के निवेश लक्ष्य का लगभग आधा है।इस बीच अन्य चुनौतियों ने भी वितरण अटकाया है। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए देश में मूल्यवर्द्धन की परिभाषा पर सहमति न होने के कारण भी वाहन पीएलआई कंपनियों पर असर पड़ा है। इसके अलावा ईवी एवं कपड़ा जैसे क्षेत्रों में स्थानीयकरण के पैमानों ने भी कंपनियों की चिंता बढ़ाई है।सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार ईवी क्षेत्र में अब तक दो कंपनियां- महिंद्रा ऐंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स- ही आवंटन की पात्र हैं। कई दोपहिया कंपनियों पर स्थानीयकरण के पैमानों का उल्लंघन करने तथा फेम-2 के तहत सब्सिडी हासिल करने का आरोप है। इन कंपनियों से सब्सिडी की रकम वापस मांगी जा रही है।

श्रम बहुल कपड़ा क्षेत्र में अत्यधिक निवेश की जरूरतों और न्यूनतम कारोबार के पैमानों के कारण कंपनियों की दिलचस्पी नहीं दिख रही है। इस बीच मोबाइल क्षेत्र में सैमसंग ट्रांसफर प्राइसिंग पर सरकार से बात कर रही है, जिस कारण लगातार तीसरे साल प्रोत्साहन हासिल करने में देर हो रही है।

दुनिया भर में भारतीय चैंपियन तैयार करने की सरकार की आकांक्षा अभी पूरी नहीं हुई है। मोबाइल फोन बनाने वाली तीन भारतीय कंपनियां- लावा, माइक्रोमैक्स और ऑप्टीमस- आवश्यक निवेश एवं उत्पादन मूल्य संबंधी मानदंडों पर खरी नहीं उतर पाई हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2023 का आयोजन



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची के विद्यालय परिसर में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव 2023 का भव्य उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। इस वार्षिक कीड़ा महोत्सव 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायमूर्ति डॉक्टर एस एन पाठक, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री एच एन मिश्र, निदेशक कार्मिक, सीसीएल रांची उपस्थित थे।

माननीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की आगवानी झारखंड की पारंपरिक विधि से हुआ। समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के करकमलों द्वारा खेल ध्वज का ध्वजारोहण हुआ। तत्पश्चात माननीय न्यायमूर्ति महोदय ने वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव- 2023 के विधिवत उद्घाटन की घोषणा की। खेल ज्योति प्रज्वलन के बाद सभी सदनों के ध्वजवाहक भैया-बहन ने खेल भावना को निष्ठापूर्वक निभाने की शपथ ली।जैसा की हमारे संस्कृति में हर शुभ कार्य का प्रारंभ गणेश जी की वंदना से होती है। ताकि सारे कार्य निर्विघ्न संपन्न हो, इसी परंपरा को आगे बढ़ते हुए प्राथमिक खंड की बहनों द्वारा गीत-नृत्य गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति हुई । कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति, शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) के माननीय मंत्री श्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि विद्यालय में 2600 भैया-बहन संस्कारमय वातावरण में आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विद्या भारती योजना के अंतर्गत 32000 विद्यालय देश भर में कार्य कर रहे हैं । लगभग साढ़े तीन लाख शिक्षक एवं 50 लाख विद्यार्थी पठन-पाठन कार्य में लगे हुए हैं । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में वृहत परिसर, हॉल एवं आधुनिक संसाधनों से युक्त भवन हैं । यहां वर्तमान में 130 भैया छात्रावास में अध्ययनरत हैं । रांची के सभी क्षेत्रों के भैया बहनों की आगमन की सुविधा हेतु बस की व्यवस्था है । उन्होंने आगे कहा कि खेल शिक्षा का एक अभिन्न अंग है । एक अच्छे खिलाड़ी बनने के लिए लगातार अभ्यास एवं प्रयास करना अतिआवश्यक है।

माध्यमिक खंड की बहनों ने चरैवेती चरैवेती मंत्र पर गीत प्रस्तुत किया। जिसे सभी दर्शकों ने काफी सराहा।

माननीय न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची ने प्रतिभागी भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु की महिमा सर्वोपरि है। कर्मयोग में लगे लोग अच्छे और बुरे परिणाम से मुक्त हो जाते हैं । योग के लिए प्रयासरत रहें । अपने कार्य की अति उत्तम परिणाम के लिए प्रयास करें।शिक्षा की यात्रा में खेलों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इसके अनेक आयाम है। खेल आपस के परस्पर सहयोग पर बल देता है। इसके द्वारा विद्यालय के भैया-बहन, आचार्य एवं अन्य कर्मचारियों को जोड़कर एक समन्वय युक्त माहौल के निर्माण में सहायक होता है । खेल समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। खेल बच्चों में ध्यान केंद्रीकरण एवं जीवन कौशल को सिखाता है जो शैक्षिक गतिविधियों में भी उपयोगी होता है । टीम भावना, अनुशासन एवं जिम्मेवारी भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान होता है । ऐसे आयोजन बच्चों में कक्षा के कार्यों के अतिरिक्त बच्चों में स्वाभिमान भरने का एक माध्यम है। आज खेल को पेशा के रूप में अपना रहे हैं। खेलों में सर्वोत्तम प्रदर्शन द्वारा आप किसी भी उच्च पेशों से अच्छी इज्जत और पैसा दोनों प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने अनेक खिलाड़ियों जैसे पी टी उषा, सुनील गावस्कर, कपिल देव, नीरज चोपड़ा, सविता पूनिया , मनप्रीत सिंह और विशेषकर रांची के महान खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां के लिए याद किया । महाकाव्य गीता के अनुसार जीवन में कुछ भी भंगुर नहीं है । उन्होंने बच्चों से निवेदन किया कि विद्यालय को आप गुरु दक्षिणा के रूप में अच्छे इंसान बनकर पूर्ण करें। तभी आपकी शिक्षा पूर्ण होगी।

माननीय विशिष्ट अतिथि श्री एच एन मिश्र, निदेशक कार्मिक, सीसीएल रांची ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप भैया-बहन जैसी दुनिया चाहेंगे दुनिया वैसी ही बनेगी। आप जो ज्ञान यहां अर्जित कर रहे हैं वे सदा आपके साथ रहेगी आपकी प्रस्तुति में सदा विद्यालय की झलक समाज में दिखाई देगी। आप सभी को इस पर भी ध्यान देना की आवश्यकता है कि सूचना के इस युग में ज्ञान कैसे अर्जित करना है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है।प्रकृति जिज्ञासु होना चाहिए। क्रीड़ा हमें व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करती है । खेल-कूद से हमें न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य प्राप्त होता है बल्कि एक दूसरे के सहयोग की भी शिक्षा मिलती है।अध्यक्षीय आशीर्वचन शिशु विकास मंदिर समिति (झारखंड) के माननीय अध्यक्ष श्री शक्तिनाथ लाल नाथ दास ने कहा कि क्रीड़ा विद्या भारती की एक प्रमुख योजना है जिसके तहत बच्चों में शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता विकसित होती है। खेल प्रतिस्पद्धा का माध्यम हो वैमनस्य का नहीं।विद्यालय की प्राचार्य डॉ संध्या सिंह ने माननीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।अतिथि परिचय का कार्यक्रम विद्यालय के उप प्राचार्य श्री ललन कुमार ने संपन्न कराया।मंच संचालन कक्षा एकादश की बहन समृद्धि सिंह एवं कक्षा अष्टम की बहन तुलसिका ने कराया। कुल 24 इवेंट हुए । जिसमें प्रमुख रूप से 400 मीटर, 200 मीटर की दौड़ , जलेबी रेस की प्रतियोगिता संपन्न हुई।माननीय मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विजेता भैया-बहनों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस समारोह में शिशु विकास मंदिर समिति के उपाध्यक्ष प्रो वी के जयसवाल, सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, श्री गुरुशरण प्रसाद, वरीय ट्रस्टी राष्ट्रीय सेवा भारती, श्री अमरकांत झा, डॉ उमाशंकर शर्मा , श्री लाल अशोक नाथ शाहदेव ,श्री आशीष नाथ उपस्थित रहे।

# 2024 में इन राशियों से खत्म होगा शनि का असर



**नया** साल 2020 बुधवार, 1 जनवरी से आरंभ होगा। नए साल के शुरू होने से लोगों के मन में नई उम्मीदें जगने लगती हैं। बीते साल में जो चीजें आपको नहीं मिल पाई आपको नए साल में मिलेगी या नहीं यह सब ज्योतिष गणना और ग्रहों की चाल पर निर्भर होता है। ज्योतिष शास्त्र में ग्रह गोचर का विशेष महत्व होता है। जब कोई ग्रह एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में स्थान परिवर्तन करता है तो उसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। साल 2019 खत्म होने वाला है और नया साल 2020 के आने में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। साल 2020 में ग्रहों की स्थितियों में कई बड़े फेरबदल होने वाले हैं। साल 2020 के शुरूआती दिनों में ही शनि अपनी राशि बदलेंगे। शनि 24 जनवरी 2020 को धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। शनि के राशि परिवर्तन से साल 2020 में किन राशियों से शनि की अशुभ छाया हट जाएगी और किन राशि पर इनका प्रकोप रहेगा

**धनु राशि**

शनि एक राशि से दूसरी राशि में जाने के लिए लगभग ढाई साल का समय लेते हैं। साल 2020 में शनि धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ऐसे में धनु राशि वालों से दूसरे चरण की साढेसाती खत्म हो जाएगी और तीसरी चरण साढेसाती यानी उतरती साढेसाती आरंभ हो जाएगी। इससे धनु राशि वालों की पहले की मुकाबले से उनके जीवन में परेशानियां कम होती चली जाएगी।

**वृश्चिक राशि**

शनि के मकर राशि में जाने से वृश्चिक राशि वालों पर अब शनि की टेढी नजर नहीं रहेगी। साल 2020 में उन्हें कई सुखद समाचार मिलेगा।

**वृषभ राशि**

शनि के मकर राशि में जाने से इस गाशि से शनि की ढैय्या का असर बिल्कुल खत्म हो जाएगा।

**कन्या राशि**

इस राशि पर से शनि की ढैय्या समाप्त हो जाएगी। इस वजह से तमाम तरह की परेशानियों से इन्हें निजात मिल जाएगी।

# प्रमोशन और धन लाभ के लिए कैसा रहेगा 2024

## नौकरी और ज्योतिष

जो भी व्यक्ति नौकरीपेशा है तो उसकी हमेशा एक इच्छा रहती है कि उसे जल्द प्रमोशन और आर्थिक लाभ के मौके मिले। इसके लिए वह काम में कड़ी मेहनत और अपने बॉस को खुश करने का प्रयत्न करता है। ज्योतिष में कुंडली के अध्ययन से यह बात पता किया जा सकता है कि किसी का नौकरी कैसी रहेगी। उसे अपने क्षेत्र में प्रमोशन मिलेगा या नहीं। किसी भी व्यक्ति के कुंडली के दसवें घर में स्थित ग्रहों के आधार पर उसके करियर या नौकरी के बारे में जाना जा सकता है।



## किसी को कब मिलती है सरकारी नौकरी

- यदि जातक की जन्म कुंडली में लग्न का स्वामी बलवान होकर दशम भाव में बैठे या दशम भाव में सभी शुभ ग्रह हों और दशम भाव का स्वामी बली होकर अपनी या अपनी मित्र राशि में होकर केंद्र या त्रिकोण में हो तो व्यक्ति दीर्घायु होता है और उसका भाग्य राजा के समान होता है।
- यदि जातक की जन्म कुंडली में लग्न का स्वामी बलवान होकर दशम भाव में बैठे या दशम भाव में सभी शुभ ग्रह हों और दशम भाव का स्वामी बली होकर अपनी या अपनी मित्र राशि में होकर केंद्र या त्रिकोण में हो तो व्यक्ति दीर्घायु होता है और उसका भाग्य राजा के समान होता है।
- यदि जन्मकुंडली के लग्न व दशम भाव में सूर्य का प्रभुत्व हो तो जातक राजनेता या राजपत्रित अधिकारी और मंगल का प्रभुत्व हो तो जातक के पुलिस या सेना के उच्च पद पर आसीन होने के संकेत मिलते हैं।
- गुरु का प्रभाव भी यश एवं कीर्ति तथा शुभ कर्म करने वाले लोगों पर देखा जाता है। अधिकतर उच्च पदों पर कार्यरत जातकों की कुंडली में बुध आदित्य योग जरूर होता है।
- जब किसी जातक की कुंडली में दशम स्थान में सूर्य, मंगल या वृहस्पति की दृष्टि पड़ रही होती है तो सरकारी नौकरी का प्रबल योग बन जाता है।
- अगर किसी का लग्न मेष, मिथुन, सिंह, वृश्चिक, वृष या तुला है तो सरकारी नौकरी के लिए अच्छा योग बनते हैं।
- जब कुंडली में सूर्य, वृहस्पति या चन्द्रमा एक साथ हो तो सरकारी नौकरी के लिए अच्छे योग बन जाते हैं।
- हाथ में सूर्य की दोहरी रेखा हो और बृहस्पति के पर्वत पर क्रास हो तो व्यक्ति को सरकारी नौकरी करने का अवसर मिलता है।

**प्रमोशन पाने के लिए करें ये उपाय**

अधिकारी का कारक ग्रह सूर्य है। इसलिए सूर्य देव को प्रसन्न करने के उपाय करते रहना चाहिए। नियमित रूप से सूर्योदय से पहले उठें, स्नान करें और उगते सूर्य को जल चढाएं।

# 2024 में शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पाने में कारगर वैदिक विज्ञान

साल 2024 में शिक्षा क्षेत्र में सफलता पाने के लिए हम आपको ज्योतिष विज्ञान के ऐसे कारगर उपाय बताने जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपनी पढाई में कामयाबी पा सकते हैं। ये उपाय वैदिक ज्योतिष पर आधारित हैं जो आपकी राशि के अनुसार दिए गए हैं। तो चलिए राशि अनुसार जानते हैं किस उपाय से मिलेगी आपको शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी।

**मेष**

इस वर्ष प्रत्येक मंगलवार को हनुमान जी का व्रत रखें। यदि व्रत रखना संभव न हो सके तो हनुमान जी की पूजा अवश्य करें। इस दौरान हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ अवश्य करें। ऐसा करने से आपको शिक्षा ही नहीं अन्य क्षेत्र में भी कामयाबी हासिल होगी।

**वृष**

इस वर्ष प्रत्येक शुक्रवार के दिन छोटी कन्याओं को सफेद रंग की मिठाई, चावल की खीर, या फिर बताशे प्रसाद के रूप में बांटें। इसके बाद उनका आशीर्वाद लें। ऐसा करने से आपको पढाई में मन लगेगा और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करेंगे।

**मिथुन**

इस वर्ष आप बुधवार के दिन गणेश जी की आराधना करें। आप चाहें तो बुधवार का व्रत भी रख सकते हैं। इसके साथ ही बुधवार को कोई हरा वस्त्र शरीर पर जरूर धारण करें। इससे आपकी बुद्धि तेज होगी और आप गणित, सांख्यिकी और वाणिज्य जैसे विषयों में सफलता अर्जित करेंगे।

**कर्क**

कर्क राशि के जातकों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए सोमवार के दिन शिवजी को प्रसन्न करना होगा। प्रत्येक सोमवार को शिव का गंगा जल से अभिषेक करें। ऐसा नित्य करने से आपको एजुकेशन सेक्टर में सफलता मिलेगी।

**सिह**



इस वर्ष आप रोजाना सूर्य की उपासना करें। हालाँकि इसके लिए आपको जल्दी सुबह उठना होगा और फिर सूर्योदय के समय तांबे के पात्र से सूर्य को जल चढाना भी आपके लिए अति लाभकारी होगा। रविवार के दिन आदित्य हृय स्तोत्र का पाठ करें।

**कन्या**

कन्या राशि के जातकों का स्वामी बुध ग्रह है। इसलिए आपको इस वर्ष बुध ग्रह का आशीर्वाद पाने के लिए आपको बुध ग्रह से जुड़े उपाय करना होगा। इसके लिए आप गौ माता को हरा चारा अथवा हरी सब्जियां खिलाएं और उनकी पीठ पर 3 बार हाथ फेरें। ऐसा करने से आपको शिक्षा क्षेत्र में कामयाबी मिलेगी।

**तुला**

तुला राशि के जातक हृदय से कोमल होते हैं। इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए कुछ आप चीटियों को रोजाना आंटा खिलाएं। शुक्रवार के दिन अपने शरीर पर कोई गुलाबी रंग का वस्त्र पहनें तथा इत्र लगाएं। ये उपाय आपको शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी दिलाएंगे।

**वृश्चिक**

वृश्चिक राशि के जातकों को मंगलवार के दिन बंदरों को गुण एवं चना खिलाने से मंगल ग्रह का आशीर्वाद प्राप्त होगा। मंगलवार के दिन हनुमान मंदिर में सिंदूर चढाने से भी आपको लाभ प्राप्त होगा।

धनु

धनु राशि के जातक को इस वर्ष पढाई में सफलता पाने के लिए एक सरल उपाय करना होगा। गुरुवार के दिन माथे पर चंदन या फिर हल्दी का तिलक लगाएँ। साथ ही पीले वस्त्र धारण करें। इससे आपको आपको एजुकेशन क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**मकर**

इस वर्ष आपको प्रत्येक शनिवार को छाया पात्र का दान करना चाहिए। इसके लिए किसी मिट्टी अथवा लोहे के पात्र में सरसों का तेल भरकर अपनी छाया देखें और उसे दान कर दें।

**कुंभ**

नए साल में शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए आपको शनि ग्रह से जुड़े हुए उपाय करने होंगे। इस वर्ष शनिवार के दिन लोहे के पात्र में सरसों का तेल भरकर अपनी छाया देखें और उसे दान कर दें। ऐसा करना आपके लिए लाभकारी होगा।

**मीन**

इस वर्ष आपको केले का पेड़ लगाना चाहिए और बृहस्पतिवार के दिन उसे जल चढाकर उसकी पूजा करनी चाहिए। इससे आपको कामयाबी मिलेगी और आप परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करें।

# निर्मल महतो की जयंती पर शहीद स्थल से समाधि स्थल तक उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष एवं अलग झारखंड आंदोलन को अपनी शहादत से नयी दिशा देने वाले स्व. निर्मल महतो की जयंती के अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों ने चमरिया गेस्ट हाउस स्थित शहादत स्थल और उलियान,कदमा स्थित समाधि स्थल पर पहुंच कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति को नमन किया। श्रद्धांजलि देने पहुंचने वालों में झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, विधायक सबिता महतो समेत निर्मल दा के परिजन, वधायक मंगल कालिंदी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार आदि शामिल थे। लंबे अरसे बाद भाजपा नेता भी शहीद निर्मल महतो की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे। भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतवरण महतो, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव आदि शामिल थे। मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि निर्मल दा का शहादत का ही परिणाम अलग राज्य के रुप में हमें मिला। अब हम सब की जिम्मेदारी है कि झारखंड को शोषण मुक्त व विकसित राज्य बनायें। इसके लिए हर एक निवासी को निस्वार्थ भाव से अपना योगदान देना होगा। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार निर्मल दा के बताये रास्ते पर चलते ही ही अधिशासन को राज्य के अंतिम पंक्ति में खड़े झारखंडवासियों तक पहुंचाने का काम कर रही है। भाजपा नेता व जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने आज सिमरिया बिष्टुपुर स्थित चमरिया गेस्ट हाउस स्थित शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उन्हें अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्हें याद करते हुए सांसद महतो ने कहा निर्मल दा एक जुझारू प्रवृत्ति के इंसान थे उन्होंने शोषण और दमन के खिलाफ आंदोलन खड़ा किया। उन्होंने एकजुट होकर लोगों को अपना अधिकारों के लिए लड़ने का प्रेरणा प्रदान की। सांसद महतो ने कहा निर्मल दा एक ऐसा समाज का निर्माण चाहते थे जो शोषण पर आधारित नहीं हो। आज इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। आज मुख्य रूप से उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में रीता मिश्रा, मुचिराम बाउरी, दीपू सिंह, चंचल चक्रवर्ती, प्रशांत पोद्दार, विनोद राय, बजरंगी पांडे, ललन यादव, अभय चौबे, आनंद शर्मा, अशोक मिश्रा, विजय सिंह, सानंद प्रधान सुनील सिंह मुंडा, अमर सिंह, नारायण महतो वीरेन महतो, मनोज बाजपेई, मोंटी अग्रवाल लीना चौधरी, रीता सिंह, रूपा मूनका, गोपाल जायसवाल, मनीष पांडे, नारायण प्रसाद, संजय रजक, रमेश प्रसाद, विमल महतो समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


शहादत स्थल पर निर्मल दा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते मंत्री चंपई सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक रामदास सोरेन, विधायक संजीव सरदार व रामाश्रय प्रसाद।


विधायक सबिता महतो के नेतृत्व में निर्मल दा को श्रद्धांजलि देती परिवार की नयी पीढ़ी।


सांसद विद्युतवरण महतो और भाजपाई निर्मल दा की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए।

## स्पीड न्यूज

### पासी समाज की कोल्हान स्तरीय बैठक 28 को



जमशेदपुर। पासी समाज कोल्हान प्रमंडलीय समिति की 11वीं वार्षिक बैठक रविवार 28 जनवरी 2024 को सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर पार्क परिसर में होगी। यह निर्णय गत 24-12-2023 को पासी समाज की आयोजित बैठक में लिया गया जिसकी अध्यक्षता श्री कंचन लाल ने की। इस बैठक के माध्यम से समाज के लोगों से अपील की गई कि जो भी परिवार इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहता है वह बमार्माइंस स्थित मुरा कार्यालय से संपर्क कर सकता है, सभी का स्वागत है। आज की बैठक में मुख्य रूप से सुभाष सरोज, देवनान चौधरी, राम स्वरूप, दिलीप कुमार, राम बाबू वर्मा, अनिल प्रसाद, शंकर प्रसाद सुनील, हरेराम एवं अन्य उपस्थित थे।

### नीमडीह में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

चांडिल। सरायकेला जिला के ईचागढ विधानसभा क्षेत्र के निमडिह प्रखंड के मुरू गाँव में हो रहे दोदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट सुनील स्मिति के याद में आयोजित एन. एस. एस. सी मुरू क्रिकेट टूर्नामेंट का कार्यक्रम मे शामिल हुए समाजसेवी करन गोराई मौके पर उपस्थित समाजसेवी करन गोराई ने स्वर्गीय सुनील जी के तस्वीर में पुष्प चढ़ा कर श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया एवं विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और कमिटी के सदस्यों को आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित साथीगण संजय कुमार सेन, राहुल सिंह चंदेल, धरनी गोराई, सुरज पात्रो, गौतम महतो, शशिभूषण सिंह सरदार, गुरुपदो गोराई आदि उपस्थित थे।

### वृद्ध आश्रम में रहने वाले लोगों के बीच सुरभि शाखा ने बांटे स्वेटर



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए अपने सामाजिक कार्यों के तहत सोमवार को बाराद्वारी स्थित वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी लोगों के बीच स्वेटर, टोपी ओर मौजा का वितरण किया गया। स्वेटर पाकर सभी बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान देखने लायक थी। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल की देखरेख में घाटशिला निवासी सांवरमल अग्रवाल के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सुमन झाझरिया आदि का योगदान रहा।

### झारखंड कुम्हार कल्याण संघ ने पोटका में मनाया प्रथम स्थापना दिवस

जमशेदपुर। झारखंड कुम्हार कल्याण संघ झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में पोटका प्रखंड के कवाली गांव में प्रथम स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर माटी कला बोर्ड के निवर्तमान सदस्य अविनाश देव मुख्य अतिथि के रूप में तथा इंद्रदेव प्रजापति, सिद्ध नाथ प्रजापति, ललन प्रजापति, दिनेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सर्वप्रथम पुष्प माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। विजय भक्त ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। बतौर मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कुम्हार जाति समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है। हरप्पा, मोहनजोदड़ो,, द्वापर, त्रेता से लेकर वर्तमान युग में भी कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाकर समाज के एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में बने हुए है। निराकार को आकार देने का काम कुम्हार जाति करता है। लेकिन यह समाज पिछड़ा हुआ है। इसका मुख्य कारण शिक्षा की कमी है। श्री देव ने कहा कि एक रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे। उन्होंने हर घर में इंजीनियर बनाने का संकल्प लेने को कहा। अपने समाज को बेटी बचाने, बेटी पढ़ाने का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमे जागरूक होना होगा तथा सोच को बदलना होगा। इस अवसर पर रवीन्द्र नाथ भगत, सुदर्शन भगत, घासीराम भकत, सत्येन भक्त आदि उपस्थित थे।

# निर्मल दा और अटल जी के साथ बिताये पल मेरे जीवन की अनमोल पूंजी : अर्जुन मुंडा

### शहीद निर्मल महतो की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के कृषि एवं जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज लंबे अंतराल पर शहीद निर्मल महतो की जयंती पर उनके समाधि स्थल पर नमन करने कदमा उलियान पहुंचे और शहीद निर्मल महतो की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उनके साथ सांसद विद्युतवरण महतो समेत कई वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे। इस अवसर पर मुंडा शहीद निर्मल महतो के परिजनों से भी मिले। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि 25 दिसंबर वैसे पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि आज वैसे महान लोगों का जन्मदिन है जिन लोगों ने अपने सामाजिक जीवन में एक नजीर पेश की। आज मैं यहां स्व. निर्मल महतो की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। उनसे बहुत सारी स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। लंबे अरसे तक उनके साथ काम करने का मौका मिला। बहुत सारे संघर्षों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है जो हमेशा स्मरण में रहता है।

उन दिनों में जब झारखंड में राजनीति चेतना का अभाव था, सामाजिक चेतना और मौलिक बातों को लेकर लोग कैसे आगे आयें, इस दृष्टि से निर्मल दा के साथ काफी काम करने का मौका मिला । आज जहां निर्मल दा का जन्मदिन है वहीं आज महामना पंडित मदनमोहन मालवीय का भी जन्मदिन है जिन्होंने अंग्रेजों के शासन में भी महामना मदन मोहन मालवीय ने एक-एक ईंट बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के लिए जोड़ते हुए एक ऐसे विवि की स्थापना की जो आज भी देश को लाभान्वित कर रहा है। उसी के साथ-साथ देश रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का भी आज जन्म दिन है। इस देश में संवेदनशीलता के साथ राष्ट्र का विकास, सामूहिक सोच देश में विकसित कर देश की अक्षुणता को सुरक्षित रखने,राजनैतिक क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान और नया आयाम देने का काम प्रधानमंत्री के रुप में वाजपेयी जी ने किया। मुझे जहां झारखंड के बुनियादी बातों को लेकर अविभाजीत बिहार में स्व. निर्मल नेतृत्व के कामकरने का काम करने का मौका मिला तो दूसरी ओर अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रितत्व काल में झारखंड के मुख्यमंत्री के रुप में मुझे काम करने का अवसर मिला। उनके राष्ट्रीय समावेशी कार्यक्रमों में आम जन की हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की दृष्टि से काम करने का अनुभव मिला। वहीं आज विश्व के स्तर पर क्रिसमस धूमधाम से मनाया जा रहा है। ईशा मसीह के जन्म दिन के रुप में ही क्रिसमस मनता है। ऐसी विभूतियों के जीवन से हर नागरिक को प्रेरणा लेते हुए सामाजिक जीवन में निस्वार्थ और समर्पित होकर काम करना चाहिए।


निर्मल महतो की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युतवरण महतो, विधायक सबिता महतो व अन्य।

## खबर एक नजर में

### बलबिंदर और माधवी को मिला प्रभाकर स्मृति पुरस्कार

**जमशेदपुर।** महामना मदनमोहन मालवीय एवं कविवर अटल जयंती के अवसर पर सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन द्वारा स्वदेश स्मृति साहित्य सेवी सम्मान सह सांस्कृतिक संध्या/लिट्टी भोज के अवसर पर इस वर्ष नगर के २ साहित्य सेवियों बलविन्दर सिंह तथा माधवी उपाध्याय को स्वदेश स्मृति साहित्य सेवी सम्मान-2023 प्रदान किया गया। जिसके अन्तर्गत इन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, श्रीफल, सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह एवं ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की नगद राशि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका एवं संचालन मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी ने की। जबकि स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के उपाध्यक्ष राम नन्दन प्रसाद तथा धन्यवाद ज्ञापन यमुना तिवारी 'व्यथित' ने दिया। सम्मानित दोनो साहित्यकारों का परिचय क्रमशः दिव्येन्दु त्रिपाठी एवं डॉ अजय कुमार ओझा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती एवं दोनो महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन, पुष्पार्पण तथा डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' के सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात भारत रत्न द्वय महामना मालवीय एवं कविवर अटल जी का संक्षिप्त परिचय सर्वश्री विद्या सागर लाभ तथा प्रसन्न वदन मेहता ने प्रस्तुत किया। इसके बाद संस्थान के न्यासी मुरलीधर केडिया जी के 81 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उन्हें भी संस्थान द्वारा पुष्पगुच्छ-अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान करते हुए शुभकामना दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थावे विद्यापीठ (गोपालगंज) के प्रतिकुलपति डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने तुलसी भवन द्वारा हिन्दी साहित्य के विकास के लिये किये जा रहे कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जबकि विशिष्ट अतिथि मुरलीधर केडिया ने कहा कि सम्मान आगे बढने की प्रेरणा देती है। उन्होंने सम्मान पाने वाले दोनो साहित्यकारों को बधाई दी। कार्यक्रम के दुसरे सत्र में श्री राजेन्द्र साह 'राज' एवं अन्य द्वारा सांस्कृतिक संध्या के अन्तर्गत विभिन्न गीतों की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सामुहिक लिट्टी भोज का आयोजन किया गया।

### सरना धर्म कोड के लिए भारत बंद सफल बनाने का निर्णय

बोकारो। आदिवासी सेंगेल अभियान और बिरसा मुंडा समिति हो मुण्डा आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा बासा फुटबॉल मैदान में रेंगो बिरुआ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में 30 दिसंबर को आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के द्वारा सरना धर्म कोड की मान्यता हेतु एक दिवसीय सांकेतिक भारत बंद को समर्थन व सफल करने के संबंध में सकारात्मक बातचीत हुई। बिरसा मुंडा समिति एवं हो समाज की तरफ से रेंगो बिरुवा ने कहा कि हमें सरना के लिए एकता और संघर्ष जारी रखना है। सेंगेल के बोकारो जिला अध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि सेंगेल किसी पार्टी और उसके वोट बैंक को बचाने के बदले आदिवासी समाज को बचाने के लिए चिंतित हैं। सभा को हो मुण्डा आदिवासी समाज की तरफ से झरीलाल पात्रा आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू झारखंड प्रदेश संयोजक ने भी संबोधित किया। बैठक में सेंगेल से कालीचरण किस्कू राखो किस्कू विजय मराडी कोमल किस्कू हाकिम मरांडी संजय मुर्मू और बिरसा मुंडा समिति और हो मुण्डा समाज से योगो पूर्ति बोरजो मेलगांडी हरिचरण मौजूद थे

### सांता क्लॉज बने पप्पू सरदार ने बांटे उपहार

**जमशेदपुर।** क्रिसमस के शुभ अवसर पर रविवार की देर रात और सोमवार की सुबह सिनेतारिका माधुरी दीक्षित के प्रशंसक शहर के चर्चित पप्पू सरदार ने सांता क्लॉज बनकर शहर का भ्रमण किया और भाईचारा के साथ स्वच्छता का संदेश दिया। इसके लिए पप्पू सरदार ने अपनी स्कूटी को भी काफी आकर्षक ढंग से सजाया था। पप्पू सरदार ने बेल्डीह चर्च, गोलमुरी चर्च, जमशेदपुर अक्षेस कार्यालय के पास, बसंत सिनेमा चौक, साकची गोलचक्कर, पलंग मार्केट मोड़, साकची, गोलमुरी एवं बिष्टुपुर मेन रोड़ में सांता क्लॉज बनकर लोगों के बीच कई प्रकार के उपहार बांटे। सांता क्लॉज के हाथों से उपहार पाकर बच्चों से लेकर बुजूर्ग तक बहुत खुश हुए। सांता क्लॉज बने पप्पू सरदार के एक हाथ में घंटी थी और दूसरे में उपहार से भरे केक, चॉकलेट, मिठाईयां, पेन, पेंसिल, खिलोने वाला थैला। सांता के आगमन के साथ ही जिंगल वेल, जिंगल वेल गीत बजने लगा। सांता क्लॉज नाचते झूमते घंटी बजाते हुए उपहार बांटे जा रहा था। सांता क्लॉज से सभी लोग हाथ मिलाने फोटो खिंचवाने और सेल्फी लेने के लिए बैताब दिखे। सांता क्लॉज बने पप्पू सरदार ने सभी स्थानों पर साफ-सफाई का संदेश दिया। इस दौरान रात में सड़क किनारे खुले में सो रहे लगभग 50 से अधिक गरीबों को कंबल देकर इस कड़ाके की ठंड से बचाने एवं गरीबों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का प्रयास भी किया। इस संबंध में पप्पू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गरीब और मजबूर लोगों की सेवा ही मेरी जिंदगी का मकसद है। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए मेरे द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है ताकि सर्द भरी रात में ठंड से ठिठुर रहे लोगों को राहत दी जा सके। वहीं शांता क्लोज बन कर क्रिसमस के अवसर पर लोगों के बीच में मिठाईयां एवं अन्य सामग्री का वितरण कर खुशियां बाटी जा रही है जहां लोगों का सोच से अधिक प्यार हमें प्राप्त हो रहा है।

### झामुमो जिला संपर्क कार्यालय में याद किये गये निर्मल दा

जमशेदपुर। सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा ज़िला संपर्क कार्यालय साकची में वीरशहीद निर्मल महतो जी का 73वाँ जन्मजंयती पुष्प अर्पित कर मानाया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से माननीय विधायक सह ज़िला अध्यक्ष रामदास सोरेन ज़िला उपाध्यक्ष सागेण पुर्ती ज़िला कोषाध्यक्ष कालीपदो गोराई वरिष्ठ नेता वीर सिंह सुरीन वरिष्ठ नेता कानु सामंत वरिष्ठ नेता नान्दु सरकार वरिष्ठ नेता उमानाथ झा वरिष्ठ नेता राज लकड़ा राजकुमार भाई महिला नेत्री दुर्गा भोईपाई वरिष्ठ नेता गुरमीत सिंह ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी अरुण सिंह राजा मौजूद थे।

### विद्युतवरण महतो ने प्टल जी को किया नमन

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, करोड़ों भाजपा कार्यकताओं के प्रेरणास्रोत और हमारे पथ प्रदर्शक पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती पर शीतला भवन बागुनहातु में अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अटलजी का जीवन अनुकरणीय है। अपने शासनकाल में उन्होंने न्युनतम सरकार और अधिकतम शासन का सूत्र दिया। इसलिए उनके कार्यप्रणाली को आज भी याद किया जाता है। आज सांसद भारतीय जनता युवा मोर्चा, जमशेदपुर महानगर के द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जॉच शिविर सह कम्बल वितरण समारोह में शिरकत कर रहे थे।

### राम हैं सत्य और लक्ष्मण समर्पण : सुधीर जी

**बोकारो।** श्री राम मंदिर सेक्टर वन के आध्यात्मिक परिसर में श्री राम कथा अमृत वर्षा के तीसरे दिन कथावाचक संत सुधीर जी महाराज ने धनुष यज्ञ प्रसंग लक्ष्मण परशुराम संवाद तथा सीता स्वयंवर प्रसंग के माध्यम से जनमानस को सही जीवन जीने का विशेष सूत्र दिया। महाराज श्री ने कहा कि धनुष कठोरता यानी अहंकार का प्रतीक है। भगवान को इसे तोड़ने में तनिक भी देरी नहीं होती लेकिन फूल जैसी कोमल भावना को तोड़ने में भगवान को भी पसीना छुट जाया करता है। महाराज श्री ने कहा कि किसी भी यज्ञ को पूर्ण होने में सत्य और समर्पण की जरूरत है । राम यानी सत्य और लक्ष्मण यानी समर्पण। लक्ष्मण जी समर्पण और वैराग्य की प्रतिमूर्ति हैं। यह दोनों जिस यज्ञ में जाएंगे वही यज्ञ पूर्ण होगा। पुष्प वाटिका का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पुष्प बाग अर्थात संतो का समूह ही बाग है। जिनको संत भगवंत का दर्शन हुआ है उनको बाग में जाना पड़ा है। इस अवसर पर विशेष भूमिका में लियो नाइन के सुजीत कुमार सिंह चंदन जायसवाल मंटू सिंह अमर गुप्ता राजू जयसवाल ब्रजेश सर्राफ रुद्र कुमार अमित चौधरी आचार्य शिव कुमार शास्त्री कृष्णकांत त्रिपाठी जी तथा महिला मंडल के डॉ रिचा सिंह माया सिंह इंद्रा गुप्ता करुणा सिंह अनीता सिंह पुतुल अखौरी जीता सिंह आदि सक्रिय दिखे।

## टाटा में रही क्रिसमस की धूम, प्रार्थना सभा में उत्साह से भाग लिये मसीही



नार्दन टाउन में क्रिसमस की सुबह विशेष प्रार्थना का दृश्य। इसके साथ ही जमशेदपुर में मसीही समुदाय ने धूमधाम से क्रिसमस मनाया। सुबह से ही चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में भाग लेने के लिए लोग नहा कर नये वस्त्र धारण कर पहुंचे हुए थे। लोग दिन भर एक-दूसरे के यहां जाकर क्रिसमस की बधाई देते रहे।

# निर्मल महतो की शहादत पर फूल चढ़ाने से अच्छा उनके परिवार को इंसाफ दिलाये सरकार : सहिस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को बोड़ाम प्रखंड के मुकुरुडीह मोड़ जमशेदपुर में शहीद निर्मल महतो के जयंती पर प्रतिमा अनावरण आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के द्वारा हुआ। रामचंद्र सहिस के सौजन्य से बोड़ाम प्रखंड को विशाल प्रतिमा मिली है, जिससे पूरा प्रखंड गद्गद् है। प्रतिमा के अनावरण समारोह में मानो पूरा पटमदा-बोडाम प्रखंड समारोह स्थल पर उमड़ पड़ा। रामचंद्र सहिस ने बताया की शहीद निर्मल महतो के ऊपर फूल चढ़ाने से बेहतर होता उसे सही न्याय दिला देते। उसे सही सम्मान दिला देती सरकार। लेकिन वर्तमान सरकार ऐसा नहीं कर सकती है, क्योंकि वर्तमान सरकार के मुखिया शहीदों के नाम बेचकर राजनीति करते हैं। झारखंड सरकार की मंशा ठीक होती तो हत्यारो के साथ-साथ हत्या में साजिशकर्ता और उसके मुख्य वजहों का खुलासा कर देती लेकिन सरकार ऐसा नही करेगी। इस राज्य के निर्माण में शहीद हुए आंदोलनकारियो इस राज्य के निर्माण में जेल गए आंदोलनकारियो, इस राज्य के निर्माण में लाठी गोली खाए आंदोलनकारियो तक को भी उचित सम्मान नही देना जानती है सरकार और इस बात का अंदेशा था शहीद निर्मल महतो को, इसलिए उन्होंने अपने ही कार्यकाल में आजसू नामक आंदोलन की स्थापना किए और आज वही आंदोलन इस राज्य की जरूरत बन गई है।





## 1350 एमटी अवैध कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयलाए बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खननए भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीती रात 11 बजे से लेकर भोर के 4रू30 बजे तक जिला खनन टास्क फोर्स ने जीटी रोड पर बड़े पैमाने पर जांच अभियान चलाया।

अभियान में तोपचांची थाना क्षेत्र से 25 . 25 टन अवैध कोयला लोड 44 ट्रक एवं हरिहरपुर थाना क्षेत्र से 25 . 25 टन अवैध कोयला लोड 10 ट्रक को पकड़ा गया। जब इन ट्रकों की जांच की गई तो इनके पास कोयला से संबंधित कोई भी वैध कागजात या परिवहन चालान इत्यादि नहीं मिला। पूछताछ के क्रम में ट्रक चालकों ने बताया कि उपरोक्त अवैध कोयला महुदाए भाटडीहए तेतुलिया सहित अन्य स्थान से बिहार की ओर ले जाने के लिए ट्रकों पर लोड किया गया था। सभी वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना में एफआइआर करने की प्रक्रिया शुरू की गई। साथ ही 5 चालकए एक उप चालक सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभियान में पर्ल कोक लोड तीन ट्रक को भी पकड़ा गया है। जिसके कागजातों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एक ओवरलोड ट्रक को भी पकड़ा गया। उस पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

वहीं इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि जिले में कोयलाए बालू एवं अन्य खनिज संपदा के अवैध खननए भंडारण व परिवहन के विरुद्ध ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 497 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भाजपा के पितृपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी जी के 99वीं जयंती को समर्पित करते हुए पार्टी नेताओं ने सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में गोलमुरी अंतर्गत केबल वेलफेयर क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी तादाद में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित रक्तदाताओं ने शिरकत किया। इस दौरान कुल 497 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी शामिल हुए और रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने रक्तदान के पुनीत आयोजन के उद्देश्य को सराहा। इससे पहले अटल जी के छवि चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त किया। उन्होंने कहा अलग झारखंड राज्य की सौगात दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन है। कहा कि जिस सपने से अटल बिहारी वाजपेयी ने इस राज्य का निर्माण किया उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरा करने में जुटे हुए हैं। हम सब मिलकर वाजपेयी जी के इस सपने को पूरा करेंगे।

# बैरिकेडिंग तोड़कर कार्यकर्ताओं ने किया शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण

### उपवास पर बैठकर गुंजन यादव ने हेमंत सोरेन को युवाओं से किये वादों की दिलायी याद, जमकर हुई नारेबाजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के जनक पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी एवं झारखंड आंदोलन के अग्रणीय नायक, शहीद निर्मल महतो के जयंती के अवसर पर सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से आयोजित एकदिवसीय शांतिपूर्ण सामूहिक उपवास कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह समेत कार्यकर्ताओं ने माता रंकिणी से राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना के संग झारखंड की आततायी हेमंत सोरेन सरकार की विदाई का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद, कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती को श्रद्धापूर्वक मनाते हुए उनके छविचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कदमा रांकिणी मंदिर चौक से कदमा उलियान स्थित शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल की ओर पैदल मार्च करते हुए प्रस्थान किया। आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर निर्मल महतो समाधि स्थल पहुंच गए। जहां काफी जद्दोजहद के बाद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। माल्यार्पण के बाद जिलाध्यक्ष गुंजन यादव के संग कार्यकर्ताओं ने निर्मल महतो की प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक उपवास किया। प्रशासन की ओर से उपवास को अन्यत्र जगह हस्तांतरित करने की बात कही गई। जिसपर गुंजन यादव ने शहीद स्थल के बाहर पीपल पेड़ के नीचे उपवास पर बैठकर अपना विरोध जताया। जहां कुछ देर बाद प्रशासन की ओर से बलपूर्वक कार्यकर्ताओं को हटा दिया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए गुंजन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारतीय राजनीति के सबसे झूठे मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। इस दौरान ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, रामबाबू तिवारी, मिथिलेश सिंह यादव, कुलवंत सिंह बंटी, राकेश सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, भूपेंद्र सिंह, अमित अग्रवाल, मोचीराम बाउरी, बीनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, राजेश सिंह, संजय तिवारी, प्रशांत पोद्दार, बिनोद राय, अमरेंद्र पासवान, सुरेश शर्मा, बबलू गोप, संतोष ठाकुर, हन्नु जैन, संदीप शर्मा बौबी, त्रिदेव चट्टराज, निशांत कुमार, प्रदीप मुखर्जी, राहुल तिवारी, द्विपल विश्वास, सुशील पांडेय, राहुल कुमार, कुमार अभिषेक, अजय झा, अभिमन्यु सिंह चौहान, मिथिलेश साव, संतोष कुमार, प्रकाश दुबे, अभिषेक श्रीवास्तव, दिलीप पासवान, हरेराम यादव, महावीर सिंह, रॉकी सिंह, काजू शांडिल, तन्मय ओझा, विजय गौंड, रमेश बास्के, मिठू चौधरी, अरुण मिश्रा समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए पुलिस से उलझते महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव।


निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरना देते भाजपाई।

# जेल से रची गयी थी हत्या की साजिश, एसपी ने किया खुलासा

### सीवान के एआइएमआइएम नेता जमाल हत्याकांड

खबर मन्त्र संवाददाता

**सीवान।** एआईएमआईएम नेता आरिफ जमाल हत्याकांड का पुलिस ने में खुलासा किया। सीवान जेल से मिले निर्देश के बाद आरिफ जमाल की हत्या की गई थी। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही इस हत्याकांड में शामिल दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। सीवान के एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इस मामले की जानकारी दी। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान आसाव थाना क्षेत्र के करमौल निवासी उदयनाथ मिश्रा के पुत्र राजन मिश्रा उर्फ अर्चित मिश्रा और एमएच नगर हसनपुरा थाना क्षेत्र के इजरा चांदपुर निवासी कमलेश यादव के पुत्र रोहित यादव उर्फ लाडला के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के पास से 2 देशी पिस्टल, 6 जिंदा कारतूस, 1 किलो चरस, 2 मोबाइल और 1660 रुपये बरामद किया है। राजन मिश्रा उर्फ अर्चित मिश्रा पर 11 मामले



हुसैनगंज थाना, नगर थाना और सराय थाना में दर्ज है, जबकि दूसरा अपराधी रोहित यादव उर्फ लाडला के ऊपर भी 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें हुसैनगंज, नगर थाना, सराय थाना, सिसवन थाना, रघुनाथपुर थाना में मामले दर्ज है।

वहीं, एसपी शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि सीवान जेल में बंद कुख्यात अपराधी रिशु पांडे के इशारे पर आरिफ जमाल की गोली मारकर हत्या की गई थी। एसपी ने आगे कहा कि रिशु पांडे के इशारे पर इन दोनों अपराधियों ने आरिफ जमाल को गोली मारी। हालांकि किस कारण से आरिफ जमाल की गोली मारकर हत्या की गई है? यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। रिशु पांडे को रिमांड पर लेने के बाद इस पूरे मामले की खुलासा हो पाएगा। हालांकि यह स्पष्ट है कि जेल से ही निर्देश मिलने के बाद आरिफ जमाल की हत्या हुई थी। गौरतलब है कि शनिवार की (23 दिसंबर) रात ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम के नेता आरिफ जमाल जब अपनी दुकान पर बैठे हुए थे तभी बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोरखपुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## एक नजर में

### केक काटकर मनाया क्रिसमस डे

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारियातू पंचायत के सिमरातरी में बड़ा दिन क्रिसमस डे के शुभ अवसर पर केक काटकर लोगों ने खुशियां मनाया। तथा बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल व कलम का वितरण भी किया गया। साथ ही साथ गरीब लोगों को भोजन करवाया गया। यह कार्य उर्मिला देवी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रीति कुमारी, दिव्या कुमारी, संगीता देवी, रीना देवी, कांति देवी, वर्षा कुमारी, यीशुराम, विकास कुमार, आकाश कुमार, चंदन कुमार, शिवराज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ प्रभु यीशु का जन्म दिवस मना

**गोड्डा।** मध्य रात्रि में प्रभु यीशु के जन्म दिवस का समय को मानते हुए प्रभु यीशु की नवजात आकर की प्रतिमा से साज सज्जा से लैस गिरजा घर परिसर स्थित चरनी में रखा गया। उसके तुरंत बाद से ही उत्सव प्रारंभ किया गया। और यह कार्यक्रम सोमवार को दिनभर चलता रहा।फादर सीलजो और सिस्टर शशि ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष गिरजा पाठ पढ़ा गया।फादर सिलजो ने प्रमुख गिरजा पाठ को पढ़ा उसके बाद सभी धर्मावलंबियों से उसे दुहराया।प्रभु यीशु की जन्मोत्सव के अवसर पर सभी क्रिसमस मनाने वाले धर्मावलंबियों द्वारा एक दूसरे को बधाई दी गई मिठाई खिलाई गई। कहीं-कहीं पटाखे भी फोड़े गए।

### गांधी मैदान पर क्रिसमस केक काट कर राष्ट्रीय नेट बॉल के प्रतियोगियों ने खुशियां मनाई

**गोड्डा।** आज दोपहर एक बजे गांधी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय नेट बॉल। प्रतियिगिता का चौथा दिन है। करीब 28 राज्यों के प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। पंजाब, राजस्थान ओरिसा, मणिपुर, आसाम, बिहार आदि राज्यों से छात्र और छात्राएं आयी है।

# दुमका में हर्षोल्लास के साथ मनी क्रिसमस त्योहार

### गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना सभाएं



क्रिसमस पर प्रार्थना करते ईसाई समुदाय के लोग

ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा पर्व क्रिसमस (बड़ा दिन) गोपीकान्दर थाना अंतर्गत विभिन्न गिरजाघरों में बड़े ही धूम -धाम से मनाया गया। क्रिसमस डे (बड़ा दिन) को लेकर सोमवार को इलाके में जश्न का माहौल था। आसनबनी गांव के प्रभु निवास,रघुनाथपुर गांव के क्रिस्टराजा मिशन,तालड़ंगल मिशन,मुरगनी मिशन,तिलबनी मिशन,अलीगंज मिशन,चिताडीह मिशन,कदमा मिशन,कारीकादर मिशन समेत अन्य मिशन में हर्सोल्लास के साथ बड़ा दिन के मौके पर प्रभु मसीह की जन्मोत्सव की आयोजन की गई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका और आसपास के इलाके में भी लोगों ने धूमधाम से क्रिसमस मनाया और एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रविवार को देर रात से ही रात चारो ओर क्रिसमस का उल्लास छा गया। खुशियों के इस त्योहार में ईसाई समुदाय के लोगों के साथ सभी वर्ग के लोग शामिल होकर शांति और भाईचारे का संदेश दिया। रात 12 बजे से ही दुमका शहर और आसपास के कस्बों एवं गांवों में गिरिजाघरों में प्रार्थना हुई। सोमवार को सुबह सभी गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा हुई। जिसमें अच्छी संख्या में ईसाई समुदाय के लोगों ने भाग लिया। प्रार्थना सभा में धर्मगुरू ने प्रभु यीशु की महिमा और उनके उपदेशों का वर्णन किया। धार्मिक गीत गाए गए। क्रिसमस के अवसर पर जगह-जगह नृत्य संगीत का भी आयोजन हुआ। सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर शहर के रोमन कैथोलिक चर्च, संत पॉल चर्च दुधानी, एनईएलसी चर्च डंगालपाड़ा, बंदरजोरी चर्च, संत मेरी चर्च निराला कोठी, सीएनआई (चर्चेज ऑफ नॉर्थ इंडिया) संत अंद्रियास चर्च खूंटाबांध के साथ ही शहर के कई गिरिजाघरों में सुबह से ईसाई धर्मावलंबियों का तांता लगा रहा।

# दिवंगत नेता साइमन की जयंती पर प्रार्थना सभा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**हिरणपुर (पाकुड़ )।** झामुमो के संस्थापक सदस्य सह पूर्व मंत्री दिवंगत साइमन मरांडी की जयंती पर सोमवार को हिरणपुर स्थित विधायक आवास में प्रार्थना सभा आयोजित हुई। जहाँ विधायक दिनेश मरांडी , एगलिना टुडू सहित उपस्थित लोगों द्वारा दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्पसुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दिवंगत नेता की 25 दिसम्बर 1947 को लिट्टीपाड़ा अंतर्गत डुमरिया में जन्म हुआ था। जो संथाल परगना क्षेत्र के काफी लोकप्रिय जननेता के रूप में उभरे। वर्ष 1977 को इस विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय रूप से विजयी होकर पहली बार विधायक बने। इसके बाद वर्ष 1980 को झामुमो की गठन में अग्रणी भूमिका निभाई। राजनैतिक सफर में दिवंगत नेता दो बार राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद व चार बार विधायक चुने गए। इसके बाद इनके धर्मपत्नी सुशीला हांसदा चार बार विधायक बनी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी संख्या



में लोग उपस्थित थे। जहाँ फादर ने प्रभु यीशु की स्मरण करते हुए प्रार्थना किया। वही दिवंगत नेता की तस्वीर पर पुष्पसुमन अर्पित किया गया। विधायक ने बताया कि पिताजी अपने राजनैतिक जीवन मे हमेशा गरीब, असहाय लोगो की मसीहा बनकर खड़े रहे। इनके सपनो को पूरा करने का अथक प्रयास किया जा रहा है।

### बीड़ी पता लदा ट्रक अनियंत्रित होकर घुसा घर में, घर क्षतिग्रस्त

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क नवाडीह के समीप एक बीड़ी पत्ता लदा ट्रक सीजी 19 बीएफ 0864 अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे नवाडीह निवासी सुशील मड़ैया का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है जिस समय गाड़ी पलटी मारा उस समय घर में कोई व्यक्ति नहीं था। गृह स्वामी अपना ससुराल दुमका गया हुआ था। पड़ोसी के सूचना पर सुबह घर पहुंचा तो देखा कि घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया सारा सामान मिट्टी में दब गया। जानकारी के अनुसार ट्रक संख्या सीजी 19 बीएफ 0864 दुमका की ओर पाकुड़ जा रहा था।वहीं मौके देख चालक भागने में सफल रहा। गृह स्वामी ने बताया मिट्टी का घर था किसी तरह हम सभी परिवार रहते थे खाने पीने का सारा समान भी था,अब कुछ नहीं बचा। उन्होंने प्रशासन से उचित मुवावजे की मांग किया हैं। इधर लिट्टीपाड़ा पुलिस को सूचना मिलते ही आगे की कारवाई में जुट गए हैं।

## पेज 1 का शेष

### क्रिसमस पर पीएम...

**ईसा मसीह का संदेश मेरा पथप्रदर्शक :** पीएम मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था। उन्होंने एक समावेशी समाज के लिए काम किया जहां न्याय सभी के लिए हो। पीएम ने कहा कि ये मूल्य उनकी सरकार की विकास यात्रा में मार्गदर्शक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी दर्शन के स्रोत माने जाने वाले उपनिषदों ने भी बाइबिल की तरह पूर्ण सत्य को साकार करने पर ध्यान केंद्रित किया है। पीएम ने देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने कहा, मेरी कामना है कि त्योहारों का यह मौसम सभी के लिए खुशी, शांति और समृद्धि लेकर आये।

### सरकार निर्मल दा...

**उनका संदेश आज भी जीवित है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज वो हमारे बीच सशरीर नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी कर्मठता और राज्य के प्रति उनकी संवेदनाएं और संदेश आज भी जिंदा है। बचपन में हमने उनको बहुत करीब से देखा, उनसे काफी प्रभावित रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज हमारी सरकार एक-एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी है। राज्य अलग होने के बाद पहली बार गांव के लोग वर्तमान सरकार के प्रति अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। रांची जिला झामुमो की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि पहली बार इंडिया गठबंधन की सरकार ने शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने की। इस मौके पर सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, सीएम आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, समनूर मंसूरी, अंतु तिर्की, अफरोज अंसारी, डॉ हेमलाल मेहता, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, बीरु साहू, लाल जय कुमार नाथ शाहदेव, आदिल इमाम, मृत्युंजय सिंह, संजय राय, रमेश साहू, मंटू लाला, आफताब आलम, डॉ तालकेश्वर महतो, कुदूस अंसारी, जीत गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यकर्ता इस मौके पर शहीद निर्मल महतो अमर रहे के नारे लगा रगे थे।

### पारा शिक्षक समेत...

**बड़े अपराध की कर रहे थे प्लानिंग :** लातेहार एसपी ने बताया कि जेजेएमपी के सक्रिय समर्थक कमलेश सिंह उर्फ गुरुजी के घर पर ही जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा और सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू अपने हथियार बंद दस्ते के साथ जमा था। उनके साथ गिरोह के सदस्य जितेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी, प्रभात जी, सूरज कुमार लोहरा, अनिल लोहरा भी था। सभी लोकल ठेकेदारों से लेवी वसूलने की प्लानिंग कर रहे थे। लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में बनी टीम ने पारा टीचर कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु जी के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। जिसमें तीनों उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। सुप्रीमो पप्पू लोहरा, सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू समेत अन्य सदस्य भागने में सफल रहे। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हथियार और कई अन्य सामग्री भी बरामद की गयी। सभी उग्रवादियों को को जेल भेज दिया।

### राज्य के सभी...

धनबाद मंडल कारा में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के बाद जिला प्रशासन जेल में लगातार छापेमारी कर रहा है। सोमवार को एक बार फिर से उपायुक्त वरुण रंजन के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम जेल में छापेमारी करने पहुंची। जेल के अंदर कैदियों को सही ढंग से खाना, साफ-सफाई की व्यवस्था इत्यादि सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, उसकी जांच की गयी। इसके साथ ही हर वार्ड को भी खंगाला गया। मेदिनीनगर के केंद्रीय कारा में डीसी शशि रंजन के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। तीन घंटे से अधिक समय तक चली इस छापेमारी अभियान में केंद्रीय कारा के सभी वार्डो, सेलों, कैंटीन समेत अन्य एरिया का सघन निरीक्षण किया गया। हालांकि इस दौरान किसी तरह का कोई भी आपतिजनक सामान बरामद नहीं हुआ। जेल के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। साहिबगंज डीसी और एसपी के नेतृत्व जेल में भी छापेमारी की गयी। जेल का कोना-कोना खंगाला गया। शौचालयों में भी जांच की गयी। अधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जेल पहुंचे। करीब ढाई घंटे चले इस जांच ऑपरेशन में जेल का कोना-कोना खंगाला गया। कैदियों ने रोजाना मिलने वाले भोजन के मामले में पूर्व में कोई शिकायत की थी।

### आजकल सब...

वह गठबंधन से नाराज नहीं हैं। मेरी नाराजगी को लेकर बहुत सारी खबरें चलायी जा रही है, सब बिल्कुल गलत बात है। मैं क्यों नाराज रहूंगा। मेरी तो कोशिश रही है कि सभी विपक्षी दल साथ आयें ताकि 2024 में भाजपा को हरा सके। हम तो हमेशा से कहते रहे हैं कि हमारी कोई इच्छा नहीं है, बस सब लोग मिल-जुलकर एक साथ चुनाव लड़ें और जल्दी से सब काम हो।

### अब कानून बने...

**मॉब लिंचिंग पर कैद या फांसी :** अगर 5 या इससे ज्यादा लोगों का समूह किसी की जाति, समुदाय, भाषा और जेंडर के आधार पर हत्या करता तो हर दोषी को मौत या कारावास की सजा दी जायेगी। वहीं, इस मामले से जुड़े दोषी को कम से कम 7 साल की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। **भगौड़ों की अनुपस्थिति में ट्रायल :** भगौड़े देश में हों या नहीं, दोनों की मामलों में ट्रायल जारी रहेगा। उनकी सुनवाई होगी और सजा सुनायी जायेगी। **मौत की सजा को आजीवन कारावास में :** नये बिल में एक बड़ा प्रावधान यह भी जोड़ा गया है कि अगर दोषी को मौत की सजा दी जाती है तो उसकी सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकेगा। **कोर्ट देगा कुर्की का आदेश :** अगर किसी मामले में संपत्ति की कुर्की होती है तो उसका आदेश कोर्ट देगा, पुलिस का कोई अधिकारी नहीं। **ऑनलाइन मिलेगी मुकदमों की जानकारी :** आम इंसान को एक क्लिक पर मुकदमों की जानकारी मिल सकेगा, इसलिए 2027 तक देश की सभी कोर्ट को ऑनलाइन कर दिया जाएगा

# भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

### सफाई कर्मी को सम्मान और अस्वस्थ को बांटा फल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पाकुड़।** जिला अध्यक्ष अमृत पांडे के अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर पाकुड़ नगर स्थित अटल चौक पर स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर भाजपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, पूर्व विधायक बेनी प्रसादगुप्ता, अनुग्राहित प्रसाद साह, विवेकानंद तिवारी, बाबूधन मुर्मू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा मरांडी, जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय, पंकज कुमार साह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।सुशासन दिवस पर पाकुड़ नगर के व्याहुत भवन स्थित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने कहा कि मूल्यों और आदर्शों की राजनीति के साधक, प्रखर वक्ता, उत्कृष्ट कवि पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। आपका ऋषियों जैसा जीवन सभी राष्ट्र आराधकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद शर्मा ने संगोष्ठी में उनके जीवन पर प्रकाश डाला।



प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 99वीं जयंती पर उनकी तस्वीर में भाजपा कार्यकताओं ने सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया.कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष आशीष हेम्ब्रम की अगुवाई में की गई.वही कार्यकताओं ने बारी बारी से तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया.मौके पर उपस्थित राजमहल लोकसभा संयोजक संजीव कुमार उर्फ बबलू भगत,मंडल अध्यक्ष आशीष हेम्ब्रम,विजय भगत (नुनु),सुनिल मंडल, शिवशंकर पंडित,कन्हैया भगत,शैलेन्द्र भगत,प्रदीप राय, संतोष जयसवाल,विजय भगत,उदय भगत,रंजीत कुमार,नीतीश कुमार,राज आनंद के अलावे दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### धूमधाम से लोगों ने मनाया क्रिसमस

**हिरणपुर।** मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में सोमवार को क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं तोड़ाई स्थित लिटिल फ्लावर चर्च में रविवार देर रात प्रार्थना सभा के बाद प्रभु यीशु मसीह के जन्म के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। रात्रि में 12 बजते ही क्रिसमस की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। जो सुबह तक चला। वहीं सोमवार सुबह फादर एमानवेल मुर्मू के नेतृत्व में एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस दौरान फादर ने कहा कि प्रभु यीशु का जन्म गोशाला में मरियम के गर्भ से हुआ। वो मानव जाति को प्रेम करते हैं और पाप से मुक्ति दिलाते हैं। परमेश्वर ने जगत से प्रेम किया और अपने इकलौते पुत्र को प्रभु यीशु के रूप में धरती पर भेजा। वह सभी जाति धर्म, मजहब के लोगों को समान रूप से प्यार करते हैं। इस बीच चर्च प्रांगण में बनाई गई झोपड़ी में सजाई गई प्रभु यीशु की झांकी का दर्शन कर लोगों ने कैंडल जलाया और प्रार्थना की। मौके पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज पोरेयाहट भाजपा मंडल कार्यालय में भी पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय भारत रत्न स्व० अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई उनके तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेंद्र नाथ सिंह और जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजीव भगत उर्फ डब्लू भगत जी मंडल उपाध्यक्ष बिनोद भगत, सक्रिय भाजपा कार्यकर्त्ता श्री कांत साह आदि उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया वाजपेयी जी का जयंती

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड स्थित बाबा महेश्वर नाथ मंदिर के समीप सोमवार को भाजपा प्रखंड इकाई के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यकर्ताओं ने उनके जन्म दिवस पर उनके जीवन का अनुसरण करने एवं आज के दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने उनके जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर सांसद अनिल यादव, प्रदीप यादव, बालमुकुंद सिंह, मनोज भगत समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झाड़-फूंक करने वाले तथाकथित बाबा का इलाज के नाम पर लग रहा है जनता दरबार

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में पिछले कुछ महीनों से तंत्र मंत्र से झाड़ फुंक व इलाज करने वाले एक तथा कथित बाबा का अवैध रूप से दरबार लगता है। जहां पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में महिला - पुरुष अपनी समस्या को लेकर बाबा के पास पहुंच रहे हैं। लेकिन रविवार को काफी भीड़ होती है। उक्त बाबा का यह दरबार गैरकानूनी ढंग से लगता है। जिस पर प्रशासन का कोई ध्यान नही है। यह सभी जानते हैं कि अंधविश्वास फैलाना कानूनन अपराध है। इसके बावजूद भी लोगों में जागरूकता नहीं है। अंधविश्वास के चक्कर में लोग फंसते जा रहे हैं, जिससे उनका समय व पैसा भी बेवजह बर्बाद हो रहा है।

# जयंती पर याद किये गये पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। जिला कार्यालय में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश से नियुक्त प्रभारी भाजपा जमुआ के विधायक केदार हाजरा शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केदार हाजरा ने बताया की अटल बिहारी वाजपेई का जीवन कार्यकताओं के लिए एक आदर्श समान है। अटल बिहारी बाजपेई प्रखर वक्ता के रूप में, एक कवि के रूप में, नेता के रूप में अपनी अमिट छाप बनाई थीं। उनका कार्यकाल को हम लोग सुशासन दिवस के रूप में मनाते हैं। आज उन्हीं के बने रास्ते पर चलकर इस देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्य कर रहे हैं एकात्मक मानववाद और अंत्योदय का जो सपना उन्होंने देखा था उसे एक-एक कर कर प्रधानमंत्री पूरा कर रहे हैं। श्री हाजरा ने कहा अटल जी जननायक भी थे वह भारत की करोड़ जनता के हृदय पर राज करते थे और राजनीति के ऐसे आजाद शत्रु थे जिन्होंने पक्ष विपक्ष की भावना से ऊपर उठकर, समभाव और सामंजस्य की एक नई मिसाल कायम की थी। कार्यक्रम के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एलईडी टीवी के माध्यम से अटल जी के समय किए महत्वपूर्ण कार्यों की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म को भी देखा। संगोष्ठी कार्यक्रम में अटल जी के द्वारा लिखे गए महत्वपूर्ण कविताओं का पाठ भी दुमका के जाने-माने युवा कवि अंजनी शरण एवं दुष्यंत जी के द्वारा पढ़कर उपस्थित लोगों को सुनाया गया।



दुमका ग्रामीण मंडल मे जिला कार्यसमति सदस्य नीरज प्रासद भंडारी के अध्यक्षता मे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती के अवसर पर मुड़ाबहाल अटल चौक मे माल्यार्पण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से मौजूद रहे प्रदेश कार्यसमती सदस्य निवास मंडल, भाजपा वरिष्ट नेता मुकेश अग्रवाल, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित रक्षित, गौतम झा, श्याम चंद्र राय एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनी

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज द्वारा ग्राम चांदेडीह स्थित परमेश्वर राणा के आवास पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति स्व. ज्ञानी जैल सिंह की 29वीं पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष सुभाष राणा तथा संचालन जिला महासचिव सुखदेव राणा ने किया। इस पुण्यतिथि में लोगों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया तथा सामाजिक संगठन एवं शिक्षा पर विशेष चर्चा की गई। वहीं जिला अध्यक्ष सुभाष राणा ने कहा कि शिक्षा ही मूल ान है एवं पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के मार्गदर्शन पर संघर्ष कर चलने को कहा। इस मौके पर कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष शंकर राणा को चुना गया।

